सोना-73,900
चांदी- 85,500
तिथि-चैत्र, शुक्ल, सप्तमी
शेयर मार्केट- 74,244
निफ्टी- 22,519
अधिकतम -38 °c
न्यूनतम -25 °c

लखनऊ से प्रकाशित एवं उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों से एक साथ प्रचारित

चर्चित राजनीति

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
-: सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र :-

www.charchitrajnit.com | वर्ष - 20 अंक-142 आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2004/14385 | लखनऊ, सोमवार 15 अप्रैल, 2024 | पृष्ठ-8 | मूल्य : दो रुपये

भाजपा का घोषणा पत्र जारी, पीएम बोले-ट्रांसजेंडर को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाया जाएगा



चर्चित राजनीति। एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने आज राष्ट्रीय राजधानी में आगामी लोकसभा चुनावों के लिए अपना घोषणापत्र जारी किया। पीएम मोदी ने बीजेपी का संकल्प पत्र जारी होने के बाद कहा, आज बहुत ही शुभ दिन है।

देश के कई राज्यों में इस समय नववर्ष का उत्साह है। आज नवरात्रि के छठे दिन हम सभी मां कात्यायनी की पूजा करते हैं और मां कात्यायनी अपनी दोनों भुजाओं में कमल धारण किए हुए हैं। ये संयोग भी बहुत बड़ा आशीर्वाद है। संकल्प पत्र के जारी होने पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, भाजपा ने

- **हमारा फोकस सम्मानपूर्वक और गुणवत्तापूर्ण जीवन पर और निवेश से नौकरी पर है : मोदी**

मेनिफेस्टो की सुचिता को फिर स्थापित किया है। ये संकल्प पत्र विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ-युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब और किसान, इन सभी को सशक्त करता है। हमारा फोकस सम्मानपूर्वक और गुणवत्तापूर्ण जीवन पर और निवेश से नौकरी पर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पार्टी का संकल्प पत्र बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती के दिन जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन की योजना आने वाले पांच साल तक जारी रहेगी। उन्होंने कहा, ''हम ये सुनिश्चित करेंगे कि गरीब के भोजन की थाली पोषणयुक्त हो, उसके मन को संतोष देने वाली हो और किफायती हो। पीएम मोदी ने कहा, बुजुर्गों की सबसे बड़ी चिंता यह है कि वे अपनी बीमारियों का इलाज कैसे कराएंगे।

मध्यम वर्ग के लिए यह चिंता और भी गंभीर है। भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। उन्होंने कहा, 70 साल से ऊपर (शेष पृष्ठ 7 पर)

बीजेपी का खुला पिटारा, गिनाये संकल्प

चर्चित राजनीति। संवाददाता

- **किसानों के लिए मोदी की गारंटी, महिलाओं खातिर लखपति दीदी योजना खास**

लखनऊ। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में बीजेपी ने संकल्प पत्र यानि चुनावी घोषणापत्र जारी किया। घोषणापत्र को बीजेपी ने संकल्प पत्र का नाम देती है। यह घोषणापत्र 24 भागों में बांटा गया है। लखनऊ के सांसद और देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में बनी समिति की देखरेख में संकल्प पत्र बना है। बीजेपी ने 2024 के चुनाव के लिए संकल्प पत्र में कई वादे किए हैं जिसमें मुफ्त राशन, गैस कनेक्शन, पानी, पीएम सूर्य घर से जीरो बिजली बिल जैसे वादे शामिल हैं।

बीजेपी ने मोदी की गारंटी में देशवासियों से वादा किया है कि युवाओं के लिए इनवेस्टमेंट, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टार्टअप, खेल, हाई वेल्यू सर्विस और पर्यटन के लिए नए मार्ग खुलेंगे। बीजेपी ने अपने संकल्प पत्र में पारदर्शी (शेष पृष्ठ 7 पर)

मुख्यमंत्री ने की बीजेपी के संकल्प पत्र की सराहना बोले-यह पत्र मोदी की गारंटी का प्रमाण पत्र है

लखनऊ, चर्चित ब्यूरो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यानी रविवार को पार्टी के बड़े नेताओं की मौजूदगी में लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) का 'संकल्प पत्र जारी किया। इस घोषणा पत्र के जारी होने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसकी प्रशंसा की। उन्होंने कहा, भाजपा के संकल्प पत्र के मूल में भारत है। नेशन फस्ट उसका विजन है।

राष्ट्रवाद उसका दर्शन है, विकसित भारत उसका लक्ष्य है। इसमें 140 करोड़ देशवासियों की सेवा का प्रण है। सीएम योगी ने कहा, भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र में राष्ट्र की समृद्धि का विजन, अंत्योदय का दर्शन, सुशासन का मंत्र, गरीब कल्याण का संकल्प, विकसित भारत का लक्ष्य निहित है। यह संकल्प पत्र मोदी की गारंटी का प्रमाण पत्र है। देश की (शेष पृष्ठ 7 पर)

कांग्रेसी कहते थे, राम हुए ही नहीं अब कहते हैं-राम सबके : योगी

चर्चित राजनीति। ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को अपनी जन्मभूमि की लोकसभा सीट पर चुनावी समर में उतरे। उन्होंने लोगों से भावनात्मक संवाद भी किया तो देवभूमि उत्तराखंडवासियों से कमल खिलाने का आह्वान भी।

गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र के एनआईटी श्रीनगर में विजय संकल्प रैली में मुख्यमंत्री योगी ने भाजपा उम्मीदवार अनिल बलूनी के लिए जनसमर्थन मांगा। कांग्रेस मुख्यमंत्री योगी के निशाने पर रही। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कांग्रेस कहती थी कि राम हुए ही नहीं। जब 500 वर्ष का इंतजार समाप्त करके अयोध्या में आज प्रभु राम का मंदिर बन गया तो कांग्रेसियों के स्वर बदल गए, वे अब कहते हैं कि राम सबके हैं। यह कांग्रेसी बहुरूपिये हैं। वे कहते थे देश के संसाधन पर पहला अधिकार मुसलमानों का है तो फिर 1947 में विभाजन क्यों कराया। यह सवाल किसी ने कांग्रेसियों से क्यों नहीं पूछा। मुख्यमंत्रीने विश्वास दिलाया कि उत्तर प्रदेश लोकसभा की सभी 80 सीट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले करने जा रहा है।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज अपनी जन्मभूमि की लोकसभा सीट पर संवाद (शेष पृष्ठ 7 पर)

अयोध्या की तर्ज पर होगा हरिद्वार का विकास : योगी

मजबूर नहीं मजबूत हाथों में है देश, हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र में की विजय संकल्प रैली

लखनऊ, चसं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि आज देश मजबूर नहीं बल्कि मजबूत हाथों में है। ये चुनाव नेशन फर्स्ट और फैमिली फर्स्ट की सोच वालों के बीच में है। आज सारा देश इस बात को कह रहा है कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे और जिस कांग्रेस ने श्रीराम के अस्तित्व को नकारा, हम उसको नकारेंगे। योगी आदित्यनाथ रविवार को रुढ़की में हरिद्वार लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के समर्थन में आयोजित विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के राजनीतिक जीवन (शेष पृष्ठ 7 पर)

संक्षिप्त समाचार

तेज रफ्तार कार ट्रक में घुसी 2 बच्चों समेत 7 जिंदा जले

सीकर, एजेंसी। राजस्थान के सीकर जिले में रविवार को एक तेज रफ्तार कार और ट्रक की टक्कर में तीन महिलाओं और दो बच्चों समेत सात लोगों की झुलसकर मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक (फतेहपुर सर्किल) रामप्रताप बिश्नोई ने बताया कि कार में सवार सात लोग सालासर बालाजी मंदिर से हिसार की ओर जा रहे थे कि फतेहपुर कोतवाली थाना क्षेत्र की आर्शीवाद पुलिया के पास कार ने ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी, जिसके बाद वाहन में आग लग गई। अधिकारी ने बताया कि कार सवार लोग उत्तर प्रदेश के मेरठ के रहने वाले थे। उन्होंने बताया कि आग लगने से कार के दरवाजे नहीं खुल पाये और कार में सवार तीन महिलाओं, दो बच्चे और दो पुरुष की झुलसकर मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान के प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि ट्रक और कार में लगी आग को बुझाने के प्रयास किये जा रहे है।

सरकार बनी तो पश्चिमी उत्तरप्रदेश होगा अलग राज्य : मायावती

मुजफ्फरनगर, एजेंसी। चुनावी सभा करने के लिए बसपा सुप्रीमो रविवार को मुजफ्फरनगर पहुंची, जहां जनता संबोधित करने हुए उन्होंने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि हमारी सरकार बनने पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य घोषित किया जाएगा। आपको बता दें कि इसके साथ मायावती ने यह कहा है कि उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच भी स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी कहने में कम करने में ज्यादा विश्वास करती है, इसलिये घोषणा पत्र जारी नहीं करते हैं। पिछले कुछ समय से केन्द्र और राज्यों में बीजेपी की सरकार है, बीजेपी की सरकार में जांच एजेंसी का राजनीतिकरण हो रहा है।

इनकी सरकार मे जातिवाद और सांप्रादायवाद फैला है। इनकी सरकार मे नाटकबाजी जुमलेबाजी और गांरटी काम वाली नहीं है। बीजेपी सरकार की सोच जातिवादी है। पश्चिमी यूपी में जो विरोधी पार्टी के लोग हैं वह प्रचार करते थे ये पार्टी अपरकास्ट की विरोधी है।

प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी 24 कैरेट सोने की तरह : राजनाथ

चर्चित राजनीति। एजेंसी

नयी दिल्ली। भाजपा ने रविवार को प्रधानमंत्री मोदी, पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और रक्षा मंत्री राजनाथ की उपस्थिति में अपना चुनावी घोषणापत्र-संकल्प पत्र जारी किया। घोषणापत्र के लॉन्च से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी मुख्यालय में नेताओं की सभा को संबोधित किया और कहा बीजेपी ने अपने वादों को पूरा करके लोगों के बीच विश्वसनीयता अर्जित की है और पीएम मोदी की गारंटी को 24 कैरेट सोने की तरह देखा जाता है।

राजनाथ सिंह ने यहां पार्टी के 'संकल्प पत्र' को जारी करने के मौके पर कहा कि भाजपा के घोषणापत्र को विश्व राजनीति में 'स्वर्ण मानक के रूप में देखा जाता है। उन्होंने अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान हटाए जाने और राम मंदिर के निर्माण के अलावा केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए विकास के विभिन्न कदमों का जिक्र करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी ने अपने सभी वादे पूरे किए हैं। सिंह लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष हैं।



उन्होंने कहा कि समिति को 15 लाख से अधिक सुझाव प्राप्त हुए हैं। राजनाथ ने कहा बीजेपी की कथनी और करनी में कभी कोई अंतर नहीं रहा है और यही विश्वसनीयता उसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होने कहा, हमें गर्व है कि भाजपा अपने संकल्प पत्र के प्रत्येक वादे को पूरा करती है। जो हम कहते हैं, वो हम करते हैं। हमारी कथनी और करनी में कभी कोई अंतर नहीं रहा। न केवल भाजपा के लोग बल्कि देश के नागरिक इस पर विश्वास करने लगे हैं। यही विश्वसनीयता हमारी सबसे बड़ी ताकत है। रक्षा मंत्री ने कहा, ष्पांच साल पहले- 2019 में -घोषणा पत्र में, जिसे हम संकल्पित भारत, सशक्त भारत के आह्वान के साथ लाए थे,

- **भाजपा के कथनी-करनी में नहीं है फर्क : राजनाथ**

हमने अपनी आजादी के 75 साल पूरे होने पर भारत का विचार प्रस्तुत किया था और साथ ही 2047 के भारत का ब्लूप्रिंट भी। उसी भावना के अनुरूप हमने 5 साल का संकल्प बनाया था। मुझे आपको बताते हुए खुशी हो रही है कि 2019 में हमने विकास और जनकल्याण के लिए जो भी संकल्प लिए थे, उन्हें 2024 तक सफलतापूर्वक पूरा किया।

साधारण नौजवान नहीं हैं चिराग पासवान

जमुई (बिहार), एजेंसी। लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार के जमुई जिले में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं कई बार जमुई में जनसभा को संबोधित कर चुका हूं। रामविलास पासवान मेरे ही कहने पर एनडीए में शामिल हुए थे। आज उनकी कमी मुझे महसूस हो रही है। रामविलास पासवान जो अपनी विरासत चिराग पासवान को देकर गए हैं। राजनाथ (शेष पृष्ठ 7 पर)

भाजपा के मेनिफेस्टो से गायब हैं, बेरोजगारी और महंगाई : कांग्रेस

नयी दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को जारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के घोषणापत्र को बयानबाजी से भरा जुमला पत्र करार दिया। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि मोदी की गारंटी जुमलों की वारंटी है, क्योंकि वह पूर्व में किए गए वादों को पूरा करने में नाकाम रहे हैं। वहीं राहुल गांधी ने कहा कि युवा इस बार मोदी के झांसे में नहीं आने वाला, अब वो कांग्रेस का हाथ मजबूत कर देश में 'रोजगार क्रांति' लाएगा। कांग्रेस ने कहा कि वह अब 2047 के बारे में बात करके मुद्दा ही बदल दे रहे हैं।

बीजेपी के मेनिफेस्टो को लेकर राहुल गांधी ने मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी के भाषण से दो शब्द गायब हैं- महंगाई और बेरोजगारी। लोगों के जीवन से जुड़े सबसे अहम मुद्दों पर भाजपा चर्चा तक नहीं करना चाहती। इंडिया का प्लान बिलकुल स्पष्ट है - 30 लाख पदों पर भर्ती और हर शिक्षित युवा को 1 लाख की पक्की नौकरी। युवा इस बार मोदी के झांसे में नहीं आने वाला, अब वो कांग्रेस का हाथ मजबूत कर देश में 'रोजगार क्रांति' लाएगा। खरगे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने अपने कार्यकाल के दौरान कोई ऐसा बड़ा काम नहीं किया (शेष पृष्ठ 7 पर)

सलमान खान के घर पर हुई फायरिंग, रिपोर्ट दर्ज

चर्चित राजनीति। एजेंसी।

मुम्बई। बॉलीवुड के दबंग खान को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। आज सुबह 4.50 पर भाईजान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर दो अंजान शख्स ने कई राउंड फायरिंग की है। भारी सिक्योरिटी होने के बाद भी भाईजान के घर के बाहर जाकर फायरिंग हुई है। ऐसे में यह खबर सुनने के बाद सलमान खान के फैंस काफी परेशान हो गए हैं। लेकिन आपको बता दें कि यह कोई पहली बार नहीं है जब एक्टर के ऊपर हमला हुआ हो। इससे पहले भी भाईजान को कई बार जान से मारने की धमकी मिल चुकी है।

मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम

रिपोर्ट्स की मानें तो सुबह 4.50 पर दो अंजान लोगों ने सलमान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर से 3-4 बार राउंड हवाई फायरिंग की है। अज्ञात शूटर बाइक से आए थे और फिर हवा में फायरिंग करके भाग गए। दोनों ने हेलमेट पहना था जिसके कारण उनका चेहरा नहीं दिख पाया है लेकिन मामले की जांच के लिए भाईजान के घर फॉरेंसिक टीम पहुंच चुकी है।

बढ़ाई गई सुरक्षा

दोनों अज्ञात शख्सों ने भाईजान के अपार्टमेंट को निशाना बनाया है। वहीं दीवार पर भी गोलियों के निशान मिले हैं जिसके बाद पुलिस और फारेंसिक टीम जांच में जुट गई है। क्राइम ब्रांच और स्थानीय पुलिस की टीम ने घटनास्थल का दौरा भी किया है। हालांकि यह गोलियां किसने चलाई ये अभी पता नहीं चल पाया है लेकिन सलमान खान पर आए खतरे को देखते हुए उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यह कोई पहली बार नहीं है जब सलमान को जान से मारने की धमकी मिली हो। इससे पहले भी कई सालों से गैंगस्टर गोल्डी बराड़ और लॉरेंस बिश्नोई की ओर से उन्हें कई धमकी भरे पत्र और जान से मारने की धमकियां मिल चुकी हैं।

ईरान ने इजराइल पर 300 से अधिक मिसाइलें और ड्रोन दागेय दुनिया की टेंशन बढ़ी

तेल अवीव, एजेंसी। ईरान ने एक अप्रत्याशित कदम उठाते हुए रविवार तड़के इजराइल पर हमला कर दिया और उस पर सैंकड़ों ड्रोन, बैलेस्टिक मिसाइल तथा क्रूज मिसाइल दागीं। एक सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइल दागी गई जिनमें से 99 प्रतिशत को हवा में ही नष्ट कर दिया गया। ईरान के इस हमले ने पश्चिम एशिया को क्षेत्रीय युद्ध के करीब धकेल दिया है। हमले के बाद से इजराइल में हर कहीं साइरन की आवाजें सुनाई दे रहीं हैं। सीरिया में एक अप्रैल को हवाई हमले में ईरानी वाणिज्य दूतावास में दो ईरानी जनरल के मारे जाने के बाद ईरान ने बदला लेने का प्रण लिया था।

ईरान ने इस हमले के पीछे इजराइल का हाथ होने का आरोप लगाया था हालांकि इजराइल ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी। इस बीच नेतन्याहू ने चेतावनी देते हुए कहा था, जो कोई भी हमें नुकसान पहुंचाएगा, हम उन्हें नुकसान पहुंचाएंगे। अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र , फ्रांस, ब्रिटेन आदि देशों ने इजराइल पर ईरान के हमले की निंदा की है। फ्रांस ने कहा कि ईरान संभावित सैन्य हमलों का खतरा बढ़ रहा है। ब्रिटेन ने इस हमले को 'फिजूल करार दिया। (शेष पृष्ठ 7 पर)

भागीरथी एन्क्लेव आरडब्लूए के साथ चाय पे चर्चा, विधायक ने लाइब्रेरी के लिए उपलब्ध कराई 170 किताबें

एक किताब, एक कलम और एक युवा दुनिया बदलने की ताकत रखता है : डॉ. राजेश्वर

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के अवध विहार योजना के अंतर्गत भागीरथी इन्क्लेव के रेजिडेंट वेलफेयर एसोशिएशन के सदस्यों संग रविवार को सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने चाय पे चर्या की। चाय पे चर्चा के दौरान विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और सरोजनी नगर के विकास सम्बन्धी विषयों पर चर्चा हुई। विधायक राजेश्वर सिंह ने भागीरथी एन्क्लेव में बच्चों एवं सभी सदस्यों के ज्ञान वर्धन के लिए सामाजिक, इतिहास, विज्ञान जैसे सभी विषयों सम्बंधित 170 से अधिक पुस्तकें उपलब्ध कराई। इस सम्बन्ध में डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि एक पेन, एक किताब और एक छात्र दुनिया बदलने की ताकत रखता है। किताबें अपने भीतर पूरी दुनिया समेटे रहती हैं इसलिए, किताबे किसी को दिया जाने वाला सबसे अच्छा उपहार हैं, विधायक ने कहा कि मेरा लक्ष्य सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के सभी 104 आरडब्लूए को पुस्तकें उपलब्ध करवाकर लाइब्रेरी स्थापित करना है।

इस दौरान सरोजनीनगर विधायक ने युवा खिलाडियों को क्रिकेट किट भी उपलब्ध कराई, सरोजनी नगर को आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाने के लिए प्रयासरत डॉ. राजेश्वर सिंह अपनी विधानसभा क्षेत्र के सभी वर्गों को निरंतर संसाधन उपलब्ध करवा रहे हैं, डॉ. सिंह ने सोलर ऊर्जा के उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि सरोजनी नगर सोलर विधानसभा क्षेत्र के रूप में स्थापित हो रहा है, अबतक 750 सोलर लाइट उपलब्ध करायी गयी है। सरोजनीनगर विधायक ने आरडब्लूए सदस्यों को प्रेरित करते हुए कहा की सभी आरडब्लूए को कम से कम एक गांव गोद लेकर उनमें सुविधाओं का (शेष पृष्ठ 7 पर)

बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का कांग्रेस ने सदैव किया अपमान, भाजपा ने हमेशा दिया सम्मान

चर्चित राजनीति। संवाददाता

रायबरेली। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश मंत्री,पूर्व राज्य मंत्री स्तर चेयरमैन एवं रायबरेली 36-लोकसभा प्रभारी के वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि कांग्रेस ने बाबासाहब डा0भीमराव अंबेडकर जी का सदैव अपमान किया है जबकि भाजपा ने अवसर मिलने पर उनको सदैव सम्मान दिया है।

उक्त बातें आज डॉ. अंबेडकर जयंती पर भाजपा द्वारा प्रत्येक बूथ पर समरसता दिवस के रूप में आयोजित कार्यक्रम में कहा है। लोकसभा प्रभारी वीरेन्द्र तिवारी आज रायबरेली लोकसभा क्षेत्र की सदर विधान सभा क्षेत्र में प्रकाश नगर शक्ति केन्द्र के बूथ नं.-139 अनुसूचित बस्ती अस्पताल कालोनी में डा0अंबेडकर जी की जयंती पर भाजपा की बूथ समिति द्वारा आयोजित समरसता दिवस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि आजादी की लड़ाई लड़ने के साथ ही आजाद भारत का संविधान बनाने में डॉ. अंबेडकर जी की अहम भूमिका रही है इसके बावजूद कांग्रेस सरकारों ने अन्य लोगों को यह सम्मान दिया लेकिन उनका सम्मान नहीं किया जोकि इस सम्मान के काबिल थे।

उन्होंने कहा कि 31 मार्च 1990 को भाजपा की माँग पर श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी जी की प्रबल माँग और दबाव बनाने पर भाजपा समर्थित वीश्वपीश्सिंह सरकार में मरणोपरांत डा0अंबेडकर जी को भारत रत्न दिया गया। रायबरेली लोकसभा प्रभारी वीरेन्द्र

● जयंती पर याद किये गये अम्बेडकर

तिवारी ने रायबरेली में डा0अंबेडकर जी की जयंती पर दलित बस्ती में आयोजित कार्यक्रम में उनके चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कांग्रेस पर डा0अंबेडकर जी,अनुसूचित वर्ग एवं दलित विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि यहाँ से सांसद इन्दिरा गाँधी जी भी लगातार देश की प्रधानमंत्री रही हैं और इसी के बगल की अमेठी लोकसभा से उनके पुत्र कांग्रेस के सांसद बनकर श्री राजीव गांधी जी प्रधानमंत्री रहे हैं लेकिन किसी ने भी डा0अंबेडकर जी को भारत रत्न का सम्मान देने के लायक़ नहीं समझा। श्री तिवारी ने बताया कि श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी जी के प्रधानमंत्री बनने पर संसद हाल में उनके द्वारा डा0अंबेडकर जी का तैलीय चित्र प्रतिमा लगायी गयी। उन्होंने कांग्रेस की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि गाँधी परिवार एवं कांग्रेस ने वर्षों सत्ता में रहते हुए संविधान निर्माता द्वारा निर्मित संविधान द्वारा चल रही लोकतांत्रिक व्यवस्था का संचालन करने वाले लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर संसद हाल परिसर में भी उनकी प्रतिमा तैलीय चित्र लगाकर सम्मान देने का काम नहीं किया। लोकसभा प्रभारी ने बताया कि कांग्रेस सरकारों में गरीबी हटाओ का नारा ज़ोर शोर से लगाया गया,लेकिन ग़रीबों की गरीबी तो दूर नहीं की,ग़रीब तो गरीब ही रह गया लेकिन गरीबी हटाओ का नारा देने वाले जरुर अमीर हो गये। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय अटल जी के बाद 2014 में श्री नरेन्द्र मोदी जी के भारत का प्रधानमंत्री बनने के बाद संविधान निर्माता डा0भीमराव अंबेडकर जी के जन्म स्थान मध्य प्रदेश के मुहू,अध्ययन क्षेत्र,बैरिस्टर की शिक्षा क्षेत्र लंदन,कर्म क्षेत्र,दिल्ली निवास,एवं अंतिम संस्कार स्थल को 18 करोड़ की राशि स्वीकृति करके सभी पाँचों स्थलों का भव्य निर्माण कराकर उन्हें पंच तीर्थ से सम्मानित किया गया। मोदी सरकार ने देश के ग़रीबों के सम्मान,उत्थान एवं कल्याण के लिए अनेकों लाभकारी योजनायें शुरू करके वंचितों को लाभान्वित कर सम्मान देना शुरू किया गया। डा0 भीमराव अंबेडकर जी की आज जयंती पर भाजपा द्वारा सभी बूथों पर आयोजित समरसता दिवस कार्यक्रमों के क्रम में रायबरेली 36-लोकसभा क्षेत्र की सदर विधानसभा क्षेत्र के शक्ति केन्द्र प्रकाश नगर के अन्तर्गत बूथ नं0-139 दलित बस्ती अस्पताल कालोनी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि/मुख्य वक्ता लोकसभा प्रभारी वीरेन्द्र कुमार तिवारी,लोकसभा विस्तारक श्री कामता नाथ जी,भाजपा नगर पूर्वी के मण्डल अध्यक्ष श्री अभिषेक वर्मा जी,मण्डल उपाध्यक्ष श्री अनुराग चौधरी,महामंत्री द्वय श्री अजय सिंह सोनू एवं शशिकांत शुक्ला,सन्दीप कुमार,शक्ति केन्द्र संयोजक श्री सूर्याप्रकाश विक्रम रावत,बूथ अध्यक्ष श्री पवन कुमार धानुक, श्रीमती भगवान देई, सूरज धानुक,रामलाल,उषा देवी,सहित अनुसूचित बस्ती के स्थानीय नागरिक बुजुर्ग,मातायें,बहने एवं युवा उपस्थित थे।

शिवगढ़ में निकाली गई बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की शोभायात्रा

चर्चित राजनीति। संवाददाता

शिवगढ़, रायबरेली। भारत के संविधान में सभी को एक समान एक वोट का मताधिकार दिलाने एवं महिलाओं को समान अधिकार दिलाने और भारत वासियों को क्षमता, स्वतंत्रता न्याय और शिक्षा का समान अधिकार दिलाने वाले संविधान निर्माता शिल्पकार,बोधिसत्व, सिंबल ऑफ नॉलेज,युग पुरुष,बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयन्ती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई।

बाबा साहब की जयन्ती पर भव्य शोभायात्रा निकाल कर क्षेत्र में घुमाई गई। बाबा साहब की जयन्ती पर आलोक कुमार बौद्ध के नेतृत्व में शिवगढ़ नगर पंचायत के दामोदर खेड़ा स्थित बौद्ध उपासक महासभा कार्यालय से हम भारत के लोग के तत्वावधान में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नेतृत्वकर्ता आलोक कुमार बौद्ध, कार्यक्रम संयोजक दीपक कुमार बौद्ध की अगुवाई में दामोदर खेड़ा से प्रारम्भ होकर भवानीगढ़ चौराहा, शिवली, जयचन्दपुर, बैंती, अनूप खेड़ा, देहली, बलेथा, निबडवल, बेड़ारु, लालगंज, पिण्डौली, मवइया, पासी पलिया, बबुरिहा खेड़ा, चन्दापुर, गूढ़ा, खजुरों, रंजीत खेड़ा, भौसी, निहाल खेड़ा, मेहरबान खेड़ा, अहलादगढ़ चौराहा, अम्बेडकर नगर, भवानीगढ़, बरजोर खेड़ा होते हुए पुनः बौद्ध उपासक महासभा कार्यालय दामोदर खेड़ा में आकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में शामिल तथागत बुद्ध एवं बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की भव्य झांकी व राष्ट्रव्यापी संविधान जागरूकता रथ लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा।

शोभायात्रा में शामिल बाबा साहब के अनुयायियों द्वारा लगाये जा रहे जय भीम के नारों से समूचा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर समाजसेवी मनोज कुमार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य केतार पासी, पूर्व प्रधान शैलेश रावत, पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष अवधेश रावत, बसंतलाल, जागेश्वर प्रसाद, जगजीवन भारती, अमरीश बौद्ध, खुशीराम रावत,एमएल गौतम, रामदास गौतम, सोनू होंडा, राजेंद्र कुमार, रोहित गौतम, जितेंद्र राज त्यागी,रामसजीवन, मोहित विक्रम, संदीप विद्यार्थी, बृजेश कुमार, राकेश कुमार, धर्मराज सहित हजारों की संख्या में भीम अनुयायी शामिल रहे।

अपना दल एस ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई

चर्चित राजनीति। संवाददाता

बछरावां/रायबरेली। विधानसभा बछरावां में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती विधानसभा अध्यक्ष धर्मपाल सिंह पटेल की अध्यक्षता में मनाई गई जिसमें जिला सचिव आकाश पटेल ने बाबा साहब को याद करते हुए उन्हें समाज के उपेक्षितों का भगवान कहां, उन्होंने बताया कि आज हम सब लोग बाबा साहेब के बनाए हुए संविधान की वजह से ही बोलने पढ़ने एवं लिखने के लिए स्वतंत्र हैं बाबा साहब ने जो हम सबके लिए किया है वह कोई नहीं कर सकता।

विधानसभा अध्यक्ष धर्मपाल सिंह ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर मानव नहीं मानव समाज के लिए मसीहा थे जिन्होंने हम सबको गैर बराबरी से ऊपर उठकर संविधान प्रदत्त अधिकार प्रदान किए। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष युवा मंच गौरव कुमार गौतम, सक्रिय सदस्य एडवोकेट विजय चौधरी, सक्रिय सदस्य बृजेश चौधरी, कमलेश कुमार, अनिकेत, कुलदीप, दीपांशु, अरुण, वरुण, विक्रांत , राज , सिद्धार्थ ,दीपांशु अमर, प्रकाश, नीरज, धर्मेंद्र, सचिन आदि लोग उपस्थित रहे।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार सिपाही गम्भीर रुप से घायल

शिवगढ़/रायबरेली, चसं। ड्युटी कर वापस थाने लौट रहे सिपाही को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, टक्कर से सिपाही बाइक सहित सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे जख्मी हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया जहां सिपाही की हालत गम्भीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेने के साथ ही चालक को हिरासत में ले लिया। करीब डेढ़ साल से शिवगढ़ थाने में तैनात कांस्टेबल रामआसरे कुम्भी बार्डर से ड्यूटी खत्म कर रात करीब साढ़े नौ बजे थाने लौट रहा थे तभी थाने से चंद मीटर पहले बांदा - बहराइच मार्ग पर स्थित भवानीगढ़ चौराहे पर बछरावां की ओर से जा रहे तेज रफ़्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे राम आसरे सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गए मौके पर इकट्ठे लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम कुमार पाल ने बताया कि सिपाही का हाथ फ्रैक्चर हुआ है ट्रक और चालक को पकड़ लिया गया है।

निर्माणाधीन पानी की टंकी से गिरे 2 मजदूर, एक की मौत

अमेठी, चसं। जिले में जीवन मिशन के तहत निर्माण हो रही पानी की टंकी से गिरकर एक श्रमिक की मौत हो गई। जबकि एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक इलाज के बाद लखनऊ रेफर कर दिया गया। घटना की जांच के लिए मौके पर जल निगम के अधिकारी पहुंच गए।

पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना संग्रामपुर थाना क्षेत्र के चंडेरिया की है। चंडेरिया में जल जीवन मिशन के तहत घर-घर पानी पहुंचाने के लिए पानी की टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है।

सपाइयों ने मनाई बाबा साहब की जयंती

चर्चित राजनीति। संवाददाता

बछरावां/रायबरेली। समाजवादी पार्टी कार्यालय बछरावां में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ बनाई गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक श्याम सुंदर भारती रहे। विधानसभा अध्यक्ष बृजेंद्र कुमार चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मुनेश्वर पासी, जिला सचिव प्रमोद चौधरी, वीरेंद्र यादव, पूर्व शासकीय अधिवक्ता विजय बहादुर बाबूजी, राजू यादव, राम मनोहर, हरीश चौरसिया, कैलाश गौतम, राज दीपक चौधरी, देवता दीन पासवान, रमाकांत गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष समर यादव ब्लॉक अध्यक्ष भानु पटेल, रमाकांत पासवान, आशीष पटेल आदि ने बाबा साहब का स्मरण किया एवं उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

एक्टर रणवीर सिंह और कृति सेनन ने किया बाबा विश्वनाथ का दर्शन, माथे पर त्रिपुंड, गले में माला

चर्चित राजनीति। एजेंसी

वाराणसी। बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह और अभिनेत्री कृति सेनन आज वाराणसी पहुंचे हैं। श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन किया। दोनों फिल्मी सितारों ने बाबा दरबार में 20 मिनट से अधिक समय बिताया। मंदिर के भीतर से रणबीर सिंह माखे त्रिपुंड और गले में माला डालकर निलके। उन्होने फैंस को गले लगाया, उनके साथ सेल्फी लिया और हर-हर महादेव के नारे लगाए। वाराणसी के नमो घाट से इलेक्ट्रिक क्रूज पर सवार होकर दोनों फिल्मी सितारे मंदिर के गंगा द्वार पर पहुंचे थे। यहां पर कड़ी सुरक्षा और 200 पुलिस फोर्स की मौजूदगी में विश्वनाथ धाम में प्रवेश किए। रणवीर सिंह ने शिव भक्तों को फ्लाइंग किस दिया और सुरक्षा घेरा तोड़कर श्रद्दालुओं के बीच पहुंचे थे। वहीं कृति सेनन ने दोनों हाक उठाकर भक्तों को प्रणाम किया।

गंगा घाट पहुंचने पर रणबीर सिंह ने गंगा द्वार, ललिता घाट और मणिकर्णिका घाट के नाविकों का अभिवादन भी किया।बाबा विश्वनाथ के दरबार में पहुंचने पर रणवीर सिंह सफेद कुर्ते पायजामा पहने ऊपर से भगवा गमछा डाले दिखे। वहीं कृति सेनन भी भगवा सूट में नजर आई। काशी में में दोनों भारी उत्साह में दिखे। वहीं फैंस भी खूब जोश में नजर आए।काशी आने को लेकर पूछे गए सवाल पर रणबीर सिह ने कहा कि यहां आना बहुत अच्छा लगा। हालांकि इस दौरान उन्होने किन्ही और सवालों का जवाब नहीं दिया। रणवीर कपूर जैसे ही गंगा द्वार पहुंचे उन्होने भक्तों को फ्लाइंग किस दिया और सुरक्षा घेरा तोड़कर श्रद्धालुओं के बीच पहुंचे। उन्होने बाबा दरबार के लिए जाते समय कई बार हर-हर महादेव का भी उद्घोष किया। दोनों फिल्मी सितारों ने 20 मिनट से ज्यादा समय काशी विश्वनाथ मंदिर में बिताए। इस दौरान मंदिर प्रशासन की तरफसे पूजा की विशेष व्यवस्था की गई थी। आज नमो घाट पर इंटरनेशनल डिजाइनर मनीष मल्होत्रा का फैशन शो होगा। 20 देशों के राजदूत यहां पर आएंगे। वहीं, बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह और एक्ट्रेस कृति सेनन रैंप वाक करेंगी। कृति सेनन बनारसी साड़ी और अन्य्य पोशाक पहनकर रैंपवॉक भी करेंगी। इस फैशन शो में बनारस के बुनकरों की शिल्प कला को पेश किया जाएगा। ये कार्यक्रम इंडियन माइनॉरिटी फाउंडेशन की ओर से आयोजित कराया जा रहा है। इसकी थीम है धरोहर काशी की।

संक्षिप्त समाचार

मां तुलसा देवी लाइब्रेरी का उद्घाटन आज

शिवगढ़ (रायबरेली), चसं। नवरात्रि के पावन अवसर पर शिवगढ़ नगर पंचायत की बैजनाथ सोसाइटी वार्ड नम्बर - 1 में आज मां तुलसा देवी लाइब्रेरी का उद्घाटन किया जाएगा। लाइब्रेरी व्यवस्थापक आशुतोष कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि लाइब्रेरी वातानुकूलित होने के साथ ही लाइब्रेरी में पूर्णतया शांतिपूर्ण वातावरण मिलेगा। जिसमें निःशुल्क वाईफाई इंटरनेट व्यवस्था, बैठने की उत्तम व्यवस्था, अखबार, प्रतियोगी पत्रिकाएं, विशेषज्ञ द्वारा कैरियर काउंसलिंग एवं बेहतर गाइडेंस, पीने के लिए आरओ का पानी आदि सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से लाइब्रेरी पूरी तरह से कैमरे लैश हैं। इच्छुक छात्र-छात्राएं एवं व्यक्ति अपना रजिस्ट्रेशन कराकर लाइब्रेरी ज्वाइन कर सकते हैं।

किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने का आरोप

रायबरेली, चसं। सलोन थाना के रोहनिया ब्लाक के एक गांव की किशोरी को अपहरण करके उसके साथ दुष्कर्म करने के बाद उसको गांव के निकट फेंक दिया गया।जिसकी जानकारी होने पर किशोरी की मां की ओर से आरोपी युवक के खिलाफ नामजद तहरीर सलोन कोतवाली में दिया गया है।समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नही किया गया था।उधर सलोन तहसील क्षेत्र की सर्किल सीओ ने बताया कि प्रकरण की जांच करवाकर पीड़िता को न्याय दिलवाया जाएगा।

वाहन दुर्घटनाओं में एक की मौत दो घायल

रायबरेली, चसं। बछरावां थाना क्षेत्र के गांव पूरे खलार निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार अवधेश पुत्र जयकरन निवासी गड़रियनखेड़ा थाना हरचंदपुर व महेश 22वर्ष पुत्र परशुराम निवासी बहरामपुर थाना लालगंज को गंभीर घायल हो गए, जिसमें दोनो को सीएचसी में ले जाया गया।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अवधेश कुमार की मौत हो गई है जिसका शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है जबकि दूसरा घायल महेश को जिला अस्पताल में भर्ती करके उपचार करवाया जा रहा है।वाहन की तलाश सीसी कैमरे की मदद से किया जा रहा है।वहीं मृतक के परिजन में रो रोकर बुरा हाल था। वहीं जिले के शिवगढ़ थाना में तैनात एक मुख्य आरक्षी को ट्रक की टक्कर से घायल होने पर लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया है।

युवक रास्ते से लापता, जांच जारी

रायबरेली, चसं। गुरूबख्सगंज थाना के गांव जियाकापुरवा मजरे जैतीपुर निवासी श्यामचरन ने थाने में तहरीर दिया है कि पुत्र जयनारायण पूना शहर में रहकर दैनिक मजदूरी करता है जहां से ट्रेन से विगत चार दिन पूर्व घर के लिए चला था लेकिन घर नही पहुंचा।जिसको लेकर पिता ने अनहोनी घटना होने की अशंका जताया है।उधर थाना प्रभारी ने बताया कि प्रकरण की जांच किया जा रहा है।

जहरीला पदार्थ खाने महिला भर्ती, जांच जारी

रायबरेली, चसं। जिला अस्पताल में केशु 35वर्ष पत्नी बंसीलाल निवासिनी दवानीखेड़ा थाना मौरावां जिला उन्नाव को संदिग्ध परिस्थितियो में भर्ती करवाया गया।जिसको जिले के खीरो सीएचसी से रेफर करने के बाद लाया गया है।चिकित्सक रोशन सिंह पटेल ने बताया कि महिला जहरीला पदार्थ खाई थी जिसका उपचार किया जा रहा है क्यों खाई थी उसके होश में आने के बाद पता चलेगा।

युवती मारपीट में हुई लहूलुहान, भर्ती

रायबरेली, चसं। सदर कोतवाली के लोहानीपुर की निवासिनी परवीन को मामूली नाली विवाद में हुए मारपीट में प?ोसियो ने लाठी डंडो से पिटाई करके लहूलुहान कर दिया है।जिनको गंभीर चोट आने पर जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।सदर कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर विभागीय कार्रवाई किया जाएगा।

चोरी के सामग्री समेत अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा जेल

रायबरेली, चसं। सदर कोतवाली के रवतीरामतालाब के निकट चोरी के सामग्री इन्वर्टर, बैटरीफ्रिज आदि के साथ अरविंद कुमार पुत्र रामकुमार निवासी अहियारायपुर को को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है।जिसके द्वारा शब्बागी कालोनी में बीते शुक्रवार को बंद घर से चोरी किया गया था।पुलिस ने चोरी के अभियुक्त अरविंद को जेल भेज देने की बात कही है।

सर्पदंश से युवक की हालत बिगड़ी

रायबरेली, चसं। बछरावां थाना क्षेत्र के गांव थुलैंडी निवासी साहिल 18वर्ष को गांव के निकट एक पेड़ के नीचे बैठकर मोबाइल से बातचीत करते दौरान सर्प ने उसको डस लिया जिसकी जानकारी होने पर परिजन को बताया जिसके बाद उसको परिजन के द्वारा जिला अस्पताल में लाकर भर्ती करवाया गया है।सीएमएस ने बताया कि युवक को भर्ती करके उपचार किया जा रहा है।

बाल मजदूरों से मार्ग में कार्य करवाने की जांच जारी

रायबरेली, चसं। रोहनिया ब्लाक के पटेरवा से सेमरीरनापुर तक मार्ग का मरम्मत का कार्य चल रहा है।जिस मार्ग पर लगे दैनिक मजदूरों मे बालमजदूर से भी मजदूरी करवाया जा रहा है।जिसमें वीडीओ वायरल में बालमजदूर कार्य कर रहे है।जिसको लेकर एसडीएम ने बताया कि उसकी जांच करवाया जाएगा जिसके बाद मतहत ठेकेदार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई किया जाएगा।

गाय के हमले से मजदूर की मौत

रायबरेली, चसं। ऊंचाहार थाना के गांव मैकूलाल मजरे पुरवारा निवासी शालिकराम 55वर्ष पुत्र बैजनाथ पर गाय ने अपने सींग से हमला बोल दिया।जिससे उसकी प्राइवेट अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई है।जिसके मौत के बाद परिजन में रो रोकर बुरा हाल था।मृतक के पुत्र गयाप्रसाद ने गाय के हमले से घायल होने पर पिता शालिकराम की मौत होने की जानकारी दिया है।

रेलवे ट्रैक पर मिला शव

रायबरेली, चसं। सदर कोतवाली के अन्तर्गत सईनदी निकट लखनऊ से प्रयागराज रेलमार्ग के रेलपटरी में रविवार की सुबह भोर में अज्ञात व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियो में मिला है।मृतक का शव सूचना पर पहुंची पुलिस ने कब्जे में लिया है।सदर कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि शव की शिनाख्त नही हो पाया है जिसका प्रयास जारी है।

दो युवक बोलेरो की टक्कर से घायल

रायबरेली, चसं। ऊंचाहार थाना के गांव सबीसपुर के निकट लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर बाइक सवार गांव पूरे किसुनी निवासी श्रीकृष्ण व रामखेलावन को कुण्डा से लौटते दौरान बोलेरो ने टक्कर मार दिया।जिसमें दोनो को गंभीर चोट आने पर सीएचसी ऊंचाहार में भर्ती किया गया।जहां पर दोनों की हालत में सुधार न होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

युवक ने लगाई फांसी, मां खाने के लिए बुलाने गई, कमरे में लटका मिला शव

अमेठी, चसं। जनपद शनिवार देर रात छत पर सोने गए युवक का रविवार सुबह कमरे के अंदर फांसी पर लटका शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। दरअसल ये पूरा मामला कमरौली थाना क्षेत्र के दुलारी नगर गांव का है। जहां गांव के रहने वाले एक युवक ने घर के भीतर कमरे में देर रात फांसी के फंदे पर लटककर अपनी जान गंवा दी।

घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कमरौली थाना क्षेत्र के दुलारी नगर निवासी नरेंद्र प्रताप पुत्र साहब लाल भारती 28 वर्ष शनिवार की रात घर की छत पर कमरे में लेटा था। रात में भोजन करने के लिए मां बुलाने गई तो अंदर से कमरे का दरवाजा बंद था। काफी देर आवाज देने के बाद भी जब कमरा नहीं खुला तो ऊपर लगे जंगले से परिजनों ने झांका तो देखा कि नरेंद्र प्रताप फांसी के फंदे पर लटका है। परिजनों द्वारा दरवाजा तोड़ कर आनन फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जगदीशपुर में लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना को लेकर कमरौली थाना प्रभारी अभिनेष कुमार ने बताया की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया है। घटना के समय इसकी पत्नी मायके में थी। वह पिछले कुछ दिनों से नहीं आ रही थी।

संक्षिप्त समाचार

51 शक्तिपीठ में मां का पीताम्बर श्रृंगार हुआ

लखनऊ, चसं। नंदन बक्शी का तालाब स्थित 51 शक्तिपीठ धाम में वासंतिक नवरात्र के छठें दिन माँ कात्यायनी की स्तुति की गई। मन्दिर में स्थापित स्फटिक शिवलिंग का पीतांबर श्रृंगार किया गया। सती के पति का सुंदर व दर्शनीय श्रृंगार रायबरेली आचार्य विवेक मिश्रा द्वारा किया गया। इसके अलावा मन्दिर मे अन्य पूजन मे आचार्य धनंजय पाण्डेय, आचार्य प्रवीण मिश्र, आचार्य अनुराग पाण्डेय, आचार्य सुलभ शुक्ला, आचार्य मोनू पाण्डेय, आचार्य दीपक तिवारी, आचार्य अनुपम तिवारी द्वारा सम्पन्न हुआ। मंदिर की की अध्यक्ष तृप्ति तिवारी ने बताया कि नवरात्र के प्रतिदिन मां का अलग-अलग स्वरूपों में रंगों में पूजा अर्चना की जाएगी शाम को भजन कीर्तन के आयोजन किए गए। भजन की शुरुआत पुष्पा, आकांक्षा, गीता, वंदना, कुमकुम ने मैया पहाड़ों वाली के भजन सुनाये।

सपा ने 7 और प्रत्याशियों की लिस्ट की जारी

लखनऊ, चसं। समाजवादी पार्टी ने 7 प्रत्याशियों की आज और लिस्ट जारी कर दी है। पार्टी ने श्रावस्ती से रामशिरोमणि वर्मा को उम्मीदवार बनाया है। फूलपुर लोकसभा सीट से अमरनाथ मौर्य, श्रावस्ती से रामशिरोमणि वर्मा, डुमरियागंज से भीम शंकर (कुशल तिवारी) संतकबीरनगर से लक्ष्मीकांत ऊर्फ पप्पू निषाद, सलेमपुर से रमाशंकर राजभर, जौनपुर से बाबू सिंह कुशवाहा, मछली शहर से प्रिया सरोज को उम्मीदवार बनाया है। आप को बता दें कि ने 12 अप्रैल को सपा ने 2 प्रत्याशियों की घोषणा की है। सपा ने कुशीनगर से अजय प्रताप और कौशांबी से पुष्पेंद्र सरोज को बनाया प्रत्याशी।

चारबाग स्थित बालाजी होटल ग्रांड में लगी भीषण आग

लखनऊ, चसं। राजधानी लखनऊ में आग का कहर बदस्तूर जारी है। आज रविवार को चारबाग स्थित होटल बालाजी ग्रैंड में भीषण आग लग गई। होटल में लगी भीषण आग में कई लोगों फंस गए। होटल में लगी भीषण आग के बाद कर्मचारियों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने घंटों मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पा लिया। अधिकारियों का कहना है कि आग में फंसे हुए सभी लोगों को बाहर निकाल लिया गया है। रविवार सुबह होटल में अज्ञात कारणों से आग लग गई। कुछ ही पलों में आग ने भीषण रूप ले लिया, जिससे होटल में अफरातफरी मच गई। इस दौरान कुछ लोग होटल में फंस गए। हालांकि, समय रहते फायर ब्रिगेड को घटना के बारे में सूचना दे दी गई जिसके बाद भारी संख्या में पुलिस बल फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची लंबी मशक्कत के बाद समय रहते आग पर काबू पा लिया। जिसके बाद होटल में फंसे हुए लोगों को बाहर निकल गया। मौके पर मौजूद सीएफओ मंगेश कुमार ने बताया कि सुबह होटल में आग लगने की सूचना मिली थी जिसके बाद कार्यवाही करते हुए आज पर काबू पा लिया गया है सभी फंसे हुए लोगों को बाहर निकाल लिया गया है।

एलयू में मनाई गई आंबेडकर जयंती, कुलपति ने बाबा साहब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

लखनऊ, चसं। रविवार को लखनऊ विश्वविद्यालय (एलयू) में भारत रत्न बाबासाहब भीमराव आंबेडकर की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने विश्वविद्यालय परिसर स्थित आंबेडकर प्रतिमा पर पुष्प अर्पण करके भाव भीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कुलपति आलोक कुमार राय ने कहा कि डॉ.आंबेडकर भारतीय इतिहास के ऐसे महान व्यक्ति हैं जिन्होंने सामाजिक अधिकार दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के अतुलनीय योगदान के बदौलत ही भारतीय संविधान दुनिया भर में अमिट छाप छोड़ने में कामयाब रहे। इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रो अरविंद अवस्थी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो संगीता साहू, कुलानुशासक प्रो.राकेश द्विवेदी, प्रो.विभूति राय, कुलसचिव डॉ.विनोद सिंह, परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी सहित कई स्टूडेंट्स भी मौजूद रहे।

निगोहां में किसान की दस बिस्वा गेंहू की फसल जलकर राख

लखनऊ, चसं। निगोहां थाना क्षेत्र के राती गांव में रविवार को किसान के खेत के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन के ढीले तारो में स्पार्किंग होने के बाद निकली चिंगारी किसान के खेत में खड़ी गेहूं की फसल पर गिर पड़ी ओर देखते ही देखते फसल धू-धू कर जलने लगी। आस-पास खेतो में मौजूद किसानो ने निजी संसाधनो की मदद से आग को बुझाया लेकिन तब तक किसान की दस बिस्वा गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी थी। निगोहां कस्बे के बाजार निवासी अरूणिमा अवस्थी का राती गांव में फार्म हाउस है,रविवार की दोपहर खेतो के ऊपर से गुजरी हाईटेंशघ्न लाइन के ढीले तारो में स्पार्किंग के बाद निकली चिंगारी खेतो में पकी खड़ी गेंहू की फसल पर गिर पड़ी ओर देखते ही देखते फसल धू-धू कर जलने लगी। आस-पास खेतो में मौजूद किसानो ने निजी संसाधनों की मदद से आग को बुझाकर अन्य किसानो के खेतो की तरफ बढने से रोका जिसके चलते अन्य किसानो की फसले जलने से बच गयी। सूचना के बाद भी फायर बिग्रेड वाहन के मौके पर ना पहुंचने से किसानो में आक्रोश हैं।

व्यापार मंडल ने अनिवार्य वोटिंग के लिए प्रेरित किया

लखनऊ, चसं। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लखनऊ के बाजारों में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल का अभियान जारी है। रविवार को सदन बाजार में अभियान चलाया गया। सदर आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने दुकानों पर जाकर व्यापारियों एवं ग्राहकों को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया। छावनी की सदर बाजार में व्यापारियों द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया। संगठन के अध्यक्ष अखिल ग्रोवर ने बताया कि व्यापारियों ने खुद और बाजार में मौजूद लोगों को वोट देने के लिए शपथ दिलाया। इस दौरान एक बार फिर से पहले मतदान फिर जलपान का संकल्प लिया गया। अखिल ग्रोवर ने कहा पिछले कई चुनाव में देखा गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत अधिक रहता है। लेकिन नगरीय क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम रहता है, नगरीय क्षेत्र में भी मतदान का प्रतिशत बढ़े इसके लिए उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने चुनाव तक पूरी राजधानी में लगातार जागरूकता अभियान चलाने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने कहा वोट की चोट से ही हम अपनी समस्याओं का खात्मा कर सकते हैं। बताया गया कि अच्छी और लोकप्रिय सरकार के गठन के लिए प्रत्येक नागरिक को वोट देना चाहिए। लोगों का लोकतांत्रिक कर्तव्य एवं अधिकार है।

निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में कोताही नहीं :सीईओ

485 लाइसेंसी शस्त्र जब्त, 4153 निरस्त और 16,74,777 लोग पाबन्द

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

सघन जॉच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1844 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 13 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 485 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4153 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 23,13,670 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 16,74,777 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। पुलिस विभाग द्वारा 6223 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 6330 कारतूस, 2144.5 किलोग्राम विस्फोटक व 323 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 2248 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 115 केन्द्रों को सीज किया गया। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में 13 अप्रैल को अपराधिक व्यक्तियों के 02 लाइसेंसी शस्त्र जब्त तथा 45 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 50742 लोगों को पाबन्द किया गया। साथ ही 244 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 263 कारतूस व 06 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 118 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 08 केन्द्रों को सीज किया गया।

96 लाख 2 हजार 386 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई : सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है। आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन में सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 96,02,386 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से 57,89,690 तथा निजी स्थानों से 38,12,696 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 6,15,504, पोस्टर के 27,25,637, बैनर के 16,52,019 एवं अन्य 7,96,530 मामलों में कार्यवाही की गयी।

निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 4,96,242, पोस्टर के 17,39,233 बैनर के 9,24,206 एवं अन्य 6,53,015 मामलों में कार्यवाही की गयी। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग दुरुपयोग के 1230 मामलों , लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2188 मामलों में कार्यवाही की गयी।

फादर ऑफ इकोनॉमिक्स भी थे डॉ. अम्बेडकर : केंचप्पा

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। यह बात उस समय की है जब भारत अंग्रेजों का गुलाम था। तब डॉ.भीमराव आंबेडकर ने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से पीएचडी की। उन्होंने दी प्राब्लम ऑफ दी रुपी-इट्स ओरीजन एण्ड इट्स सोल्यूशन विषय पर शोध किया और यह बताया कि ब्रिटिश मुद्रा पौंड स्टर्लिंग की वैल्यू अधिक है, जबकि भारतीय सोने की कीमत काफी कम।

यानि कि भारतीय सोना काफी सस्ते में लिया जा रहा था। इससे देश के लोगों का नुकसान हो रहा था। यह जानकारी रिजर्व बैंक के रीजनल डायरेक्टर डॉ. बालू केंचप्पा ने रविवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर केजीएमयू में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दी। उन्होंने बताया कि पौंड स्टर्लिंग की कीमत अधिक होने से भारतीय व्यापारियो और उद्योग से जुड़े लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ रह था। इसके पीछे की वजह पौंड स्टर्लिंग और गोल्ड का एक्सचेंज रेट में बहुत अंतर होना था। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया था कि एक्सचेंज रेट कैसा होना चाहिए। इसलिए डॉ.भीमराव आंबेडकर को फॉदर ऑफ इकोनॉमिक्स भी कहा जाता है। कार्यक्रम के दौरान कार्यवाहक कुलपति प्रो.अमिता जैन ने कहा कि डॉ.भीमराव आंबेडकर विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, और समाजसुधारक थे। उनके जीवन से हमें सीख लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम अपने जिम्मेदारियों को लेकर जागरुक रहेंगे, तभी जो पीछे रह गये हैं, उनको आगे बढ़ाने में मदद कर सकेंगे। यह भी हमारी जिम्मेदारी है।

प्रवर्तन एजेंसी, उड़नदस्ते कर रहे आयोग के निर्देशों कड़ाई से अनुपालन

चर्चित राजनीति। संवाददाता

- 14635.94 लाख की शराब ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नकदी जब्त

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 13 अप्रैल तक 14635.94 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 2465.52 लाख रुपये नकद धनराशि, 3554.04 लाख रुपये कीमत की शराब, 5402.75 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2065.61 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1148.03 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 13 अप्रैल को कुल 243.13 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातु व नगदी आदि जब्त की गई। इसमें 44.82 लाख रुपये नकद धनराशि, 72.89 लाख रुपये कीमत की 26045.47 लीटर शराब, 40.87 लाख रुपये कीमत की 42999.01 ग्राम ड्रग एवं 84.56 लाख रुपये कीमत की 1048 ग्राम बहुमूल्य धातुएं जब्त की गयी।

13 अप्रैल को प्रमुख जब्ती में मुरादाबाद की कुन्दरकी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 11.51 लाख रुपये रामपुर की मिलक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 10 लाख रुपये की नकद धनराशि पकड़ी गयी।

मोहनलालगंज व निगोहां में मनाई डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती रविवार को मोहनलालगंज व निगोहां क्षेत्र के सभी सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों समेत गांवो में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न संगठनों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गये। परसपुर ठठ्ठा गांव में पत्रकार करन रावत ने ग्रामीणो के साथ मिलकर बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। केक काटने के बाद विशाल भंडारे में छोला चावल के प्रसाद का वितरण किया गया।इस मौके पर भजन मंडली ने बाबा साहेब पर बने भजनो को गाकर कार्यक्रम में मौजूद लोगो का मन मोह लिया।

जबरौली गांव में मायाराम रावत व सुखनाखेड़ा गांव में अमित जाटव,संजय रावत,संतोष रावत ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण व श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद केक काटकर जन्मदिन मनाया इस मौके पर भंडारे का आयोजन कर ग्रामीणो को प्रसाद वितरित किया।परसपुर ठठ्ठा गांव में आयोजित कार्यक्रम में एडवोकेट सुशील रावत, विजयपाल सिंह, रामसागर, रामशंकर, प्रधान प्रतिनिधि मातादीन गौतम, पूर्व प्रधान नवनीत सिंह, बीडीसी सियाराम, एडवोकेट सुधीर रावत, संदीप रावत समेत काफी संख्या में क्षेत्रीय लोगो ने पहुंचकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

बाबा साहेब ने समाज को एक समान जोड़ने का कार्य किया : परसपुर ठठ्ठा गांव में संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंम्बेडकर की जंयती पर आयोजित कार्यक्रम में पत्रकार करन रावत ने लोगो को सम्बोधित करते हुये कहा बाबा साहब के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर लोगों को चलना चाहिए। उनके विचारों पर चलने से देश आगे बढ़ेगा। उनका विचार था कि सभी को समान अधिकार मिले और सभी लोग शिक्षित बने। उन्होंने कहा कि डॉ अम्बेडकर के जीवन दर्शन का लोग अध्ययन कर उनके विचारों से जरूर सीख ले। बाबा साहब ने समाज को एक समान जोड़ने का कार्य किया है। भारतीय संविधान बनाने में बाबा साहब का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि उनका विचार था कि समाज में समता होनी चाहिए। सभी को बराबर का अधिकार एवं न्याय मिलना चाहिए।

कैसरबाग डिपो में मनाई गयी डॉ अम्बेडकर की जयंती

लखनऊ, चसं। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर यूपी रोडवेज कर्मचारी संघ पदाधिकारियों ने डॉ आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जीवनी का वर्णन कर मिठाइयां बांटी गई। कर्मचारी नेता राकेश सिंह ने बाबा साहेब मूक समाज को आवाज देकर नायक बने थे। रुपेश ने कहा कि सामाजिक विसंगतियों और कुरीतियों के खिलाफ लड़ते हुए समाज को नई प्रेरणा देना बाबा साहेब की महानता है। कैसरबाग बस स्टेशन पर कर्मचारी संघ क्षेत्रीय प्रबंधक सुधींद्र वर्मा, माखनलाल, मो. अमीर, रेखा सिंह सहित ड्राइवर-कंडक्टरों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर याद किया। दूसरी ओर सप्रू मार्ग परा क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने उल्लासपूर्वक बाबा साहेब की जयंती मनाई।

घोसी : ओमप्रकाश राजभर और दारा सिंह चौहान का इम्तिहान

चर्चित राजनीति। संवाददाता

- कठिन है डगर दिल्ली की सपा और बसपा का चक्रव्यूह तोड़ने की चुनौती

लखनऊ। यूपी की हॉट सीटों में घोसी भी शामिल हो गई है। सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर के बेटे अरविंद राजभर के चुनाव मैदान में उतरने और इस सीट पर विपक्ष द्वारा बुने सियासी ताने-बाने ने इसे खास बना दिया है।दिल्ली की डगर बहुत कठिन है।अब सबकी निगाहें घोसी के चुनावी संग्राम पर टिक गई।

घोसी के रण में पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर के सियासी कौशल की परीक्षा है। इसके साथ ही घोसी में प्रदेश सरकार के दूसरे मंत्री दारा सिंह चौहान की प्रतिष्ठा जुड़ गई है।ओमप्रकाश राजभर को बेटे को सांसद बनाने के लिए भाजपाइयों को साधना पड़ रहा है। पिछड़े वोटों में बिखराव रोकना बड़ा मसला है। मुख्तार अंसारी फैक्टर से भी निपटना है। घोसी का मैदान भाजपा के लिए कभी मुफीद नहीं रहा। 2014 की मोदी लहर को छोड़ दें तो भाजपा को इस सीट पर कभी नहीं जीती। शायद इसीलिए भाजपा ने समझौते में यह सीट अपने सहयोगी सुभासपा को दे दी। पूर्वी यूपी के राजभर वोटों पर दावेदारी करने वाले ओमप्रकाश राजभर ने अपने बेटे को संसद भेजने के लिए इसे सबसे मुफीद समय माना। उन्हें अंदाजा न रहा होगा कि उनका बड़बोलापन उनके बेटे की राह मुश्किल कर सकता है। 2022 के चुनाव में भाजपाइयों को निशाने पर रखने वाले राजभर के भगवा खेमे के कार्यकर्ता दमखम से शायद ही जुटे। ओमप्रकाश राजभर को अधिकांश समय घोसी में ही देना पड़ रहा है। भाजपा के प्रदेश से लेकर केंद्रीय नेतृत्व तक गुहार लगा चुके हैं ,सबके जुटे बिना नैया पार नहीं होगी। सपा और बसपा ने इस सीट पर राजभर की मुश्किलें बढ़ा रखी हैं। घोसी विधानसभा उपचुनाव में जीत के बाद सपा के हौसले बुलंद हैं। समाजवादी पार्टी ने राजीव राय पर दांव लगाकर अगड़ों को साधने का प्रयास किया है। रही-सही कसर बसपा सुप्रीमो मायावती ने पूरी कर दी है। पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान को प्रत्याशी बनाकर पिछड़े वर्ग के वोटों में बिखराव की सम्भावना बढ़ा दी है। बालकृष्ण चौहान के आने से इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति बन गई है।देखना है कि सुभासपा प्रमुख कैसे इस चक्रव्यूह को भेदकर बेटे की जीत की राह प्रशस्त करते हैं। राजभर के रणनीतिक कौशल का इम्तिहान यहीं खत्म नहीं होता। यह सीट हाल ही में बांदा जेल में मरने वाले मुख्तार अंसारी के परिवार के प्रभाव वाली मानी जाती है। मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी सुभासपा से विधायक हैं। अब ओमप्रकाश राजभर भाजपा के साथ हैं।

मायावती ने बाबा साहेब की जयंती पर भाजपा पर बोला हमला

चर्चित राजनीति। संवाददाता

- दिखावटी सम्मान देने का लगाया आरोप

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने भारतीय जनता पार्टी पर परोक्ष हमला बोलते हुए बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को दिखावटी सम्मान देने का उस पर रविवार को आरोप लगाया। यहां जारी एक बयान में मायावती ने किसी दल का नाम लिए बिना कहा कि संकीर्ण चुनावी स्वार्थ के लिए बाबा साहेब का जितना दिखावटी सम्मान, उतना ही ज्यादा उनके अनुयायियों की उपेक्षा और तिरस्कार, जातिवादी पार्टियों और उनकी सरकारों की मुंह में राम, बगल में छूरी की कहावत को चरितार्थ करता है।

यह आज भी जारी है और इस छलावे से सावधान रहने की बहुत जरूरत है। मिली जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस पर हमला करते हुए मायावती ने कहा कि कांग्रेस का गरीबी हटाओ का नारा सही नीयत एवं नीति के अभाव में केवल चुनावी नारा बनकर पूरी तरह से विफल रहा और अब बहुजनों का यही बुरा हाल भाजपा सरकार में हो रहा है क्योंकि आसमान छूती महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी और पिछड़ापन का अभिशाप लोगों के जीवन को बद से बदतर बना रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इसलिए यह लोकसभा चुनाव वह सही समय है जब देश एवं जनहित में इन जरूरी बातों को ध्यान में रखकर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें ताकि देश में सही संवैधानिक सोच वाली बहुजन हितैषी सरकार बन सके, यही बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इससे पूर्व, मायावती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर कहा था कि देश के करोड़ों गरीबों, शोषितों, वंचितों, उपेक्षितों के मसीहा परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को आज उनकी जयन्ती पर शत-शत् नमन् व अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित करती हूं।

बाबा साहेब की जयंती को आप ने संविधान बचाओ तानाशाही हटाओ के रूप में मनाया

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती को आम आदमी पार्टी ने संविधान बचाओ तानाशाही हटाओ के रूप में मनाया और सभी ने संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर शपथ ली किसी भी कीमत पर मोदी सरकार को संविधान नहीं बदलने देंगे इसके लिए आप कार्यकर्ता कोई भी कुर्बानी देने को तैयार है। पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर बाबा साहब को याद किया।

इस मौके पर प्रदेश महासचिव दिनेश पटेल ने कहा कि मोदी जी को 400 सीट भारत का संविधान ख़त्म करने के लिए चाहिए. इसलिए आज संविधान बचाने के लिए हम शपथ लेने के लिए इकट्ठा हुए हैं. उन्होंने कहा कि क्ष्ठ्ठक्क और ऋस्स् को कहना चहता हूं, जब तक ्क्क के कार्यकर्ता हैं,भारत के संविधान को बचाने के लिए अपनी आखिरी सांस तक लड़ेंगे। बाबा साहब ने कहा था, हिंदुस्तान में हर वर्ग को समान शिक्षा का अधिकार मिलना चाहिए और पूरे देश में सिर्फ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सरकार उनके सपने को पूरा कर रही है। वरिष्ठ नेत्री ब्रज कुमारी सिंह ने कहा कि जिस संविधान को बाबा साहब ने बनाया आज उसी संविधान की पूरे देश में धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। जिस प्रकार जनता के चुने हुए अरविंद केजरीवाल जी को जेल में कैद किया गया ,ये संविधान की धज्जियां उड़ाने के बराबर है। आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्रजकुमारी सिंह, महेंद्र सिंह, सरबजीत सिंह मक्कड़, अजय गुप्ता, इरम रिजवी, मो तकी, उषा दोहरे, लीलावती गौड़,जनक प्रसाद, प्रियंका श्रीवास्तव, सुभाषनी मिश्रा, अरुण सिंह चंदेल, अंकित परिहार, राजीव कुमार पांडेय, अनुज पाठक, अमित श्रीवास्तव, ललित तिवारी, विनय शर्मा,दुर्गेश चौधरी, अफरोज आलम, हरीश चौधरी, गिरजेश वर्मा, समर सिंह, अनुराग महरोत्रा,अंशुल यादव, गीतांजलि, अनूप कुमार वर्मा, राकेश चौधरी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

बीजेपी के घोषणा पत्र को कांग्रेस ने बताया जुमला

लखनऊ, चसं। भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र जारी होने के बाद लखनऊ कांग्रेस मुख्यालय पर प्रेसवार्ता कर के प्रवक्ता सीपी राय ने हमला बोलते हुए कहा कि बीजेपी 10 सालों से सत्ता में है पहले वो अपने पिछले घोषणा पत्र की समीक्षा करके जनता को यह बताएं कि कितने वादों को पूरा किया है उसके बाद नए घोषणा पत्र पर बात करे। सीपी राय ने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र में सिर्फ जुमलेबाजी है इसमें आम जनता के लिए कुछ भी नहीं। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि पिछले घोषणा पत्र में भाजपा ने 2 करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष देने की बात कही थी, किसने की आय दुगनी करने की बात कही थी, भारत को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने का वायदा किया था जो सिर्फजुमलेबाजी साबित हुआ। उन्होंने कहा कि यूपी, दिल्ली समेत देश के विभिन्न कोनों में छात्रों बेरोजगार ने प्रदर्शन और आंदोलन किया मगर इन सब की आवाज को दबा दिया गया। आज जिसकी भी आवाज को दबाया जा रहा है कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में उन सब की आवाज को उठाया है हमारी सरकार आने पर सबको लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन करने का अधिकार दिया जाएगा।

भाजपा के घोषणा पत्र पर सपा ने उठाए सवाल कहा, 10 साल में सिर्फ गरीब और गरीब हुआ है

चर्चित राजनीति। संवाददाता

- भाजपा का घोषणा झूठ का पुलिंदा

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लोकसभा चुनाव के लिए गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं के सशक्तिकरण पर केंद्रित भारतीय जनता पार्टी का घोषणापत्र जारी किया है। इसे लेकर समाजवादी पार्टी प्रवक्ता ने फखरुल हसन ने भाजपा सरकार पर हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का ये घोषणा पत्र केवल झूठ का पुलिंदा और झूठ संकल्प पत्र है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से भाजपा ने 2017, 2019 में वादा किया था बहुत हुई महंगाई की मार अबकी बार भाजपा की सरकार बेरोजगारी, महंगाई, किसान की आय दोगुना करने के सवाल का जवाब नहीं दे पा रही है। 10 साल में महंगाई बढ़ी है, किसानों की आय दुगना नहीं हुई, सिर्फ गरीब और गरीब हो गया है, भाजपा कहती है कि 25 करोड़ लोगों को गरीबों से बाहर लगया गया है जबकि एक तरफ कही 80 करोड़ लोगों को राशन दे रही है। ये बातों में विरोधाभास दिखाई पड़ता है, भाजपा का ये घोषणा केवल झूठ का पुलिंदा है। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के घोषणापत्र मोदी की गारंटी संकल्प पत्र 2024 को जारी करते हुए रविवार को कहा कि अगले पांच वर्षों में सुधार, प्रदर्शन, परिवर्तन के मंत्र पर आगे बढ़ते हुए, हम और भी तेजी से प्रगति करेंगे।

भाजपा के चुनाव घोषणा पत्र में भविष्य के लिए पार्टी के वायदों के अलावा पिछले दस वर्ष की मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया गया है। पार्टी ने आयुष्मान भारत योजना को जारी रखने के साथ साथ 70 वर्ष से ऊपर की आयु के नागरिकों इसके दायर में लाने, देश को विनिर्माण क्षेत्र में विश्व का एक प्रमख केंद्र बनाने और राष्ट्रीय सुरक्षा तथा पर्यावरण संरक्षण के साथ सामाजिक आर्थिक अवसंरचना विकास के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को हासिल करने का लक्ष्य रखा है जिसमें बुलेट ट्रेन का देश के दूसरे हिस्सों में विस्तार का वायदा भी है। प्रधानमंत्री ने आम चुनाव 2024 में पार्टी की जीत का भरोसा जताते हुए कहा कि चुनाव नतीजे आते ही पार्टी घोषणा-पत्र को लगू करना शुरू कर देगी। मोदी ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा,''पूरे देश को भाजपा के घोषणापत्र का बेसब्री से इंतजार रहता है। इसकी एक बड़ी वजह है। पिछले 10 सालों में भाजपा ने अपने घोषणापत्र के हर बिंदु को गारंटी के तौर पर लागू किया है। चार जून के बाद भाजपा के संकल्प पत्र पर तेजी से काम शुरू होगा। भाजपा ने एक बार फिर अपने घोषणा-पत्र की ईमानदारी का प्रदर्शन किया है।

हमारा संकल्प पत्र विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभों-युवा, महिला, गरीब और किसान को सशक्त बनाता है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''हमारा ध्यान जीवन की गरिमा और गुणवत्ता पर है। हमारा ध्यान रोजगार पैदा करने वाले निवेश पर है।

भाजपा के संकल्प-पत्र को अखिलेश ने बताया रिकॉर्ड तोड़ने वाले जुमलों का दस्तावेज

लखनऊ, चसं। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र को तंज कसते हुए कहा कि भाजपा का संकल्प-पत्र ब्रह्मांड में झूठ का रिकॉर्ड तोड़नेवाले जुमलों का दस्तावेज भर हैं। बता दें रविवार को भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर अपना संकल्प पत्र जारी कर दिया है। भाजपा केसंकल्प पत्र पर अखिलेश पर ने हमला करते हुए कहा कि जनता ने जब अपने सनुहरे भविष्य को विकल्प के रूप में चुनते हुए, इंडिया गठबंधन को जिताने व भाजपा को हराने का संकल्प ले ही लिया है, ऐसे में भाजपा का 'संकल्प पत्र' किसी काम का नहीं। इसके साथ ही सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि झूठ और जुमले जिनकी पहचान बन गये हों जनता न उनके संकल्प-पत्र पर विश्वास कर रही है न भविष्य की गारंटी पर। जिन्होंने अपने वादे पिछले दस सालों के राज में पूरे नहीं किये वो भला भविष्य की गारंटी देने की बात कैसे कह सकते हैं।

जिस प्रकार चक्की के दो पाटों के बीच में कोई भी अनाज साबूत नहीं बचता है। ठीक उसी प्रकार जीवन और मृत्यु के बीच में कोई भी नहीं बचता है। सबको एक दिन जाना पड़ता है। लेकिन फिर भी लोग अंजान बने रहते हैं : कबीर दास

संपादकीय

बेवफा की वफादारी

जमाना बेवफाओं के वफादार घोषित हो जाने का है। जिन लोगों ने दिन-दहाड़े आपके सपने चुरा कर उन्हें दुस्वप्न बना दिया, वही अब सपनों का एक नया बायस्कोप बना कर निकले हैं, आपके गांव-गांव, गली-गली, अन्धभक्ति का कोई श्रद्धा गीत गाते हुए। मंशा अपने वोटों की सहायता से महानुभावों को फिर उसी कुर्सी पर बिठा देने की है, जो कभी पहले सिंहासन थी, आजकल जनसेवा का स्टूल कहलाती है। हमारी गलियों में जब बिजली कट अपनी तेजी दिखाते हैं, पावर कट अपना जुल्म दिखाते हैं, तो अपनी विजय घोषणाओं में सेंध लगती देख कर चौकीदार बने चोर अब 'जागते रहो' चिल्लाते हैं। भई, दल बदलुओं का जमाना है, कब कोई सेंधमार स्वांग बदल कर साधुवेष धारण कर आपको श्रद्धा से विनत होने के लिए कह दे कि बोलो भक्तो, ऊंचे स्वर में चिल्लाओ, 'जय-जय'। अगर कोई हमसे पूछने के लिए चला आए, यह किसकी जय-जय है, तो कह दो, तुम्हारी भी जय-जय और हमारी भी जय-जय। न पूछना किसी से कि जब आपके थर्मल प्लांटों के पुर्जे चार माह पहले बिगड़ गए थे, तो उसकी मरम्मत की ओर तब ध्यान क्यों नहीं दिया गया? 'दिया है, दिया है, बन्धु। मरम्मत के लिए स्वीकृति फाईल पर हाजिर है। बस अभी उसे निपटाने की बारी नहीं आई थी, कि यह कम्बख्त मानसून धोखा दे गया। भला यह कह के आदाब हैं कि जब आपको बरसना हो, तब तो बरसे नहीं, और अब बेमौसम बरसात करके जलथल पैदा कर दो।' इससे वही बात हुई न, पिछली बार अपने चुनाव एजेंडे में हमारी अभागी धरती स्वर्ग लोक का वायदा किया था, फिर इसी स्थगित मानसून की तरह हमारी गलियों का रास्ता ही भूल गया। और अब जब चुनाव दुंदुभि बजे तो स्थगित मानसून के याद कर लेने की तरह हमारी गलियों में महानुभाव प्रगट हो गए, लो हमारे आंकड़े देख लो कि हमने तो अपने एजेंडे के पचासी प्रतिशत वायदे पूरे कर दिए। शेष पावर कट भगाने वाली इस लेट-लतीफी बारिश की वजह से रुके, अभी दूर कर देंगे। हमने सुना और प्रशंसा में तालियां बजा दीं, कैसे कह देते कि जनाब इस रास्ता भूली बारिश से कुछ नहीं होगा, जब तक कि इन लगातार बिगड़ते हुए थर्मल प्लांटों की स्थाई मरम्मत नहीं होती। उनको जुर्माना लगाने से क्या होगा, क्योंकि उससे अधिक बड़ा जुर्माना तो उद्योगों को इस लम्बी-चौड़ी पावर कट से लगा गया। उनका लाभ घाटे में बदल गया, तो निठुला हो सड़क पर कामगार आया। नहीं, नहीं हमें सड़क छाप लोगों की बड़ी फिक्र है। आपके वोट डालने की तिथि से पहले सब वायदे पूरे हो जाएंगे। कसम आपके कल्याण की। बेशक भाषण में वायदों के पूरे होने की यह घोषणा बड़ी अच्छी लगती है। जैसे पार साल आपने कहा था, 'घर-घर रोजगार, अब नहीं रहेगा कोई बेकाम, बेरोजगार।' मजे की बात के इस वचन का उद्घोष उन बेकारों की भीड़ ने ही किया था, जो ठेके पर नारा लगाने का रोजगार पाकर आए थे। अब उसी रोजगार के बंटने के दिन फिर आ गए। फिर दिहाड़ियों पर लगिए और विजय घोष कीजिए। महाकवि तो ठेले पर हिमालय लाद कर लाए थे, आपने तो ठेकों पर वायदों की पूर्ति की घोषणाएं लाद दीं, जय परिवर्तन के महाप्रभु। बन्धु, ठेके की इस कसौटी पर दमघोटू महंगाई का दाहकर्म कर देने का विजयघोष रखा जा सकता है। पहले तो क्रिकेट में ही खिलाड़ियों के शतक लगाने की घोषणाओं पर तालियां बजती थीं, अब तो ये पैट्रोल उत्पाद भी राज्य दर राज्य शतक लगाने लगे। चन्द सालों पहले कुछ नौजवान समूह स्वरोजगार की पताकाएं लहराते हुए हमारी सडकों पर भी निकले थे।

क्या गाजियाबाद के 'भगवा' किले पर फहराएगा तिरंगा

> कांग्रेस की सहयोगी पार्टी सपा और आप के कैडर तो हैं, लेकिन ये भाजपा की रणनीति का मुकाबला कितने कारगर ढंग से कर पाते हैं, सबकुछ इस बात पर ही निर्भर करेगा। हालांकि पारस्परिक समन्वय बिठाना कोई बच्चों का खेल नहीं है। वहीं, बसपा के पास लगभग 20 प्रतिशत कैडर वोट है, जिसके सहारे भारतीय राजनीति में उसकी पूछ निरंतर बनी हुई है। जबकि गत 12 वर्षों से वह यूपी की सत्ता से बाहर है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या मीडिया और सोशल मीडिया में अक्सर छाई रहने वाली कांग्रेस प्रत्याशी क्या भगवा किले पर कांग्रेसी तिरंगा फहरा पाएंगी? क्या लुंज-पुंज कांग्रेस संगठन के सहारे वह अपने गठबंधन सहयोगियों को साधकर अपना लक्ष्य पूरा कर पाएंगी?

देश की राजधानी नई दिल्ली से सटी औद्योगिक नगरी गाजियाबाद में लोकसभा चुनाव धीरे-धीरे जोर पकड़ रहा है। आम चुनाव 2024 के तहत यहां दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा, इसलिए पक्ष-विपक्ष के बीच राजनीतिक तपिश बढ़ती जा रही है। यहां की मुख्य चुनावी लड़ाई एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग और इंडिया गठबंधन की कांग्रेस-सपा-आप प्रत्याशी डॉली शर्मा के बीच होगी। हालांकि दलित और क्षत्रिय वोटों के सहारे बसपा प्रत्याशी नंद किशोर पुंडीर इस ल?ाई को त्रिकोणात्मक बनाने में सफल हो जाएंगे। यदि ऐसा हुआ तो सियासी ऊंट किस करवट बैठेगा, कुछ कहा नहीं जा सकता। पहला फैक्टर है- शहरी बनाम ग्रामीण। आमतौर गाजियाबाद महानगर के शहरी इलाकों में जहां भाजपा की पैठ मजबूत है, वहीं ग्रामीण इलाकों में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की पकड़ मजबूत है। वर्तमान में सपा कांग्रेस की सहयोगी पार्टी है। जबकि बसपा की पैठ शहरी/ग्रामीण दोनों इलाकों के जातिविशेष में है। बता दें कि गाजियाबाद की 70 प्रतिशत आबादी शहरों में और 30 प्रतिशत आबादी गांवों में निवास करती है। इस मामले में कांग्रेस पर भाजपा भारी पड़ सकती है। दूसरा फैक्टर है- जातीय समीकरण। जो किसी एक प्रत्याशी के पक्ष में विरले ही जाता है। एक आंकड़े के मुताबिक, कुल 29 लाख 38 हजार 845 मतदाताओं वाली इस सीट पर सर्वाधिक 18 प्रतिशत ब्राह्मण, 15 प्रतिशत मुस्लिम, 14 प्रतिशत ठाकुर, 12 प्रतिशत गुर्जर, 10 प्रतिशत वैश्य, 16 प्रतिशत वंचित और 15 प्रतिशत अन्य मतदाता हैं। चूंकि भाजपा ने वैश्य, कांग्रेस ने ब्राह्मण और बसपा ने क्षत्रिय प्रत्याशी उतारे हैं। ये तीनों जाति भाजपा की हार्ड कोर समर्थक मानी जाती है।

शायद इसलिए भी कांग्रेस और बसपा ने उसी में सेंध लगाने की पहल की है। हालांकि, जातीय समीकरण भी अभी भाजपा के पक्ष में है क्योंकि उसने दलित, पिछड़े व पसमांदा मुसलमानों को जोड़ने की पहल शिद्दत पूर्वक की है, जबकि कांग्रेस इसे तोड़ने के लिए तरह-तरह के प्रयोग/उपाय कर रही है। लिहाजा, यहां भी भाजपा का पलड़ा कांग्रेस पर भारी है। राजनीतिक विश्लेषकों की राय है कि पिछले 2 लोकसभा चुनावों से काँग्रेस के वोट बैंक में भाजपा सेंध लगा चुकी है, जिसे वापस पाना अब भी कांग्रेस के लिए बहुत बड़ी चुनौती बनी हुई है। क्योंकि गरीबी हटाओ के नारे पर हिंदुत्व भारी पड़ चुका है। क्षद्म धर्मनिरपेक्षता पर राष्ट्रवाद हावी होकर बोल रहा है। वहीं, जातिविशेष पर बसपा की पकड़ से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। इसलिए मौजूदा चुनावी लड़ाई दिलचस्प मोड़ लेती जा रही है। तीसरा फैक्टर है- सांप्रदायिक गोलबंदी। यह बात साफ है कि भाजपा को हिंदुओं के वोट थोक भाव में मिलते हैं, जबकि अल्पसंख्यक समाज का वोट रणनीतिक रूप से थोड़ा-बहुत। वहीं, कांग्रेस व उसके समाजवादी समर्थकों को

अल्पसंख्यक समाज का वोट थोक भाव में मिलता है, जबकि बहुसंख्यक हिंदुओं के वोट जातीय आधार पर रणनीतिक रूप से थोड़ा बहुत। आंकड़े गवाह हैं कि जहां भी सांप्रदायिक गोलबंदी होती है, वहां भाजपा को ज्यादा, कांग्रेस को कम फायदा मिलता है। वहीं, अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में यह स्थिति उलट जाती है। चौथा फैक्टर है- सरकारी कामकाज और विभिन्न मुद्दे। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग जहां मोदी सरकार और योगी सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं। अपने शहर विधायक होने और उत्तरप्रदेश में राज्यमंत्री के रूप में सेवा देने के बारे में भी बता रहे हैं। साथ ही राष्ट्रीय मुद्दों की भी बात कर रहे हैं। वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा कोरोना काल में अतुल गर्ग के यूपी के स्वास्थ्य राज्यमंत्री रहते हुए भी उनके द्वारा बरती गई लापरवाही पर लगातार उन्हें घेर रही हैं।

इसके अलावा, भाजपा द्वारा केंद्रीय मंत्री जनरल वी के सिंह का टिकट काटने पर भी उनकी पार्टी को आड़े हाथों ले रही हैं। यही नहीं, स्थानीय मुद्दों पर भी उन्हें लगातार घेर रही हैं। उनका आरोप है कि विगत 15 सालों से भाजपा के सांसद हैं, लेकिन मलिन बस्तियों तक विकास की किरण नहीं पहुंची है। गांवों में भी विकास नदारत है। इसलिए उन्होंने दो टूक कहा है कि गाजियाबाद का चुनाव वो स्थानीय मुद्दों पर भी लड़ेंगी। क्योंकि शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रदूषण, स्वच्छता, सुरक्षा, मेट्रो पहुंच आदि को वह सबके अनुकूल करने का इरादा रखती हैं। महंगाई व बेरोजगारी दूर करने का जज्बा रखती हैं। यहां पर कांग्रेस का पल?ा कैंडिडेट के तेवर की वजह से भारी है और यही तेवर उनकी असली सियासी पूंजी है। पांचवां फैक्टर है- संगठन और उसके दांवपेंच। इस मामले में भाजपा का कोई मुकाबला नहीं कर सकता है, क्योंकि उसके ऊपर आरएसएस का परोक्ष हाथ हमेशा से ही रहता आया है। कांग्रेस भी अपने सेवा दल के सहारे देश पर लंबे समय तक राज कर चुकी है, जो अब कमजोर हो चुकी है। वहीं, नई आर्थिक नीतियों के दुष्परिणाम स्वरूप समाज में ऐसी प्रतिस्पर्धा बढ़ी कि सेवा भाव अब लगभग गायब होते जा रहा है और श्रम मूल्य सामाजिक जीवन में प्रभावशाली स्थान लेता जा रहा है। वहीं, कांग्रेस की सहयोगी पार्टी सपा और आप के कैडर तो हैं, लेकिन ये भाजपा की रणनीति का मुकाबला कितने कारगर ढंग से कर पाते हैं, सबकुछ इस बात पर ही निर्भर करेगा। हालांकि पारस्परिक समन्वय बिठाना कोई बच्चों का खेल नहीं है। वहीं, बसपा के पास लगभग 20 प्रतिशत कैडर वोट है, जिसके सहारे भारतीय राजनीति में उसकी पूछ निरंतर बनी हुई है। जबकि गत 12 वर्षों से वह यूपी की सत्ता से बाहर है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या मीडिया और सोशल मीडिया में अक्सर छाई रहने वाली कांग्रेस प्रत्याशी क्या भगवा किले पर कांग्रेसी तिरंगा फहरा पाएंगी? क्या लुंज-पुंज कांग्रेस संगठन के सहारे वह अपने गठबंधन सहयोगियों को साधकर अपना लक्ष्य पूरा कर पाएंगी? क्या अपनी आक्रामक सियासी शैली से वह शांतिप्रिय व सुशिक्षित शहरी मतदाताओं को लुभा पाएंगी? क्या सियासी रूप से अनुभवहीन लोगों की फौज का नेतृत्व करते हुए वह गाजियाबाद के मैदान को फतह कर पाएंगी? सधा हुआ जवाब तो यही मिल रहा है कि आज की तिथि में दिल्ली उनके लिए बहुत दूर तो नहीं, बल्कि सन्निकट भी नहीं है। आने वाले दिनों में उन्हें कई सियासी पाप? भी बेलने पड़ेंगे, लेकिन सवाल फिर वही कि क्या वह ऐसा कर पाएंगी? यदि नहीं तो अतुल का अतुलित सियासी बल उन्हें इस बार भी मात दे सकता है! :: एजेंसी

थोपे गए चुनावों पर रायशुमारी

हिमाचल प्रदेश में 27 फरवरी 2024 को राज्यसभा चुनाव में हुए उलटफेर और क्रॉस वोटिंग के बाद से प्रदेश में राजनीतिक अस्थिरता का माहौल बना हुआ है। हिमाचल प्रदेश में 2022 में विधानसभा चुनाव हुए जुम्मा जुम्मा 15 महीने ही बीते थे कि कुर्सी की चाहत के चलते कांग्रेस के छह विधायकों द्वारा राज्यसभा चुनाव में अपनी ही पार्टी से बगावत करते हुए और भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान से उपजी परिस्थितियों के कारण विधायक पद से अयोग्य ठहराए जाने के बाद केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा इन 6 विधानसभा सीटों पर चुनाव करवाने की घोषणा और इन बागी अयोग्य कांग्रेसी विधायकों के भाजपा में शामिल होने के बाद हिमाचल के सत्ता समीकरण तो प्रभावित हुए ही हैं, अपितु पुन उपचुनाव की नौबत आन पड़ी है। हाल फिलहाल इस शिक्षित मतदाताओं वाले राज्य में नैतिकता पर आधारित राजनीति पर भी बहस मुहाबिस जारी है और एक प्रकार से इन पूर्व विधायकों के आचरण की वजह से बेवजह थोपे गए उपचुनावों पर जनता जनार्दन की रायशुमारी महत्वपूर्ण रहेगी। लोकतंत्र में जनता के मत को महत्वहीन समझ कर मात्र वोट बटोरने के बाद न केवल अपनी पार्टी के साथ विश्वासघात करने और दलबदल कर पुन~ चुनावों की नौबत पैदा कर अपने क्षेत्रों की आम जनता की विकास की चाहत को भी ठेंगा दिखाने का मामला कोई नई घटना नहीं है।

इन पूर्व हो चुके विधायकों के अपने अपने क्षेत्रों में स्वागत समारोहों के आयोजनों के साथ ही मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र का दौरा कर माहौल को गरमाया है और आरोपों प्रत्यारोपों और मानहानि नोटिस भेजने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। हिमाचल प्रदेश के दोनों प्रमुख दलों के सम्भावित प्रत्याशियों ने अपनी अपनी मुश्कें कस ली हैं। इन छह विधानसभा सीटों के अलावा पूरे भारतवर्ष में लोकसभा चुनाव के तहत आम चुनावों की भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा विधिवत चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही राज्य में चुनावी आचार संहिता लागू हो गई है। जिन विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होने जा रहे हैं, वहां धर्मशाला में 83 हजार 718, लाहौल स्पीति में 25 हजार 724, सुजानपुर में 76 हजार 830, बड़सर में 88 हजार 432, गगरेट में 84 हजार 887 और कुटलैहड़ के 87 हजार 857 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वहीं हिमाचल में उपचुनाव के मतदान तारीख 01.06.2024 (शनिवार) को और मतगणना की तारीख 04.06.2024 (मंगलवार) रखी गई है। इसी प्रकार लोकसभा की चार सीटों के लिए कुल 5638422 मतदाताओं द्वारा 7990 मतदान केंद्रों में वोट डाले जाएंगे। हम सभी जानते हैं कि विकास एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और आधुनिक संचार तकनीकी के जमाने में दूसरे विकसित देशों की

> 2022 के विधानसभा चुनाव में भी हिमाचल के प्रबुद्ध एवं जागरूक मतदाताओं ने भाई भतीजावाद और भ्रष्टाचार से छुटकारा मिले तथा विकास कार्य धरातल पर दिखलाई दें, की चाहत में मतदान किया था और उम्मीद लगाई थी कि कांग्रेस सरकार और विपक्षी दल के विधायक अपने अपने विधानसभा क्षेत्रों में विकास का अलख जगाएंगे, लेकिन सत्तारूढ़ दल के कुछ विधायकों की महत्वाकांक्षाओं के चलते प्रदेश के इन छह विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं को पुनः उपचुनावों में वोटिंग करनी पड़ जाएगी, यह किसने सोचा था?

तुलना में मिलने वाली सुविधाओं के दृष्टिगत अब भारतीय नागरिकों की उम्मीदें और अपेक्षाएं भी परवान चढ़ रही हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में भी हिमाचल के प्रबुद्ध एवं जागरूक मतदाताओं ने भाई भतीजावाद और भ्रष्टाचार से छुटकारा मिले तथा विकास कार्य धरातल पर दिखलाई दें, की चाहत में मतदान किया था और उम्मीद लगाई थी कि कांग्रेस सरकार और विपक्षी दल के विधायक अपने अपने विधानसभा क्षेत्रों में विकास का अलख जगाएंगे, लेकिन सत्तारूढ़ दल के कुछ विधायकों की महत्वाकांक्षाओं के चलते प्रदेश के इन छह विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं को पुन~ उपचुनावों में वोटिंग करनी पड़ जाएगी, यह किसने सोचा था? अब तो जनता को वाकई जनार्दन की भूमिका में उतर कर दूध का दूध और पानी का पानी करना होगा। आम तौर पर देखा जाता है कि जब भी लोकसभा अथवा विधानसभाओं के चुनाव होते हैं तो पक्ष-विपक्ष के नेतागण विकास सम्बन्धी मुख्य मुद्दों से आम जनता का ध्यान भटकाकर व्यक्तिगत छींटाकशी और धर्म आधारित राजनीति पर उतर आते हैं और जनता जनार्दन से जुड़े हुए मुद्दे गौण होकर रह जाते हैं। अयोग्य ठहराय गए विधायकों के निर्वाचन क्षेत्रों में दोबारा उपचुनावों के कारण आंशिक अस्थिरता का संकट झेल रही कांग्रेस सरकार द्वारा अंशदायी पेंशन योजना (एनपीएस) के अंतर्गत आने वाले कर्मचारियों के लिए बहाल की गई पुरानी पेंशन प्रणाली के बने रहने पर प्रश्नचिह्न लगा हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने तो विधानसभा में ललकारते हुए कर्मचारियों को चुनाव लड़ लेने की भी सलाह दे डाली थी। माननीयों द्वारा खुद के लिए पेंशन और कर्मचारियों के लिए मामूली पेंशन की वकालत के मुद्दे पर कर्मचारियों का इन छह सीटों के उपचुनाव में क्या रवैया रहता है, यह भी एक विचारणीय विषय रहेगा। क्या कर्मचारी वर्ग इन छह सीटों को पुन~ कांग्रेस की झोली में डालकर अपनी पुरानी पेंशन को सुरक्षित करने की दिशा में एकजुट रहेंगे? आम नागरिकों के पास पांच वर्षों के बाद मौका आता है जब वे नाकाबिल जनप्रतिनिधियों को बाहर का रास्ता दिखाकर ईमानदार, सुयोग्य, कर्मठ, मेहनती और स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवारों को विजेता बना सकते हैं, लेकिन इस बार हिमाचल में हो रहे उपचुनाव की वजह से यह मौका जल्दी ही आन पड़ा है। लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत आज जरूरत इस बात की भी है कि सरकारें एक नए राष्ट्रीय एजेंडे को सामने लाएं और अपने नागरिकों में एक राष्ट्रीय चरित्र को विकसित करने की चुनौती को स्वीकार करें जहां विकसित भारत की अवधारणा सर्वोपरि हो। चरित्र निर्माण की भावना चुने हुए जनप्रतिनिधियों पर भी लागू होती है। ऐसे जनप्रतिनिधि किस काम के जो जनसेवा के बजाय महज अपने फायदे के लिए मतदाताओं पर पुनः चुनाव लाद दें, मतदाताओं को इसका भी संज्ञान लेना चाहिए। जागरूक मतदाताओं को ऐसे नेताओं के चरित्र एवं इरादों को परखना होगा जिनमें दूरदृष्टि, विजन और सकारात्मक नजरिए की घोर कमी होती है और जिनका एकमात्र लक्ष्य जीतना भर होता है। ऐसे नेता महज चुनावी प्रबंधन की बैसाखियों के बलबूते सत्तासुख भोगते हैं और आम जनता ठगी से वहीं की वहीं खड़ी रह जाती है। :: एजेंसी

गमलों में जुमले

पड़ोसी चाहे मेरा हो या आपका, पड़ोसी का हंसना हर हाल में प्रलय लाता है। पड़ोसी की हंसी प्रलय से पहले की हंसी होती है। आदर्श पड़ोसी जब भी हंसते हैं, उनकी हंसी कहर बरपाती है। पड़ोस में नया बवंडर लाती है। आते ही वे मुस्कुराते बोले, मन से या मन से ये तो वे ही जाने, तुम्हारे लिए फूल लाया हूं। लाइफ टाइम फूल हैं। एक बार जो लग गए तो रात को भी मुस्कुराते रहेंगे। माफ करना! मैंने तुम्हारे साथ आज तक बहुत बुरा किया है, पर अब मैं

चाहता हूं कि'ज्कह उन्होंने मेरी तरफ अलग अलग जात के फूल के आठ दस पौधे बढ़ाए तो मैं दहका। यार! ये हो क्या रहा है? आज दिन में सूरज की जगह चांद कहां से निकल रहा है? मेरे जो पड़ोसी शरीफी की मखमल में बदतमीजी लपेट मेरे मुंह पर मारते रहे और मैं इस मुगालते में जीता रहा कि आज नहीं तो कल, वे सुधर जाएंगे, और सच्ची को आजज फिर मैंने सोचा कि चलो, बरसों के भटके पड़ोसी घर आए हैं तो उनका स्वागत होना चाहिए।

पुरजोर स्वागत होना चाहिए। सो मैंने उनका स्वागत ठीक वैसे ही किया जैसे हम हर बार अमेरिका से आने वालों का करते हैं। चाहे वे हमारे यहां किसी भी मकसद से आते रहे हों। चाय पानी के बाद मैंने उनके दिए फूल पहले उनके सीने से लगाए और फिर अपने गले से। और उसके बाद बड़े शौक से गमलों में एक एक कर लगा दिए, अपने पड़ोसी की मधुर स्मृतियां मान! कल गमलों में महीना पानी के बदले गंगाजल देते रहने के बाद उनके दिए फूलों के पौधों में कलियां आने लगीं तो मैं चहका। लगा, पहली बार वे सच्चे पड़ोसी बनने की ओर अग्रसर हो रहे हों! शुक्र है, फूल में फूल ही आ रहे हैं, बबूल नहीं। सारी रात तब सुबह खिले फूल देखने की चाह लिए सो नहीं पाया। सुबह सुबह के जागने से पहले उठा और फूलों के गमलों की ओर लपका तो ये क्या! हर गमले में फूल के बदले एक एक जुमला खिला हुआ। गुलाब के पौधे में भी जुमला तो गेंदे के गमले में भी जुमला। सूरजमुखी के गमले में भी जुमला तो रात रानी के गमले में भी जुमला। इस गमले में भी महका हुआ जुमला तो उस गमले में भी गदराता जुमला। मैं डरा! यार ! ये पौधे विभिन्न दलों के होंगे कि फूलों के? अभी अपने से प्रश्न कर ही रहा था कि एक गमले का पौध बोला, 'बंधु! तुम्हारे पड़ोसी दे तो तुम्हें फूलों के ही पौधे गए थे परज। 'पर बोले तो? मैंने गमले में लगे फूल की जड़ों की ओर देखा तो वह उसने आगे कहा, 'जुमलों का मौसम चल रहा है न! ऐसे में फूलों के पौधों में फूल कैसे खिल सकते हैं? फूल के पौधों में फूल तो तब लगते जो फूलों का मौसम होता। ये जुमलों का मौसम है। वसंत पर चुनाव का मौसम भारी है। वासंती हवा में खुशबू की नहीं, जुमलों की खुमारी है। कान हो तो ध्यान से सुनो! वोटर रूपी भौंरे जुमले रूपी फूलों पर देखो तो कितनी मस्त मस्त गुंजार कर रहे हैं। अपनी आंखें फेसबुक, व्हाट्सएप से जरा हटाकर तो देखो, फेसबुक, व्हाट्सेप यूनिवर्सिटी के बफेलो! गुल मेहंदी के गमले में भी जुमला खिल रहा है तो कंदपुष्प के गमले में भी जुमला खिल रहा है।

नरगिस के गमले में भी जुमला खिल रहा है तो गुलबहार के गमले में भी जुमला खिल रहा है। अंगूर की बेल में भी अंगूर के बदले जुमले लटक रहे हैं। खट्टे या मीठे ! ये तो बाद में ही पता लगेगा। अंजीर के पेड़ में भी अंजीर की जगह जुमले लगे हुए हैं। अनार, आड़ू, अमरूद, आलू बुखारा, आम तक सब में अनार, आड़ू, अमरूद, आलू बुखारा, आम नहीं जुमले ही लगे हैं। हवा में जुमले गुलाल हो रहे हैं। पानी में जुमले कमाल हो रहे हैं। सड? पर भी आदमी नहीं, जुमले मस्तानी चाल हो रहे हैं', मैंने तब आव देखा न ताव, फूलों के पौधों में लगे अलग अलग किस्म के जुमलों को जी भर सूंघा और बिस्तर हो लिया।

सनातन धर्म और ब्रह्मा, विष्णु, महेश

> दुनिया में रहकर दुनिया वालों से प्रेम करना, उनकी सेवा करना हमारा उद्देश्य होना चाहिए। आध्यात्मिकता का अर्थ है कि हम सब के प्रति दया का भाव रखें, प्रेम का भाव रखें, जहां तक संभव हो, निस्वार्थ भाव से सहायता करें। हम खुद को बदलें, हमारे अंदर के परिवर्तन से ही सब कुछ बदलेगा। हमारा नजरिया बदलेगा तो हम बदलेंगे। हम बदलेंगे तो परिवार बदलेगा, समाज बदलेगा।

हमारे देश में सनातन धर्म में ब्रह्मा, विष्णु और महेश को सृष्टि के जन्मदाता, पालनकर्ता और संहारक माना गया है। सनातन धर्म इन्हें परम तत्व की तीन अभिव्यक्तियों के रूप में स्वीकार करता है। विज्ञान कहता है कि इलैक्ट्रॉन, न्यूट्रॉन और प्रोटोन की शक्ति के बिना किसी भी वस्तु का निर्माण सम्भव नहीं है। अध्यात्म की दृष्टि से देखें तो प्रोटोन को ब्रह्मा जी की अभिव्यक्ति मान सकते हैं, क्योंकि किसी भी वस्तु का अस्तित्व प्रोटोन की विधायी शक्ति के बिना प्रकट ही नहीं हो सकता। उसके प्रकटीकरण का मूल कारण विधायक है, इसीलिए ब्रह्मा जी को विधाता भी कहा गया है। विधाता प्रोटोन है। विधायक न हो तो किसी भी वस्तु की सृष्टि नहीं हो सकती, निर्माण नहीं हो सकता। प्रोटोन के बिना कोई भी वस्तु रूप-रंग, आकार-प्रकार धारण नहीं कर सकती, भौतिक रूप से प्रकट ही नहीं हो सकती। प्रत्येक वस्तु और प्राणी की तीन अवस्थाएं हैं-निर्माण, स्थिति और विनाश। स्थिति में परिवर्तन होता है।

यदि परिवर्तन न हो तो उसका विनाश सम्भव नहीं। जिसके द्वारा वस्तु या प्राणी स्थित रहता है अथवा अपनी स्थिति बनाए रखता है, यह है स्थापक यानी भगवान विष्णु का प्रतिबिंब। विज्ञान की भाषा में हम जिसे न्यूट्रॉन कहते हैं, अध्यात्म की दृष्टि से वह भगवान विष्ण के रूप की अभिव्यक्ति है। शिव विध्वन्स है, इलैक्ट्रॉन है। यदि विध्वन्स न हो तो आविर्भूत वस्तु में परिवर्तन नहीं हो सकता, रूपान्तरण भी नहीं हो सकता। कोई भी वस्तु भौतिक रूप में प्रकट होते ही परिवर्तित होने लगती है, उसमें रूपान्तरण होने लगता है जिसके फलस्वरूप वह नाश की ओर बढ़ने लगती है। विध्वन्स की ओर उसका अस्तित्व उन्मुख हो जाता है। ब्रह्मा, विष्णु और महेश, ये तीन तीनों मौलिक अणुओं के नाम हैं जिन्हें धर्म ने विज्ञान को प्रदान किया है। ये तीन विश्व सृष्टि के आदि मौलिक देवता हैं। इनके न रूप हैं, न रंग हैं, न तो आकार-प्रकार हैं, तीनों अनाम हैं और अरूप हैं। फिर भी वे तीनों सनातन धर्म के मूलाधार हैं। विधायक न हो तो किसी भी वस्तु का अस्तित्व नहीं हो सकता। विधायक जन्मदाता, ब्रह्मांड निर्माणकर्ता है। स्थापक न हो तो कोई भी वस्तु अपने अस्तित्व में नहीं रह सकती। अपनी स्थिति को उपलब्ध नहीं हो सकती। इसी प्रकार विध्वन्सक न हो तो वस्तु में परिवर्तन नहीं हो सकता और अन्त में उसका नाश नहीं हो सकता। परिवर्तन होना महत्वपूर्ण है। यदि कोई भी एक स्थिति बराबर बनी रहेगी और उसमें परिवर्तन नहीं होगा तो प्रकृति में विकृति उत्पन्न हो जाएगी, सृष्टि की मर्यादा भंग होने लगेगी। विकृति उत्पन्न न हो और सृष्टि की मर्यादा भी न भंग हो, इसके लिए परिवर्तन और विध्वन्स आवश्यक है। अस्तित्व अपने आपको तीन रूपों में अभिव्यक्त कर रहा है।

तात्पर्य यह कि अस्तित्व की तीन अभिव्यक्तियों के योग से अस्तित्व निर्मित होता है। किसी भी अस्तित्व की अभिव्यक्ति के मूल में इन तीनों का योग समझना चाहिए। 'सहज संन्यासी' के रूप में इसीलिए हम यह मानते हैं कि इस ब्रह्मांड की हर वस्तु, हर प्राणी और खुद हम भी इलैक्ट्रॉन, न्यूट्रॉन और प्रोटोन के योग से ही बने हैं तो फिर फर्क कहां है? और अगर फर्क है ही नहीं तो किसी भी वस्तु या प्राणी से उपेक्षा कैसे हो सकती है, नफरत कैसे हो सकती है? 'सहज संन्यास मिशन' की ओर से यह बार-बार दोहराया जाता रहा है कि पूजा सिर्फ तभी पूजा है जब हम प्रेममय हो जाते हैं, देश, धर्म, जाति, लिंग, क्षेत्र की बात छोड़?र हर व्यक्ति से प्रेम करने लगते हैं, बिना कारण प्रेम करने लगते हैं, और व्यक्ति से ही नहीं, हर वस्तु से प्रेम करने लगते हैं, हर जड़-चेतन जीवन का सम्मान करने लगते हैं, बिना कारण, बिना लालच, बिना किसी डर के। यह जीवनशैली अपना लें तो मन हमेशा प्रसन्न-प्रफुल्लित रहता है। जब हम प्रेममय हो जाते हैं तो शिकायतें खत्म हो जाती हैं, किसी बात का गिला नहीं रह जाता, क्रोध नहीं रह जाता, पछतावा नहीं रह जाता, इन सब की जगह कृतज्ञता का भाव आ जाता है, समर्पण का भाव आ जाता है, सेवा का भाव आ जाता है। इस तरह हम अध्यात्म की कई सीढि?ां चढ़ जाते हैं। हम आध्यात्मिक होते हैं तो ब्रह्मांड से जुड़ जाते हैं, परमात्मा से जुड़ जाते हैं। 'सहज संन्यास मिशन' के अनुगामी के रूप में हम सबका मानना है कि दुनिया माया नहीं है, जीवन सपना नहीं है। हम जीवित हैं, हमें एक शरीर मिला है और हम इस दुनिया में हैं, तो यह भी एक सच है, और इसे झुठलाया नहीं जाना चाहिए। :: चर्चित डेस्क

आज का राशिफल

मेषः– जीविका क्षेत्र में नए आयाम आपको उत्साहित करेंगे। पुरानी समस्याओं को हलकर सुख की अनुभूति करेंगे। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

वृषः– भौतिक आकांक्षाएं बलवती होंगी। राजनीतिज्ञों के लिए राजनीतिक क्षेत्र में व्यस्तता व क्रियाशीलता बढ़ेगी। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें। खराब संगत से दूरी बनाएं।

मिथुनः– महत्वपूर्ण घरेलू दायित्वों के प्रति मन केन्द्रित होगा। अत्यधिक कार्यो की व्यस्तता से मन परेशान होगा। पारम्परिक कार्यो में व्यस्तता बढ़ेगी। जीवन साथी से भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

कर्कः– क्रोध व शंकाए छोड़ संबंधों में प्यार विखेरें। कार्य क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। क्षमता से अधिक व्यय भविष्य के लिए चिन्ता उत्पन्न करेगी। किसी नए कार्य में मन केन्द्रित होगा। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

सिंहः– किसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी की व्यस्तता से मन बोझिल होगा। निराशा त्याग मन को आशावादी विचारों से सिंचित करें। महत्वपूर्ण क्षेत्र में संबंधों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में बौद्धिक क्षमता का लाभ उठाऐंगे।

कन्याः– किसी महत्वपूर्ण कार्य में धनाभाव अवरोधक हो सकता है। लेकिन प्रियजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। अच्छी आशाएं आप में क्रियाशीलता बढ़ाएंगी। परिवार में कोई सुखद माहौल बनेगा।

तुलाः– हर वक्त अपने को लाचार बनाए रखना अच्छी बात नहीं, समय का सदोपयोग करें और स्वयं को सकारात्मक दिशा दें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित।

वृश्चिकः– शासन-सत्ता के सहयोग से कार्य क्षेत्र के अवरोध समाप्त होंगे। कार्य क्षेत्र में लोकप्रियता व वर्चस्व बढ़ेगा। प्रयत्न की सार्थकता उच्छृंखलता व व्यग्रता क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

धनुः– कोई नई योजना उत्साहित करेगी। भौतिक जगत के चकाचौंध आप प्रभावित होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता के आसार बढ़ेंगे। अच्छे व्यवहारकुशलता से सामाजिक मान-मर्यादा में वृद्धि होगी।

मकरः– कुछ बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता ला सकता है। नैतिक जिम्मेदारियों में सजगता काबिले तारीफहोगी। पूर्वाग्रह वश मन में संबंधों के प्रति नकारात्मकता को न पालें।

कुंभः– खाली मन शैतान का घर अपने दिनर्चया को सुधारें। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। पारिवारिक जरुरतों की पूर्ति साधनाभाव से मन चिंतित होगा। मधुर वाणी से संबंधों में प्रभावशाली होंगे।

मीनः– भौतिक सुख-साधनों की ओर मन आकर्षित होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ नई प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

राशि रत्न

अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर जवानों को दी श्रद्धांजलि

उन्नाव, चसं। जनपद के अचलगंज में फायर स्टेशन पर अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। जहां शहीद जवानों की स्मृति में प्रभारी शिवराम यादव के नेतृत्व में कर्मियों ने 2 मिनट का मौन रख कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। दरअसल, 14 अप्रैल 1946 के दिन मुंबई बंदरगाह पर रुई से लदे एक मालवाहक जहाज में आग लग गई थी। इस दौरान आग पर काबू पाने की कोशिश में फायर ब्रिगेड पुलिस के 66 जवान शहीद हो गए थे। फायर स्टेशन अफसर शिवराम यादव ने बताया कि आम जनमानस को आग पर काबू पाने व आग से बचाव के तरीके बताने का प्रचार प्रसार शुरू कर दिया गया है। जिससे आग की घटनाओं पर अंकुश लग सके। उन्होंने कहा कि बचाव के तरीके सब तक पहुंच सके। इसके लिए सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर चस्पा किए जा रहे है। इसके अलावा समस्त थानाध्यक्षों का भी सहयोग लिया जाएगा। जिसे वह अपने क्षेत्र में वितरण कराकर जनता को जागरूक करने में मदद करें। अग्नि सुरक्षा सप्ताह आगामी 20 अप्रैल तक चलेगा।

भीमराव अम्बेडकर के लिए केवल बीजेपी ने ही काम किया है : पाठक

डिप्टी सीएम ने विपक्षी दलों के गठबंधन पर बोला करारा हमला, कहा- बवाली लोग भ्रष्टाचार में फंसे हुए हैं

चर्चित राजनीति। संवाददाता

हरदोई। जिले में आज भारतीय जनता पार्टी के सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन को संबोधित करने पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने विपक्षी दलों के गठबंधन पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि यह सड़ी मिठाई है जिनको दूसरे डिब्बे में पैक करके लाया गया है यह सब सारे बावली लोग हैं जो भ्रष्टाचार में गले तक फंसे हुए हैं।

उन्होंने समाजवादी पार्टी के नेता आदित्य यादव के बयान की भी निंदा की, वही अखिलेश यादव के संविधान बदलने के बयान को लेकर उन्होंने कहा कि भीमराव अंबेडकर के लिए केवल बीजेपी ने ही काम किया है। हरदोई के नारायण धाम में भारतीय जनता पार्टी के सोशल मीडिया वाले वॉलिंटियर्स सम्मेलन को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा मसला यह है चुनना है एक तरफ मोदी जी हैं भारतीय जनता पार्टी और एक तरफ वह लोग हैं जो सड़ी मिठाई को दूसरे डिब्बे में पैक करके लाये पहले इनका नाम था यूपीए 1 और यूपीए 2 और उसमें कांग्रेस और यही सब सारे बवाली लोग रहे, जो भ्रष्टाचार में गले तक फंसे हैं। अब हम लोग रैली कर रहे हैं जो मोदी जी की गरीब कल्याण योजनाएं हैं उनको बता रहे हैं हम बता रहे हैं गुंडा डराने हैं वह सब भ्रष्टाचारी इकट्ठे होकर दिल्ली में बता रहे हैं कि भ्रष्टाचारियों को बचा लो।अब मोदी जी ने कह दिया है ना भ्रष्टाचार बचेगा ना भ्रष्टाचारी। उत्तर प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने अखिलेश यादव के भाजपा सांसद लल्लू सिंह का एक बयान को लेकर किये गए ट्वीट को लेकर कहा,भारतीय जनता पार्टी बाबा साहब को नमन करती है संविधान निर्माता को नमन करती है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने बाबा साहब के पंच तीर्थ का डेवलपमेंट करने का काम किया। आज तक किसी ने भी दिशा में ध्यान नहीं दिया। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी के नेता आदित्य यादव के बयान को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा सवाल आदित्य यादव का बयान है कि चाय वालों के हाथ में अगर बागडोर जाएगी तो चाय वाला बेच देगा÷के जवाब पर कहा, लोकतंत्र में इस प्रकार गरीबों का मजाक उड़ाने का किसी को भी हक नहीं इसकी घोर निंदा होनी चाहिए।

भाजपा की 156 सदर विधानसभा की संगठन कामकाजी बैठक सम्पन्न

चर्चित राजनीति। संवाददाता

हरदोई। 156 सदर विधान सभा हरदोई की संगठन कामकाजी बैठक जिला भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई।

31,लोक सभा के संयोजक और भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रीतेश दीक्षित ने बूथ पर करने वाले 20 काम काज की चर्चा की। आगामी कार्यक्रमों की योजना पर बातचीत हुई।भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि इस बार 400 पार करना है और हर कार्यकर्ताओं को अपना शत प्रतिशत योगदान देना है एक माह का समय पार्टी के लिए मोदी जी को देना है।

संचालन विधान सभा के सह संयोजक विपिन सिंह गौर ने किया।विधान सभा के संयोजक अविनाश मिश्र ने जिला अध्यक्ष और लोकसभा संयोजक का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मंच पर नंद लाल शास्त्री प्रभारी विधानसभा, गांगेश पाठक मीडिया प्रभारी,अतुल सिंह कार्यालय मंत्री,अलका गुप्ता जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, मंडल अध्यक्ष अजीत उपाध्याय, श्याम सिंह,रामप्रताप सिंह,देश दीपक दीक्षित, सुख सागर मिश्र अध्यक्ष नगर पालिका हरदोई। आज की बैठक में शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी, प्रवासी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, मंडल प्रवासी, मंडल समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

मां कात्यायनी के दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

उन्नाव, चसं। जिले नवरात्र के छठे दिन दुर्गा के स्वरूप में मां कात्यायनी के दर्शन के लिए सुबह से लेकर देर रात तक दुर्गा मंदिरों में खासी भीड़ देखने को मिलती है। राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में भोर पहर से भक्तों की कतारें लगी रहती है। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लाइन लगी रही। वहीं देर रात तक श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए मंदिर परिसर में मौजूद रहते हैं। दिनभर मां का पूजा पाठ चलता रहता है। मंदिरों में बज रहे मां के गीतों व भजनों से नगर भक्तिमय बना रहता है। रविवार को मां कात्यायनी के स्वरूप के दर्शन के लिए मां के दरबार को भव्य तरीके से सजाया गया है। दिन भर मां के जयकारे लगते रहे। आचार्य विनोद पांडे ने बताया कि मां कात्यायनी की विधि विधान से पूजा अर्चना करने से ऐच्छिक मनोकामनाएं पूरी होती है। उपवास रखकर व दुर्गा शप्तशती पाठ करके भक्तों ने मां को प्रसन्न किया।

मां दुर्गा की छठवीं शक्ति कात्यायनी की उपासना करने से परम पद की प्राप्ति होती है। नवरात्रि में छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा की जाती है। इनकी उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी आसानी से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है।

सामाजिक समानता और आर्थिक समता के प्रेरणास्रोत थे बाबा साहब

चर्चित राजनीति। संवाददाता

हरदोई। संविधान रक्षा एवं राष्ट्र निर्माण के लिए बाबा साहब का जीवन हम सभीको प्रेरित करता है। जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालत हरदोई पर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी हरदोई द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब जी की जयंती मनाई गई।

कांग्रेस जनों ने बाबा साहब जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।इसके पश्चात एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह सोमवंशी ने कहा कि सामाजिक समानता और आर्थिक समता के प्रेरणा स्त्रोत थे बाबा साहब।संविधान रक्षा एवं राष्ट्र निर्माण के लिए बाबा साहब का जीवन हम सभीको प्रेरित करता है।हम सबको बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलना और देश के संविधान को मज़बूत करना है। लोकतंत्र को सशक्त बनाने में उनका साहस, उनका ज्ञान और योगदान उनकी विरासत हैं जो हमें देश के लिए हर संघर्ष में प्रेरणा देती रहेंगी। जिला उपाध्यक्ष अनुपम दीक्षित ने कहा कि बाबा साहेब के योगदान के प्रति देश हमेशा ऋणी रहेगा। उनके पदचिन्हों का अनुसरण करके युवा पीढ़ी सदैव प्रेरित होती रहेगी। इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष भुवनेश प्रताप सिंह, सोशल मीडिया विभाग जिलाध्यक्ष महताब, जिला अनुसूचित जाति विभाग चेयरमैन विनीत वर्मा, जिला सचिव राजेश पाण्डेय पदाधिकारी मौजूद रहे।

हर्षोल्लास से मनाया गया अंबेडकर का जन्मदिन कस्बे सहित क्षेत्र में निकाला गया जुलूस

चर्चित राजनीति। संवाददाता

शाहाबाद/हरदोई। कस्बे सहित क्षेत्र में संविधान निर्माता डा भीमराव अम्बेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।कस्बे में पिछड़ा वर्ग सहित कई संगठन के लोगों ने प्रमुख मार्गो पर झांकियों के साथ विशाल जुलूस निकाला।कोतवाली पुलिस भी सुरक्षा की दृष्टिकोण से पूरे रास्ते जुलूस के साथ चलकर निगरानी करती नजर आई। कस्बे में डा भीमराव अम्बेडकर जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में ओबीसी महासभा,संत गाडगे धोबी महासभा,कठेरिया समाज कल्याण सभा,भारतीय बौद्ध सभा,गौतम बुद्ध जनकल्याण सभा और भारत रत्न बाबा साहेब सेवा समिति द्वारा अंबेडकर जयंती पर कस्बे के अंबेडकर पार्क से विशाल जुलूस निकाला गया। जो ब्लॉक चौराहा से प्रमुख मार्गो से होते हुए अंबेडकर पार्क पर समाप्त हुआ।जिसमे हजारों की संख्या में बाबा साहब के अनुयायियों ने भाग लिया।क्षेत्र के ग्राम नगला लोथू में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मुजीब खां ने बाबा साहब और गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद मुजीब खां ने कहा कि बाबा साहब का देश के प्रति योगदान और छुआछूत के विरुद्ध किए गए संघर्ष को कभी भुलाया नहीं जा सकता। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी ने समाज के प्रत्येक उपेक्षित वंचित वर्ग तथा सभी को संविधान में बराबरी का हक दिया। इसलिए प्रत्येक देशवासियों को भारतीय संविधान की रक्षा करनी चाहिए। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शाहिद खान, मुंशीलाल चंचल तथा बाबा साहब जयंती समारोह कमेटी के अध्यक्ष सालिक राम, गंगा प्रसाद, रमाकांत, दिलाराम सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

पतंजलि प्रभारी ने योग साधक के निधन पर शोक सभा

चर्चित राजनीति। संवाददाता

हरदोई। शहीद उद्यान हरदोई में पतंजलि योग समिति हरदोई के जिला प्रभारी हरिबंश सिंह द्वारा संचालित निःशुल्क पतंजलि योग कक्षा में योग करने के बाद एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें पुराने योग साधक श्याम बाबू मिश्रा के दामाद व परितोष अवस्थी के भाई प्रशांत अवस्थी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया और खड़े होकर दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई कि उनकी पवित्र आत्मा को शान्ति प्रदान करे और शोक संपत को परिवार को यह असहनीय दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। उक्त अवसर पर दिलीप कुमार गुप्ता, तोताराम गुप्ता, शशिकला सिंह, रत्ना मिश्रा, कंचन पाण्डेय, नीलम मिश्रा, मीरा गुप्ता, संतोषी देवी, सुमन मिश्रा, वेवी देवी, मनोरमा देवी, शशी देवी. रामकिशोर पाल, सतेन्द्र सिंह, ललित कुमार गुप्ता, अनुराग पाण्डेय, विष्णु लाल कश्यप, नत्थू लाल, तथा ऑनलाइन में प्रभा सिंह, सुधा सिंह, गीता सिंह, रागिनी गुप्ता, मिथलेश कुमारी, रूबी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

नवोदित कवियित्री आकृति श्रीवास्तव की प्रथम काव्य रचना 'कृति' का विमोचन हुआ

चर्चित राजनीति। संवाददाता

हरदोई। जनपद की प्राचीनतम साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था श्री सरस्वती सदन के तत्वावधान में नवोदित कवियित्री आकृति श्रीवास्तव की प्रथम काव्य रचना 'कृति' का विमोचन सदन सभागार में अध्यक्ष अरुणेश वाजपेयी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात युवा कवियित्री पल्लवी मिश्रा ने मां सरस्वती की वाणी वंदना प्रस्तुत की। आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए रचनाकार आकृति श्रीवास्तव ने कहा कि यह मेरी प्रथम काव्य रचना है; जिसमें मैंने अपनी भावनाओं को स्वर देने का प्रयास किया है। हालांकि इसका वास्तविक मूल्यांकन पाठकों को ही करना है।

अध्यक्षता कर रहे सदन अध्यक्ष अरुणेश वाजपेयी ने कहा कि श्री सरस्वती सदन निरंतर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में अपनी महती भूमिका का निर्वहन कर रहा है। इसी श्रृंखला में आज युवा कवयित्री आकृति की प्रथम काव्य रचना %कृति% का विमोचन संपन्न हुआ। उन्होंने रचनाकार को आशीष प्रदान करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। काव्य संग्रह के समीक्षक रहे श्रेष्ठ रचनाकार डॉ राघवेंद्र मिश्र प्रणय ने कहा कि संपूर्ण विश्व ही किसी कवि की कविता है। संवेदनहीन होते समाज में आज कविताएं विशेष रूप से प्रासंगिक और अपरिहार्य हो गई हैं। समीक्षक डॉ. देश दीपक शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा कि सीधी-सादी बातचीत के लहजे में लिखी हुई आकृति की कविताएं नई पीढ़ी के लिए प्रेरक और मित्र की भांति सचेतक हैं। समारोह के संचालक और सदन के मंत्री मनीष कुमार मिश्र ने कहा कि आकृति की कविताएं उसकी कोमल भावनाओं का प्रकटीकरण है। जनपद का साहित्य जगत इसका हृदय से स्वागत करता है।कार्यसमिति सदस्य व रचनाकार के पिता अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि आकृति का प्रथम प्रयास निस्संदेह बहुत सराहनीय है। अपनी रचनाओं के माध्यम से वह समाज और साहित्य की निरंतर सेवा करती रहे।

समारोह में रचनाकार और उसकी कृति के संबंध में सदन उपाध्यक्ष श्रवण कुमार मिश्र राही व पूर्णिमा श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रो. अखिलेश वाजपेयी, चंद्रप्रकाश द्विवेदी मयंक, गिरीश डिडवानिया, सरिता अग्रवाल, अभिषेक अग्निहोत्री, आलोक मिश्र, डॉ. वंशीधर शुक्ल, सीमा गुप्ता असीम, कुमुदिनी देवी, उदयराज सिंह, श्रवण तिवारी, अनूप पुरी,मृदुल श्रीवास्तव, शैफाली श्रीवास्तव,गौरव सिन्हा, धीरज श्रीवास्तव, प्रतिमा श्रीवास्तव, निशानाथ अवस्थी, माधवी श्रीवास्तव, अनमोल शुक्ल, रामेंद्र श्रीवास्तव, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, पंकज अवस्थी, शशिकांत दीक्षित, राम औतार शर्मा, सर्वेश पाण्डेय, शैफाली श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, गौरव सिंह आदि उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन पुस्तकालयाध्यक्ष सीमा मिश्रा ने किया।

संक्षिप्त समाचार

भारी मात्रा में गांजे के साथ एक युवक गिरफ्तार पुलिस ने भेजा जेल

बघौली/ हरदोई, चसं। थाना क्षेत्र के अंतर्गत गस्त के दौरान पुलिस को मुखबिर की सूचना पर एक अज्ञात व्यक्ति सामने जा रहा था पुलिस टीम को आता देख उसने भागने की कोशिश की। चौकी प्रभारी अवधेश कुमार सिंह व समस्त टीम ने तत्परता दिखाते हुए दौड़ाकर पकड़ लिया पूछताछ करने व जामा तलाशी के दौरान उसके पास से एक किलो चार सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ,पुलिस को सूचना मिली बघौली प्रताप नगर मार्ग पर ग्राम ढोली के पास एक संदिग्ध व्यक्ति झोले के साथ खड़ा है पूछताछ में उसने अपना नाम परविंदर पुत्र हरिश्चंद्र निवासी दुर्जन पुरवा माजरा खजुरमई बताया।पुलिस ने अभियुक्त को हिरासत में लेकर मुकदमा पंजीकृत करके न्यायालय भेज दिया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया, मेरे द्वारा गठित टीम सभी अराजक तत्वों पर नजर बनाए हुए है अपराधी कोई भी हो कानून के शिकंजे से बच नहीं पाएगा।

बाबा साहब ने समाज के सभी लोगों के स्वाभिमान और सम्मान के उत्थान के प्रति काफी संर्घष किया : दामोदर बाजपेई

हरदोई, चसं। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर स्वामी विवेकानन्द सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी दामोदर बाजपेई ने कलेक्ट्रेट के अन्य कर्मचारियों के साथ बाबा साहब के चित्र पर माल्यापर्ण कर किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए श्री बाजपेई ने कहा कि बाबा साहब ने भारतीय संविधान की रचना करते हुए समाज के सभी लोगों के स्वाभिमान और सम्मान के प्रति काफी संर्घष किया। उन्होने कहा कि हम सभी को बाबा साहब के बताये मार्ग पर चल कर समाज हित में कार्य करना चाहिए।

अपनी जिम्मेदारी और दायित्यों का ईमानदारी से निर्वहन करें : मंगला प्रसाद सिंह

हरदोई, चसं। लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण में उत्तराखण्ड राज्य के जनपद चम्पावत एवं पिथौरागढ़ में निर्वाचन निष्पक्ष एवं शान्ति पूर्ण सम्पन्न कराने हेतु जनपद के 870 होमगार्ड्स जवानों की बसों जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने आर0आर0 इण्टर कालेज प्रागंण से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने होम गार्ड्स जवानों की सलामी ली तथा उपस्थित होम गार्डर्स जवानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड प्रदेश और वहां का वातावरण काफी अच्छा है परन्तु जिन जवानों को स्वास्थ्य में कुछ दिक्कत है, वह अपने साथ अपनी दवायें अवश्य रखें और जनपद की मर्यादा बनाये रखने के लिए निर्वाचन के दौरान अपनी जिम्मेदारी एवं दायित्यों का ईमानदारी से निर्वहन करें तथा मतदान निष्पक्ष एवं शान्ति पूर्ण सम्पन्न करायें। इस अवसर पर जिला कमान्डेंट मनोज कुमार ने बताया कि जनपद से चम्पावत के लिए 700 तथा पिथौरागढ़ के लिए 170 होम गार्ड्स जवानों को जिलाधिकारी द्वारा रवाना किया गया है। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

दुर्गा पूजा पंडाल में उमड़ रही भक्तों की भीड़

शाहाबाद/हरदोई, चसं। कस्बे के मोहल्ला गिगियानी में मां दुर्गा पूजा पंडाल की आयोजक किन्नर पलक द्वारा इस वर्ष नवरात्रि के नौ दिन दुर्गा रात्रि जागरण का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में भक्त गण पहुंच कर मां दुर्गा के भजन का रस ले रहे हैं। किन्नर हिरनी का शिष्य किन्नर पलक पिछले कई वर्षो से गिगियानी मोहल्ले में अपने आवास के सामने स्टार धर्म कांटे के निकट मै दुर्गा पूजा पंडाल में विशाल दुर्गा जागरण का आयोजन कर रहे हैं। इस पूजा पंडाल में सुबह और शाम बड़ी संख्या में आरती पूजन करने के लिए महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की भीड़ उमड़ रही है। पूरी रात चलने वाले जागरण के कार्यक्रम में प्रतिदिन मेहमान कलाकारों द्वारा एक से एक मनमोहक झांकियों के साथ भक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दी जा रही है। जिसे देखने के लिए दर्शक पूरी रात जमे रहते हैं। किन्नर पलक द्वारा किया जा रहा है यह भक्ति पूर्ण आयोजन नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है, और लोग किन्नर पलक की काफी सराहना कर रहे हैं। पूरे 9 दिन तक यह कार्यक्रम चलेगा। 17 अप्रैल को मूर्ति विसर्जन के बाद भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

राम जानकी विवाह प्रसङ्ग सुन आनंदित हुए भक्त

हरदोई, चसं। श्री सीताराम सुंदरकांड सत्सङ्ग सेवा समिति की ओर से चल रही श्री राम कथा के छठे दिन कथा व्यास अंजनी शरण महाराज द्वारा श्री राम जानकी विवाह का मोहक वर्णन सुनाया गया। धनुष भंग के बाद विधिवत रीतियों के अनुसार राम जी के साथ ही लक्ष्मण भरत व शत्रुघ्न का विवाह जनक जी की पुत्रियों के साथ संपन्न होता है। जब बारात विदा होती है तब समस्त जनकपुर वासियों के नयन अश्रु पूरित हो जाते है। बारात जब अयोध्या आती है तो वहाँ भव्य स्वागत किया जाता है। पूरी अयोध्या में उत्सव मनाया जाता है। कथा मे जुगुल किशोर, धीरज शुक्ल, चिंतन शुक्ल, आनंद अवस्थी, भगवान शरण गुप्त, संतोष द्विवेदी आदि रहे।

संक्षिप्त समाचार

बिजली की मांग बढ़ने से सरकार ने सभी गैस आधारित प्लांट को दो महीने चालू रखने को कहा

नयी दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने इस बार लंबे समय तक गर्मी रहने के अनुमान के कारण बिजली की मांग में वृद्धि को देखते हुए गैस आधारित सभी बिजली उत्पादन स्टेशनों को एक मई से 30 जून तक अपने संयंत्रों को चालू रखने का निर्देश दिया है। गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों (जीबीएस) के एक बड़े हिस्से का वर्तमान में, मुख्यतः व्यावसायिक कारणों से प्रयोग नहीं हो रहा है। मंत्रालय ने इस गर्मी (अप्रैल से जून 2024) में 260 गीगावाट अधिकतम बिजली मांग का अनुमान लगाया है। पिछले साल सितंबर में बिजली की अधिकतम मांग 243 गीगावाट के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी। बिजली मंत्रालय के बयान के अनुसार, यह आदेश एक मई, 2024 से 30 जून, 2024 तक बिजली उत्पादन और आपूर्ति के लिए वैध रहेगा। बयान के अनुसार, ÷गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों से अधिकतम बिजली उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने बिजली अधिनियम, 2003 की धारा 11 के तहत सभी गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों को निर्देश जारी किए हैं। इनके तहत सरकार के निर्देश पर एक उत्पादन कंपनी असाधारण परिस्थितियों में किसी भी उत्पादन स्टेशन का संचालन और रख-रखाव कर सकती है।

रियल एस्टेट में विदेशी निवेश में भारी गिरावट जनवरी-मार्च में सिर्फ 1.1 करोड़ डॉलर आए

नयी दिल्ली, एजेंसी। विदेशी निवेशक इस साल रियल एस्टेट से सतर्क रहे और उन्होंने इस क्षेत्र में 2024 की पहली तिमाही में सिर्फ1.1 करोड़ डॉलर का निवेश किया। वैश्विक संपत्ति सलाहकार फर्म वेस्टियन ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र में जनवरी-मार्च में संस्थागत निवेश सालाना 55 प्रतिशत घटकर 55.2 करोड़ डॉलर रह गया। रिपोर्ट के अनुसार, रियल एस्टेट क्षेत्र में पिछले साल की समान अवधि में 123.83 करोड़ डॉलर (1.23 अरब डॉलर) निवेश आया था। वेस्टियन के आंकड़ों के अनुसार, देश के रियल एस्टेट क्षेत्र में विदेशी कोषों का संस्थागत प्रवाह 2024 की पहली तिमाही में 99 प्रतिशत गिरकर केवल 1.1 करोड़ डॉलर रह गया, जो पिछले साल की समान अवधि में 79.14 करोड़ डॉलर था। घरेलू निवेशकों ने जनवरी-मार्च 2024 में भारतीय रियल एस्टेट में 54.11 करोड़ डॉलर का निवेश किया, जो पिछले साल की समान अवधि में 44.69 करोड़ डॉलर से 21 प्रतिशत अधिक है। वेस्टियन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्रीनिवास राव ने कहा कि घरेलू निवेशक भारत की वृद्धि गाथा को लेकर उत्साहित हैं और रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश करना जारी रख रहे हैं।

मार्च में खुदरा महंगाई दर दस महीने के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर

नई दिल्ली, एजेंसी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति की दर मार्च में घटकर दस महीने के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर आ गई। हालांकि खाद्य पदार्थों की खुदरा महंगाई दर 8.27 फीसदी (फरवरी में 8.66 प्रतिशत) के ऊंचे स्तर पर रहने से आम लोगों को ज्यादा राहत नहीं मिली है। इससे पहले फरवरी में खुदरा महंगाई 5.09 प्रतिशत और जनवरी में 5.1 प्रतिशत थी। सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, खाद्य तेलों के दाम में गिरावट का रुख मार्च में भी जारी रहा और मार्च 2023 के मुकाबले इसमें 11.72 प्रतिशत की नरमी रही। लेकिन, सब्जियों के दाम 28.34 प्रतिशत बढ़ने से आम गृहणियों का बजट गड़बड़ा गया। दालों के दाम 17.71 प्रतिशत बढ़े। मसालों की महंगाई दर 11.4 फीसदी रही। मार्च में अनाज 8.37 प्रतिशत, अंडे 10.33 प्रतिशत, मांस-मछली 6.36 फीसदी महंगी हुई। दूध के दाम भी 3.38 फीसदी बढ़े। खुदरा महंगाई में नरमी की मुख्य वजह ईंधन एवं बिजली के दाम मार्च 2023 के मुकाबले 3.24 प्रतिशत कम होना रहा। केंद्र सरकार ने आम चुनाव से पहले एलपीजी और पेट्रोल की कीमतों में कटौती की थी। खुदरा महंगाई अभी भी आरबीआई के मध्यावधि लक्ष्य चार प्रतिशत से ऊपर है और यही मुख्य कारण है कि केंद्रीय बैंक ने विकास को गति देने के लिए ब्याज दरों में कटौती नहीं की है। आरबीआई स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखना चाहता है और उसने अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षाओं में लगातार सात बार रेपो दर को 6.5 फीसदी पर स्थिर रखा है। आरबीआई ने 5 अप्रैल को अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा में कहा था कि उसे उम्मीद है कि इस साल सामान्य मानसून को देखते हुए 2024-25 में मुद्रास्फीति घटकर 4.5 प्रतिशत पर आ जाएगी।

भारतपे के सह-संस्थापक अश्नीर ग्रोवर मेडिकल लोन के लिए जीरोपे नाम से लॉन्च करेंगे ऐप

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतपे के सह संस्थापक और पूर्व एमडी अश्नीर ग्रोवर जीरोपे नाम से एक नया ऐप लॉन्च करने वाले हैं, जो हेल्थकेयर के लिए ऋण प्रदान करेगा। ऐप की गूगल प्ले स्टोर लिस्टिंग के अनुसार, जीरोपे का वर्तमान में परीक्षण चल रहा है। इसे थर्ड यूनिकॉर्न द्वारा विकसित किया गया है, जिसकी स्थापना ग्रोवर ने भारतपे से बाहर निकलने के बाद की थी। यह ऐप यूजरों को उनके चिकित्सा खर्चों को कवर करने के लिए पांच लाख रुपये तक का तत्काल पूर्व-अनुमोदित चिकित्सा ऋण प्रदान करेगा। कंपनी ने तत्काल ऋण प्रदान करने के लिए दिल्ली स्थित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) मुकुट फिनवेस्ट के साथ साझेदारी की है। जीरोपे ऐप वेबसाइट के अनुसार, यूजर केवल भागीदार अस्पतालों में ही सेवा का लाभ उठा सकते हैं।

ज़ीरोपे के चिकित्सा ऋण के लिए आवेदन करने के लिए यूजर को ऐप डाउनलोड करना होगा, एक त्वरित आवेदन पूरा करना होगा और फिर उन्हें तत्काल ऋण स्वीकृति प्राप्त होगी। ज़ीरोपे ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, ज़ीरोपे यूजर की ओर से चुने गए अस्पताल को सीधे स्वीकृत ऋण राशि का भुगतान करके एक सीधी प्रक्रिया सुनिश्चित करता है। ग्रोवर ने अपनी पत्नी माधुरी जैन ग्रोवर और उद्यमी असीम घावरी के साथ जनवरी 2023 में थर्ड यूनिकॉर्न लॉन्च किया था। कंपनी ने ड्रीम11, मोबाइल प्रीमियर लीग (एमपीएल) और माय11सर्कल को टक्कर देने के लिए क्रिकपे के साथ शुरुआत की।

शिमरोन की शानदार बल्लेबाजी से राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हराया

चर्चित राजनीति। एजेंसी

मुल्लाम्पुर। यहां के महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शनिवार को आईपीएल 2024 के मैच में राजस्थान रॉयल्स के लिए मुश्किल समय में शिमरोन हेटमायर ने 10 गेंदों में नाबाद 27 रनों की शानदार पारी खेली। कम स्कोर वाले रोमांचक मैच में राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर बनी रही।

पीबीकेएस को 20 ओवरों में 147/8 पर सीमित करने के बाद आरआर टीम तब मुश्किल में पड़ गई, जब रियान पराग के गिरने के बाद हेटमायर आए और ध्रुव जुरेल को भी आउट होते देखा। बढ़ते दबाव में हेटमायर ने एक गेंद शेष रहते आरआर को लाइन पर लाने के लिए विजयी चौका सहित तीन छक्के लगाए। दोनों टीमों के बीच आखिरी ओवर के एक और मुकाबले में आरआर को करीबी जीत दिलाने में रोवमैन पॉवेल ने भी पांच गेंदों में महत्वपूर्ण 11 रन बनाकर उनकी मदद की। 148 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए टी20 में पहली बार सलामी बल्लेबाज के रूप में खेल रहे तनुश कोटियन ने अर्शदीप सिंह की गेंद पर बैकवर्ड पॉइंट पर कट लगाकर शानदार शुरुआत की और तेज गेंदबाज की गेंद पर एक और चौका लगाया। दूसरे छोर से यशस्वी जयसवाल ने अपने फ्लिक को सही समय पर चलाया और दो चौके लेने के लिए अच्छी ड्राइव की। हालांकि कोटियन को कैगिसो रबाडा को मिड-ऑन पर चार रन के लिए आउट करने के बावजूद आगे बढ़ने के लिए संघर्ष करना पड़ा, लेकिन जयसवाल ने सैम कुरेन की गेंद को काट दिया और मिसफील्ड के कारण उन्हें दो चौके लेने में भी मदद मिली। आरआर ने पहली बार आईपीएल 2024 के पावर-प्ले में एक भी

■ 10 गेंदों में नाबाद 27 रन की पारी खेली

विकेट नहीं खोया।संजू सैमसन ने लिविंगस्टोन की गेंदों पर छक्के और चौके लगाकर आरआर के लक्ष्य का पीछा करने में सकारात्मक भूमिका निभाई। रबाडा को वापस लाने के लिए पीबीकेएस की चाल जसीवाल के रूप में काम कर गई, जो बढ़ती डिलीवरी पर अपर-कट था, लेकिन थर्ड मैन ने उसे पकड़ लिया और अपने अगले ओवर में सैमसन को एलबीडब्ल्यू कर दिया।अर्शदीप ने पीबीकेएस को आगे कर दिया, जब उन्होंने पराग को टॉप-एज पर डीप में कैच कराया, उसके बाद हर्षल पटेल ने ज्यूरेल को डीप मिड-विकेट से दौड़ते हुए शशांक सिंह के हाथों कैच कराकर शानदार कैच लपका। जब 14 गेंदों पर 30 रनों की जरूरत थी, तब हेटमायर ने हर्षल को चार रन के लिए और बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर छह रन के लिए पुल करके लक्ष्य का पीछा करने में जान फूंक दी, तब 18वें ओवर में 14 रन बने। पॉवेल ने कुरेन की गेंद पर बैक-टू-बैक ड्राइव लगाई। इससे पहले कि तेज गेंदबाज ने उन्हें बाउंस आउट किया, जिन्होंने 19वें ओवर में केशव महाराज को लॉन्ग-ऑन पर आउट किया। अंतिम ओवर में जब दस रनों की जरूरत थी, अर्शदीप ने बैक-टू-बैक वाइड यॉर्कर फेंके। इससे पहले हेटमायर ने लॉन्ग-ऑन कुशन पर सीधा छक्का जड़ दिया। लॉन्ग-ऑन के लिए ब्रेस के बाद हेटमायर ने फाइन लेग के ऊपर से हाई फुल टॉस को छह रन के लिए रोककर आरआर के लिए जीत सुनिश्चित की। संक्षिप्त स्कोर ग्पंजाब किंग्स 20 ओवर में 147/8 (आशुतोष शर्मा 31, जितेश शर्मा 29, केशव महाराज 2-23, अवेश खान 2-34) राजस्थान रॉयल्स से 19.5 ओवर में 152/7 से हार गए (यशस्वी जयसवाल 39, शिमरोन हेटमायर 27 नाबाद; कैगिसो रबाडा 2-18, सैम कुरेन 2-25) तीन विकेट से।

जेजीएलएस को लगातार पांचवें साल देश के नंबर 1 लॉ स्कूल का दर्जा

चर्चित राजनीति। एजेंसी

लंदन। ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल (जीएलएस) ने एक अभूतपूर्व उपलब्धि दर्ज करते हुए लगातार 5वें साल देश के नंबर 1 लॉ स्कूल का दर्जा हासिल किया है। जीएलएस को दुनिया में 72वां रैंक मिला है, जिससे यह दुनिया के टॉप-100 में शामिल होने वाला भारत का एकमात्र लॉ स्कूल बन गया है। जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल पिछले साल वैश्विक स्तर पर 84वें रैंक से इस साल 72वें रैंक पर पहुंच गया है, जो 12 रैंक की छलांग है।

इस वर्ष की रैंकिंग तैयार करने के लिए क्यूएस ने लगभग पांच हजार संस्थानों की प्रतिष्ठा और अनुसंधान के आउटपुट का विश्लेषण किया। इनमें से 1,561 की 55 विषयों और पांच व्यापक विषय क्षेत्रों में रैंकिंग की गई, जिससे 19,100 से अधिक प्रविष्टियां बनीं। ये आंकड़े इस प्रयास के पीछे के पैमाने और व्यापकता को दर्शाते हैं जो क्यूएस रैंकिंग तैयार करने के लिए करता है। संस्थानों की विषय के आधार पर रैंकिंग करने के लिए क्यूएस अकादमिक प्रतिष्ठा; नियोक्ता की प्रतिष्ठा; शोध उद्धरण; एच-इंडेक्स (एक सूचकांक जो संस्थान के विद्वानों द्वारा प्रकाशित कार्यों के प्रभाव और गुणवत्ता की स्थिरता को मापने का प्रयास करता है), और अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान नेटवर्क (आईआरएन), जो स्थिर अनुसंधान सहयोग स्थापित करने की दक्षता का एक उपाय है, पर विचार करता है। ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के संस्थापक चांसलर नवीन जिंदल ने जेजीएलएस की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कहा कि जिस निरंतरता के साथ जेजीएलएस को प्रतिष्ठित क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में देश के शीर्ष लॉ स्कूल के रूप में मान्यता मिली है, वह इस तथ्य की ओर इशारा करता है कि वह भारत में विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के अपने मिशन से कभी विचलित नहीं हुआ है। अपने अस्तित्व के एक दशक से भी अधिक समय में जेजीएलएस का भारत के नंबर 1 लॉ स्कूल के रूप में उभरना देश के युवाओं के बीच गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की प्यास को भी दर्शाता है। यह मेरे लिए बेहद गर्व की बात है कि जेजीएलएस उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने में सफल रहा है। मैं इस तथ्य से विशेष रूप से रोमांचित हूं कि जेजीएलएस ने लगातार पांच वर्षों तक भारत में नंबर 1 स्थान बरकरार रखा है। मुझे विश्वास है कि जेजीयू के संकाय और कर्मचारियों का समर्पण हमें कानूनी शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने की हमारी प्रतिबद्धता पर दृढ़ रहने के लिए प्रेरित करेगा। ओ.पी. जिंदल विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति प्रो. (डॉ.) सी. राज कुमार ने कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल (जेजीएलएस) लगातार पांच वर्षों तक विषय आधारित क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 में भारत में नंबर 1 स्थान पर रहा है। ÷वैश्विक स्तर पर, जेजीएलएस को 72वां स्थान दिया गया है, जिससे यह दुनिया में टॉप-100 में शामिल होने वाला भारत का एकमात्र लॉ स्कूल बन गया है। यह वास्तव में जेजीयू और जेजीएलएस के लिए एक युगांतकारी क्षण है। उल्लेखनीय है कि जेजीएलएस की स्थापना 15 साल पहले 2009 में 10 संकाय सदस्यों और 100 छात्रों के साथ की गई थी, जेजीएलएस में आज 5,500 से अधिक छात्र और 550 से अधिक पूर्णकालिक संकाय सदस्य हैं। इसने अपनी शिक्षाशास्त्र, शिक्षण मानकों, अनुसंधान परिणामों और अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी के कारण बहुत ही कम समय में इतनी विशिष्टता हासिल की है, जिसने आज इसे देश का प्रमुख लॉ स्कूल बना दिया है। जेजीएलएस के अलावा, भारत के दो अन्य लॉ स्कूलों ने इस साल प्रतिष्ठित सूची में जगह बनाई है - नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी (एनएलएसआईयू), बेंगलुरु (151-200 रैंक), और फैकल्टी ऑफ लॉ, दिल्ली विश्वविद्यालय (201-250 रैंक)। जेजीएलएस को विषय आधारित क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 में ब्रिटेन के नॉटिंघम विश्वविद्यालय (78वें स्थान पर), अमेरिका के ऑस्टिन में टेक्सस विश्वविद्यालय (79वें स्थान पर), जापान के वासेदा विश्वविद्यालय (84वें स्थान पर) और अमेरिका के जॉर्ज वाशिंगटन विश्वविद्यालय (89वें स्थान पर) नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (एनटीयू), सिंगापुर (91वें स्थान पर), अमेरिका के बोस्टन विश्वविद्यालय (93वें स्थान पर), चीन के शंघाई जिओ टोंग विश्वविद्यालय (94वें स्थान पर), ऑस्ट्रिया के वियना विश्वविद्यालय (98वें स्थान पर), स्विट्जरलैंड के जिनेवा विश्वविद्यालय (99वें स्थान पर) जैसे विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित संस्थानों से ऊपर स्थान दिया गया है। जेजीएलएस शोधकर्ताओं ने 2023 में स्कोपस पर मौजूद विभिन्न स्रोतों में 175 से अधिक पेपर प्रकाशित करके अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की, जो पिछले वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि है। प्रभावशाली ढंग से, यह आउटपुट शीर्ष चार नेशनल लॉ स्कूलों (एनएलयू) के संयुक्त प्रकाशनों से 60 प्रतिशत से अधिक हो गया। स्कोपस पर मौजूद मंचों पर जेजीएलएस के 2023 के आधे से अधिक प्रकाशन राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के सहयोग से हुए। जेजीएलएस ने सिर्फ उच्च गुणवत्ता वाले शोध तैयार करने में ही सफलता हासिल नहीं की है, इसने शिक्षा जगत और कानूनी पेशे से शीर्ष स्तर की वैश्विक प्रतिभाओं को शामिल कर, अंतःविषयी शिक्षा को बढ़ावा दिया है और दुनिया भर के प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग करके शिक्षण के स्तर को ऊपर उठाया है। जेजीएलएस के संकाय सदस्य 38 देशों और क्षेत्रों से आते हैं।

चूंकि अंतर्राष्ट्रीयकरण जेजीयू का मुख्य फोकस है, जेजीएलएस ने दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों और लॉ स्कूलों के साथ 235 अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बनाए हैं। जेजीयू को जेजीएलएस के छात्रों और शिक्षकों की लैंगिक विविधता पर गर्व है। जेजीएलएस की 56 प्रतिशत संकाय सदस्य महिलाएं हैं।

पलक, सैन्यम ने भारत को पेरिस ओलंपिक 2024 कोटा के लिए आगे रखा

चर्चित राजनीति। एजेंसी

रियो डी जनेरियो। मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन पलक और टीम में दूसरी किशोरी सैंयम ने महिलाओं की 10 मीटर एयर स्पर्धा के फाइनल में पहुंचकर भारतीय शूटिंग टीम को पेरिस ओलंपिक 2024 कोटा स्थान के लिए तैयार रखा। रियो डी जनेरियो में पिस्टल, जहां इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) फाइनल ओलंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल वर्तमान में चल रही है। फाइनल रविवार को शाम 5.50 बजे आईएसएसएफ यूट्यूब चैनल पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा। पहले क्वालिफिकेशन रिले में पलक और दूसरे में सान्याम दोनों ने 578 का समान स्कोर बनाकर छठा और सातवां क्वालिफिकेशन स्थान हासिल किया, जिससे भारत को दो उपलब्ध कोटा स्थानों में से एक हासिल करने के अपने प्रयास में बढ़ावा मिला।

भारत की तीसरी प्रवेशकर्ता सुरभि राव शीर्ष आठ में जगह बनाने से चूक गई, उन्होंने 578 का स्कोर भी किया, लेकिन इनर 10 रिंग में कम हिट से चूक गई और नौवें स्थान पर रहीं। अजरबैजान की निगार नासिरोवा ने आठवां और अंतिम क्वालीफाइंग स्थान हासिल किया।

एफसी गोवा के लिए शीर्ष दो में जगह पक्की

चर्चित राजनीति। एजेंसी

फतोर्दा। जैसे-जैसे आईएसएल 2023-24 सीजन अपने चरम पर पहुंच रहा है, एफसी गोवा और चेन्नईयिन एफसी 14 अप्रैल, रविवार को शाम 7:30 बजे फतोर्दा में एक बड़े मुकाबले की तैयारी कर रहे हैं।

दोनों टीमों की नजरें अपने-अपने लक्ष्यों पर हैं, यह मैच ऊंचे दांव और कड़ी प्रतिस्पर्धा से भरा एक रोमांचक मुकाबला होने का वादा करता है। एफसी गोवा की दूसरे स्थान की तलाश- गौर्स आईएसएल स्टैंडिंग में प्रतिष्ठित दूसरे स्थान को सुरक्षित करने के लिए एकमात्र फोकस के साथ मैच में उतर रहे हैं। 21 खेलों में 42 अंकों के साथ, वे मोहन बागान सुपर जाइंट से मामूली अंतर से पीछे हैं। चेन्नईयिन एफसी के खिलाफ जीत और उसके आगामी मैच में मोहन बागान सुपर जायंट की हार एफसी गोवा को उपविजेता की स्थिति में पहुंचा सकती है। इससे न केवल लीग में उनकी स्थिति मजबूत होगी बल्कि उन्हें प्लेऑफ को दरकिनार कर सीधे सेमीफाइनल में जगह मिल जाएगी।

इस बीच, चेन्नईयिन एफसी अपनी फॉर्म में पुनरुत्थान के साथ फतोर्दा स्टेडियम में पहुंची, और प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ प्लेऑफ़ में जगह बनाने वाली छठी टीम बन गई। उनके पिछले पांच मैचों में चार जीत से प्रेरित उनके अंतिम उछाल ने लीग के अभिजात वर्ग के बीच अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। प्लेऑफ़ नज़दीक आने के साथ, मरीना मचान्स का लक्ष्य अपनी जीत की गति को बनाए रखना और एफसी गोवा के खिलाफ अपना दबदबा कायम करना है। एफसी गोवा के नोआ सदाउई ने इस सीज़न में 19 मैचों में 10 गोल किए हैं और तीन बार सहायता की है। उन्होंने 77 प्रतिशत सटीकता पर प्रति गेम औसतन 24 पास दिए हैं, 31 प्रमुख पास बनाए हैं, समान संख्या में सफल ड्रिबल पूरे किए हैं, 35 गोल स्कोरिंग मौके बनाए हैं, और 97 द्वंद्व जीते हैं। सदौई ने 70 पुनर्प्राप्तियों को पूरा करने और 14 हवाई द्वंद्वों में विजयी होने के अलावा, प्रत्येक में नौ अवरोधन और क्लीयरेंस किए हैं। मोरक्को का खिलाड़ी प्लेऑफ़ के लिए ठीक समय पर अपनी लय तलाश रहा है। चेन्नईयिन एफसी के खिलाफ, उन्होंने तीन मैचों में दो बार नेट पर वापसी की है। चेन्नईयिन एफसी के आकाश सांगवान ने नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के खिलाफ अपने पिछले मैच में चेन्नईयिन एफसी के लिए बराबरी का गोल किया था। फुलबैक ने इस सीज़न में 14 मुकाबलों में 22 टैकल जीते हैं और 27 इंटरसेप्शन बनाए हैं।

उन्होंने 71 प्रतिशत सटीकता पर प्रति गेम औसतन 35 पास दिए हैं। सांगवान ने 26 क्लीयरेंस हासिल किए हैं और 29 हवाई द्वंद्व जीते हैं। उन्होंने 13 गोल करने के अवसर बनाए हैं, 68 रिकवरी की है और साथ ही 65 द्वंद्व भी जीते हैं। उन्होंने चेन्नईयिन एफसी की रक्षात्मक पंक्ति में अपनी जगह पक्की कर ली है और इसलिए उनके पास आने वाले कुछ महत्वपूर्ण सप्ताह हैं। हम चाहते हैं और हमें कल जीतना है।

आगामी मैच में मोहन बागान सुपर जायंट की हार एफसी गोवा को उपविजेता की स्थिति में पहुंचा सकती है

एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप : राधिका ने जीता रजत पदक शिवानी पवार को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा

चर्चित राजनीति। एजेंसी

बिश्केक। भारत की 23 वर्षीय पहलवान राधिका ने शनिवार को किर्गिस्तान के बिश्केक में एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024 में महिलाओं के 68 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता। प्रतियोगिता के तीसरे दिन शिवानी पवार ने महिलाओं के 50 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक भी जीता और भारत के लिए दो पदकों की उपलब्धि सुनिश्चित की।

पुष्पा यादव और प्रिया क्रमशः 59 किग्रा और 76 किग्रा भार वर्ग में अपने कांस्य पदक मैच जीतने में असफल रहने के बाद खाली हाथ लौट आई। राधिका ने क्वार्टर फाइनल में कजाकिस्तान की अल्बिना कैरगेल्डिनोवा को 12-2 से हराया और सेमीफाइनल में किर्गिस्तान की गुलनुरा ताश्तानबेकोवा पर 2-0 से जीत हासिल कर स्वर्ण पदक मुकाबले में प्रवेश किया। हालाँकि, मौजूदा विश्व चैंपियन जापान की नोनोका ओज़ाकी ने स्वर्ण पदक मुकाबला 15-2 से जीता, जिसके परिणामस्वरूप राधिका को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस बीच, शिवानी पवार ने महिलाओं के 50 किग्रा क्वालिफिकेशन राउंड में कंबोडिया की समनांग दित पर 8-6 से जीत के साथ दिन की शुरुआत की। इसके बाद उन्हें क्वार्टर फाइनल में चीन की रजत पदक विजेता ज़िकी फेंग से 4-0 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद पवार ने कांस्य पदक मैच में दो बार के विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता मंगोलिया के डोलगोरजाविन ओटगोंजरगल को 9-7 से हराकर प्रभावशाली परिणाम निकाला। पुष्पा यादव ने 59 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक मैच में जगह बनाई लेकिन कजाकिस्तान की डायना कयूमोवा ने 11-8 से हरा दिया। इसी तरह, प्रिया भी महिलाओं के 76 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक की दौड़ में शामिल थीं, लेकिन कजाकिस्तान की एल्मिरा सिज़्डीकोवा ने उन्हें (4-2) से हरा दिया। 55 किग्रा क्वालिफिकेशन राउंड में तमन्ना को जापान की मो कियूका ने 9-0 से हराया। भारत ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024 में अब तक पांच पदक जीते हैं। उदित ने रजत पदक जीता, जबकि अभिमन्यु और विक्की ने गुरुवार को पुरुषों के फ्रीस्टाइल डिवीजनों में कांस्य पदक जीते।

आकाश चोपड़ा ने शिवम दुबे की हिटिंग क्षमताओं की सराहना की

मुम्बई, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच से पहले, भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बल्लेबाज शिवम दुबे की हिटिंग क्षमताओं की सराहना की और टिप्पणी की कि खेल के दौरान, वह बहुत सारे छक्के मारेंगे जो मुंबई के विभिन्न प्रतिष्ठित स्थानों पर गिरेंगे। रविवार को मुंबई के वानखड़े स्टेडियम में आईपीएल 2024 के 29वें मुकाबले में एमआई का मुकाबला सीएसके से होगा। पूर्व क्रिकेटर ने बताया कि दुबे गेंद को बहुत दूर तक मारते हैं और सीएसके को उनसे खतरा होगा। चेन्नई में एक बच्चा है, उसका नाम शिवम दुबे है, जो वास्तव में मुंबई का बच्चा है। वह अब तक गेंद को हिट करता है। वह दो या तीन गेंदों को मरीन ड्राइव, एक को चर्च गेट और एक को एयर इंडिया को मारेगा। इमारत, जो पास में है, उससे खतरा है, चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा।

लखनऊ वोटर कप में जिला प्रशासन बना विजेता

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। वोटरों को जागरूक करने और लोकसभा चुनाव में मतदान बढ़ाने के लक्ष्य से वोटर कप का आयोजन किया गया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में रविवार को हुए मैच में डीएम 11 और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर (एकत्व फाउंडेशन) के बीच में मैच खेला गया। पहले जिला प्रशासन ने बैटिंग की ।

पांचवें चरण में 20 मई को लखनऊ में वोट डाला जाएगा। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सभी लोगों से वोट करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि 20 मई को लखनऊ में वोट डाला जाएगा। इसके लिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के साथ एक मैच कराया गया है। जिले में आचार संहिता का पालन कराया जा रहा है। अनुमति ली जा रही है। शिकायत आने पर कार्रवाई की जा रही है। लोग 20 मई को अधिक संख्या में मतदान करें। जिला प्रशासन की तरफ से जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार और एडीएम वित्त और राजस्व राकेश कुमार सिंह ने पारी की शुरुआत की। टीम ने पहले चार ओवर में 25 रन बनाए। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने दो चौके की मदद से 25 रन के निजी स्कोर पर रन आउट हुए। इस दौरान टीम का स्कोर 38 रन था। इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन बैटिंग करने मैदान में उतरे। राकेश कुमार सिंह 15 रन बनाकर कैच आउट हुए। सात ओवर में टीम ने सात ओवर में दो विकेट पर 52 रन बनाए। एडीएम टीजी राकेश सिंह ने लगातार दो बाल पर दो छक्के और एक चौके लगा कर मैच के डेथ ओवर में कई बाउंड्री लगाई। उन्होंने सबसे अधिक 40 रन बनाए। टीम ने आठ ओवर में 75 रन बनाए। टीम ने 12 ओवर के मैच में कुल 124 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने 47 रन बना सका। डीएम 11 ने 77 रन से जीत दर्ज की। सीडीओ अजय जैन तेजी से रन नहीं बना पा रहे थे। इस पर उनकी टीम ने मैच के 10 वें ओवर में उन्हें क्रीज से वापस बुला लिया। रिटायर्ड हर्ट होने के बाद एसडीएम सचिन वर्मा मैदान पर उतरे। वह थोड़ी ही देर क्रीज पर टिक सके।

बालों से लेकर स्किन तक के लिए फायदेमंद है सरसों की खली, बागवानी में भी कर सकते हैं इस्तेमाल

सरसों की खली का इस्तेमाल बालों को साफ करने के साथ ही हेयर मास्क और फेस मास्क के तौर पर भी इस्तेमाल में किया जा सकता हैं। यह ऑयली और ड्राई हर तरह के बालों के लिए फायदेमंद होता है। सरसों की खली में कई तरह के विटामिन, फाइबर, पोटैशियम, मिनरल, आयरन और कैल्शियम पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। पुराने जमाने में बालों को साफ करने के लिए सरसों की खली का इस्तेमाल किया जाता है। यह ऑयली और ड्राई हर तरह के बालों के लिए फायदेमंद होता है। हांलाकि इन दिनों सरसों की खली ऑर्गेनिक खाद का हिस्सा बनकर रह गई है। बता दें कि दादी-नानी सप्ताह में दो बार बालों को धोने के लिए सरसों की खली का इस्तेमाल किया करती थीं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए आपको सरसों की खली और इसके इस्तेमाल के तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं। आप सरसों की खली को मार्केट या फिर किसी ऑर्गेनिक खाद की दुकान से खरीद सकती हैं। इसका इस्तेमाल बालों को साफ करने के साथ ही हेयर मास्क और फेस मास्क के तौर पर भी इस्तेमाल में लाई जा सकती हैं।



घने मुलायम काले बाल

आज के दौर में बालों के झड़ने की समस्या नॉर्मल है। गांव आदि में जिन लोगों के बाल अधिक झड़ते हैं, उनको सरसों की खली लगाने की सलाह दी जाती है। दरअसल, फंगल इंफेक्शन या फिर बैक्टीरिया की वजह से बाल झड़ते हैं। वहीं सरसों की खली एंटी बैक्टीरियल और एंटी फंगल गुणों से भरपूर होती है। साथ ही स्कैल्प से हर तरह का इंफेक्शन दूर करती है। सरसों की खली में मौजूद विटामिन ए, ई, एंटीऑक्सीडेंट और मिनरल्स बालों की ग्रोथ में सहायक होते हैं।

हेयर न्यूट्रीशन

आपको बता दें कि सरसों की खली को मस्टर्ड केक भी कहा जाता है। क्योंकि खली में थोड़ी मात्रा में तेल बचा रहता है। ऐसे में इसे बालों पर अप्लाई करने से बालों की चमक बढ़ने के साथ ही चिकनापन भी आता है। वहीं तेल में मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड और प्रोटीन स्कैल्प और बालों को हेल्दी बनाने का काम करता है।

कंडीशनर

सरसों की खली में अल्फा फैटी एसिड भरपूर मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में यह बालों के लिए कंडीशनर की तरह भी काम करता है।

हेयर मास्क

सरसों की खली को मिल्सी में पीसने के बाद इसमें थोड़ा सा पानी और एक चम्मच नींबू का रस मिलाएं। फिर इसको बालों में लगाकर छोड़ दें। करीब 30 मिनट तक इस पैक को लगाए रहने के बाद बाल धो डालें। इससे हेयर फॉल और डैंड्रफ की समस्या कम होगी। सरसों की खली का पाउडर दही के साथ मिला लें। फिर इस पेस्ट को बालों की जड़ों में अच्छे से अप्लाई करें। वहीं इस हेयर मास्क को हटाने से करीब 10 मिनट पहले गर्म पानी में तौलिया निचोड़कर इसको बालों में अच्छे से लपेट लें। इसके बाद किसी हर्बल शैंपू से बालों को अच्छे से धो लें।

फेस मास्क

ड्राई स्किन के लिए सरसों की खली काफी लाभकारी होता है। आप सरसों की खली के पाउडर को नींबू या दही के साथ अच्छे से मिक्स कर फेस पर अप्लाई कर सकती हैं। इससे चेहरे के दाग-धब्बे दूर होते हैं और चेहरा चमकदार बनेगा।

सरसों की खली के फायदे

बालों को मजबूत और घना बनाएं।

बालों को संपूर्ण पोषण मिलता है।

यह एक कुदरती हेयर क्लींजर है।

सरसों की खली का कंडीशनिंग के लिए इस्तेमाल करें।

इसका हेयर मास्क के तौर पर इस्तेमाल करें।

सरसों की खली और दही का हेयर मास्क बनाएं।

फेस मास्क के रूप में भी सरसों की खली का इस्तेमाल कर सकते हैं।

किचन या टैरिस गार्डन

बागवानी में भी सरसों की खली का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं पौधों की देखभाल करने के लिए सरसों की खली को आप कूट कर या लिक्विड के तौर पर इस्तेमाल कर पेड़ों की जड़ों में डाल सकते हैं। इससे पेड़ में कीड़े नहीं लगेंगे।

ऐसे बनाएं खाद

बता दें कि सरसों की खली से 3 दिन में खाद तैयार होती है और 15 दिन तक खेत में इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। खाद बनने में 5 दिन तक का समय लग सकता है। सरसों की खली को मिट्टी के बर्तन में 1 लीटर पानी डालें और फिर इसमें सरसों की खली डालें। फिर इसको ढककर रख दें। इसको हर दिन खोलकर एक बार इसको लकड़ी से हिला दें। गर्मियों में रोजाना इसमें थोड़ा सा पानी डालना पड़ता है। इसको आप फूल आदि के पौधों के गमले में डाल सकते हैं।

सेहत को ढेरों फायदे देगा नींबू पानी

इम्यूनिटी से लेकर पाचन रहेगा स्वस्थ

नींबू एक ऐसा खट्टा फल है जिसमें कई तरह के पोषक तत्व मौजूद होते हैं। इसमें विटामिन-सी, कैल्शियम, फोलेट और पोटेशियम काफी अच्छी मात्रा में मौजूद होता है। यह पोषक तत्व त्वचा से लेकर स्वास्थ्य तक सबके लिए बेहद फायदेमंद माने जाते हैं। नींबू पानी का सेवन करने से इम्यूनिटी पॉवर मजबूत बनती है। सिर्फ यही नहीं बल्कि इसका सेवन करने से सेहत को और भी ढेरों लाभ मिलते हैं। नियमित इसका सेवन करने से कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं ठीक होती हैं। तो चलिए इस आर्टिकल के जरिए आपको बताते हैं रोजाना नींबू पानी पीने के फायदे।

इम्यूनिटी बनेगी मजबूत

नींबू विटामिन-सी का काफी अच्छा स्त्रोत माना जाता है। विटामिन-सी इम्यूनिटी पॉवर को मजबूत बनाने में मदद करता है। इसके अलावा विटामिन-सी का सेवन करने से शरीर में व्हाइट ब्लड सेल्स का उत्पादन बढ़ाने में भी मदद मिलती है जिससे शरीर में इंफेक्शन और बीमारियों का खतरा कम होता है।

पाचन रहेगा स्वस्थ

नींबू के छिलके और गुद्दे में पैक्टिन नाम का घुलनशील फाइबर से भरपूर माना जाता है। यह लिवर में पाचन एंजाइम्स का निर्माण करता है जिससे शरीर में मौजूद टॉक्सिन्स पदार्थ खत्म करने में मदद मिलती है। नियमित नींबू पानी का सेवन करने से पाचन स्वस्थ रहता है और कब्ज जैसी समस्याएं भी दूर होती हैं।

वजन घटाने में मिलेगी मदद

इसमें पाया जाने वाला पैक्टिन पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखता है। इसका सेवन करने से वजन घटाने में मदद मिलती है। यदि आप वजन कम करना चाहते हैं तो नींबू पानी को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

ब्लड शुगर रहेगा कंट्रोल

इसमें फाइबर अच्छी मात्रा में पाया जाता है ऐसे में यह ब्लड शुगर कंट्रोल करने में भी मदद करता है। नींबू पानी का सेवन करने से डायबिटीज का खतरा कम होता है। डायबिटीज से जूझ रहे हैं लोग नींबू पानी का सेवन कर सकते हैं।

पथरी का खतरा होगा कम

शोध के अनुसार, यदि आप अपना दिन नींबू पानी के साथ शुरु करते हैं तो इससे पथरी का भी खतरा कम होता है। नींबू में पाया जाने वाला साइट्रिक एसिड पथरी को बनने से रोकता है।

गले की खराश होगी दूर

नींबू का रस गले की खराश दूर करने के लिए बेहद लाभकारी माना जाता है। एक चुटकी शहद और नींबू का रस गर्म पानी में मिलाकर पीने से गले की खराश से राहत मिलती है। इसमें पाया जाने वाला विटामिन-सी गले को साफ करके इम्यूनिटी को मजबूत बनाने में मदद करता है।

बच्चे के शरीर से अनचाहे बाल हटाएंगे ये 4 घरेलू उपाय, नहीं होगा कोई साइड- इफेक्ट

अकसर कई सारे नवजात शिशु के जन्म के समय उनके पूरे शरीर या कभी-कभार पीठ पर बहुत ज्यादा बाल होते हैं। बच्चे के शरीर में बाल कम या ज्यादा उनके जीन पर निर्भर करता है और इससे कोई नुकसान नहीं होता है। लेकिन अगर आप ये बाल हटाना चाहते हैं तो ये घरेलू उपाय ट्राई कर सकते हैं। इससे कोई साइड- इफेक्ट भी नहीं होगा और अनचाहे बाल भी आसानी से हट जाएंगे।

आटा और बेसन

छोटे बच्चे के शरीर से बाल हटाने के लिए आटे और बेसन को एक साथ गूथ लें। अब इस आटे को बच्चे के शरीर पर हल्के हाथों से मलें। ऐसा करने से बालों जड़ से मुलायम हो जाएंगे और आसानी से निकल जाएंगे।

बेबी ऑयल

बेबी ऑयल न सिर्फ बच्चों की मांसपेशियां को मजबूत बनाता है, इससे शरीर की अनचाहे बाल भी निकल सकते हैं। हर दिन 2 बार सुबह और शाम बच्चे की मालिश हल्के हाथों से बेबी ऑयल से करें। ऐसे करने से बच्चे के शरीर से बाल कम हो जाएंगे।

उबटन

चंदन पाउडर, दूध और हल्दी पाउडर का पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अपने बच्चे के शरीर पर उस जगह पर लगाएं, जहां बाल नजर आ रहे हैं। बाल हटाने के लिए पेस्ट को शरीर पर धीरे- धीरे लगाएं। इसे बच्चे को नहलाने से कुछ घंटे पहले लगाएं। ऐसा करने से कुछ हफ्तों में फर्क नजर आएगा।

जैतून तेल

बच्चे के शरीर की मालिश जैतून के तेल से करने के बाद उसके शरीर पर लाल मसूर की दाल और दूध से बने पेस्ट पर लगा कर धीरे- धीरे उन हिस्सों पर मालिश करें, जहां पर आपको बाल दिखाई दे रहे हैं। कुछ ही दिनों में बाल कम होते नजर आएंगे।

सप्ताह में एक दर्जन अंडे खाने से कोलेस्ट्रॉल पर नहीं पड़ता कोई असर

अंडे प्रोटीन का एक पौष्टिक स्रोत हैं, उनमें उच्च मात्रा में कोलेस्ट्रॉल होता है। तो क्या वे हृदय-स्वस्थ आहार में फिट बैठते हैं? एक नए अध्ययन से पता चलता है कि अंडा आपके दिल के लिए अच्छा हो सकता है। हालांकि, विशेषज्ञ सावधान करते हैं कि मौजूदा हृदय रोग या मधुमेह वाले लोगों को अपने डॉक्टर से बात करने के बाद ही इसका सेवन करना चाहिए।

हृदय रोग से पीड़ित लोगों का किया अध्ययन

अटलांटा में अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी के वार्षिक वैज्ञानिक सत्र में प्रस्तुत किए जाने वाले एक नए अध्ययन के अनुसार जो लोग प्रति सप्ताह 12 फोर्टिफाइड अंडे खाते हैं, उनमें चार महीने के बाद कोलेस्ट्रॉल का स्तर उन लोगों की तुलना में समान होता है, जो प्रति सप्ताह किसी भी प्रकार के दो से कम अंडे खाते हैं। परीक्षण में हृदय रोग से पीड़ित या इसके लिए उच्च जोखिम वाले 140 लोगों को शामिल किया गया था, जिन्हें एक सप्ताह में एक दर्जन या अधिक अंडे खाने या दो से कम खाने के लिए कहा गया था।

अंडे खाने के बाद नहीं दिखा नकारात्मक प्रभाव

चार महीने तक उन पर नजर रखने के बाद शोधकर्ताओं ने उन लोगों में हृदय स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं देखा, जो हर दिन अंडे खाते थे और यहां तक कि अंडे से परहेज करने वालों की तुलना में संभावित लाभों के संकेत भी देखे। प्रमुख लेखक और डॉ. नीना नौहरवेश का कहना है कि प्रति सप्ताह 12 फोर्टिफाइड अंडों के सेवन से कोलेस्ट्रॉल पर नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता है।

प्रोटीन और पोषक तत्वों से भरपूर है अंडा

अध्ययन में पाया गया कि जो लोग प्रतिदिन अंडे खाते हैं उनमें इंसुलिन प्रतिरोध में सुधार हुआ। इस समूह में 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों ने अपने एचडीएल अच्छे कोलेस्ट्रॉल में वृद्धि और एलडीएल खराब कोलेस्ट्रॉल में गिरावट देखी।

अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी के पोषण और जीवनशैली कार्यसमूह के सदस्य डॉ. जेम्स ओश्कीफ कहते हैं, हाल के सभी अध्ययन अंडों को दोषमुक्त करते हैं, इसलिए इस पेपर के परिणाम अन्य शोधों के अनुरूप हैं। उन्होंने कहा कि- अंडे खलनायक नहीं हैं, यह प्रोटीन और पोषक तत्वों का एक स्वस्थ स्रोत हैं और आप इनका कम मात्रा में आनंद ले सकते हैं।

अंडा खाने का सही तरीका

दरअसल, अंडा पोषक तत्वों का भंडार होता है, इसमें हेल्दी कोलेस्ट्रॉल पाए जाते हैं। यही कारण है कि जिन व्यक्तियों के शरीर में पहले से कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ा हुआ है वह अंडा या उससे बनी किसी भी चीज खाने से झिझकते हैं। ऐसे में आप कोलेस्ट्रॉल मुक्त अंडे का सफेद भाग खा सकते हैं। पोषक तत्वों के लिए सब्जियों के साथ अंडे मिलाएं। मक्खन में तलने के बजाय उबालना, भाप में पकाना जैसे स्वास्थ्यप्रद तरीकों को चुनें।

अटलांटा में अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी के वार्षिक वैज्ञानिक सत्र में प्रस्तुत किए जाने वाले एक नए अध्ययन के अनुसार जो लोग प्रति सप्ताह 12 फोर्टिफाइड अंडे खाते हैं, उनमें चार महीने के बाद कोलेस्ट्रॉल का स्तर उन लोगों की तुलना में समान होता है, जो प्रति सप्ताह किसी भी प्रकार के दो से कम अंडे खाते हैं। परीक्षण में हृदय रोग से पीड़ित या इसके लिए उच्च जोखिम वाले 140 लोगों को शामिल किया गया था.....

प्रथम पृष्ठ का शेष समाचार

भाजपा का घोषणा

का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी।श्श् मोदी ने कहा, ष्बीजेपी ने ट्रांसजेंडर समुदाय को भी आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री ने कहा, पिछले वर्षों में मुद्रा योजना ने करोड़ों लोगों को उद्यमी बनाया है। इस सफलता को देखते हुए, बीजेपी ने एक और संकल्प लिया है - मुद्रा योजना के तहत ऋण 10 लाख रुपये तक प्रदान किए गए थे। अब भाजपा ने इस सीमा को 20 लाख रुपये तक बढ़ाने का फैसला किया है, मुझे विश्वास है कि इसका उपयोग उद्योग 4.0 के युग के लिए आवश्यक पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की दिशा में एक नई ताकत के रूप में किया जाएगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बीजेपी का संकल्प पत्र जारी करते हुए कहा, श्जो हम कहते हैं वो हम करते हैं. ये बात भाजपा के लोग ही नहीं भारत के लोग भी ये बात मानने लगे हैं. हम जो कहते हैं वो हम करते हैं. बीजेपी के जिस संकल्प पत्र को हम सामने रखने वाले हैं वो बहुत गहन शोध और सुझावों पर अमल करने के बाद हमने तैयार किया है। मोदी की गारंटी 24 कैरेट सोने जैसी खरी है। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी घोषणापत्र जारी करने के कार्यक्रम में कहा, ÷आज, जैसा कि हम संकल्प पत्र लॉन्च करते हैं, हम सीखेंगे और चर्चा करेंगे कि हम पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अगले पांच वर्षों तक देश की सेवा कैसे करेंगे। वह पार्टी के सभी आयोजनों और गतिविधियों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हैं। भाजपा का समुचित कामकाज हमेशा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। नड्डा ने कहा, एक समय भाजपा एकात्म मानववाद की बात करती थी। जब पार्टी सत्ता में आई तो उसने इसे अंत्योदय के रूप में स्थापित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने नीतियों को सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास से जोड़कर आगे बढ़ाने का काम किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने हमेशा किसानों सहित समाज के सभी वर्गों के लिए काम किया है।

बीजेपी का खुला

परीक्षाओं से लाखों को रोजगार देने का वादा किया है।नेशनल एजुकेशन पॉलिसी लागू होगी। हर नागरिक को अच्छी शिक्षा लागू होगी। चुनावी घोषणा पत्र में किसानों को भी जगह दी गई है। घोषणा में तहत बीज से बाजार तक किसानों की आय पर फोकस किया जाएगा। नैनो यूरिया और प्राकृतिक खेती से जमीन की सुरक्षा की जाएगी।श्री अन्न को सुपर फूड में बदला जाएगा।मछुआरों के लिए नाव का हीमा, सैटेलाइट द्वारा समय पर जानकारी को मजबूत किया जाएगा। संकल्प पत्र में बीजेपी ने अपने संकल्प पत्र के तहत लखपति दीदी योजना के तहत देश की लाखों महिलाओं को सशक्त किया जाएगा। कल्याणकारी योजनाओं के साथ महिला सहायता समूहों को मदद दी जाएगी। सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के लिए शौचालय का निर्माण किया जाएगा। सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर जैसी घातक समस्याओं पर ध्यान दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने की

आस्था, अस्मिता और अर्थव्यवस्था के संरक्षण-संवर्धन का पत्र है। जन-जन की आकांक्षाओं की सिद्धि का पत्र है। यह मोदी की गारंटी है और मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरी होने की गारंटी। संकल्प पत्र की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने की संकल्पना पर आधारित 14 नए संकल्पों और चार स्तंभों (गरीब, युवा, महिला व किसान) पर आधारित भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र देश का एंबिशन है। देश का एंबिशन ही मोदी का मिशन है। मोदी का विजन ही हम सबका मिशन है। यह संकल्प पत्र देश के सभी नागरिकों को मोदी की गारंटी है। यह डिग्निटी ऑफ लाइफ, क्वालिटी ऑफलाइफ, क्वालिटी ऑफअपॉर्च्युनिटी की अपेक्षा को पूरा होने की गारंटी है। मोदी की गारंटी का मतलब बिना भेदभाव के हर तबके के लोगों के लिए, सबका साथ-सबका विकास के भाव के साथ आत्मनिर्भर भारत के माध्यम से विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाना। इस संकल्प पत्र में चार आधार (युवा, महिला, अन्नदाता किसान व गरीब) बनाए गए हैं। इन चारों के उन्नयन के लिए कार्य करना ही प्राथमिकता है। सीएम योगी ने कहा, भाजपा का यह संकल्प पत्र चार आधार स्तंभों को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है। यह संकल्प पत्र मोदी की गारंटी के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत व विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करेगा।

कांग्रेसी कहते थे

बनाने का अवसर प्राप्त हो रहा है। जब भी उत्तराखंड आता हूं तो यहां संवाद आत्म साक्षात्कार व आध्यात्मिक अनुभूति का अवसर होता है। यहां के कण-कण में शंकर का वास है, इसलिए इसे देवभूमि कहा जाता है। यहां से निकलीं पवित्र नदियां जल की धारा को उत्तराखंड से नीचे उत्तर प्रदेश पहुंचती हैं तो उत्तर प्रदेश भी समृद्धि की नई ऊंचाई तक पहुंचता है। कभी-कभी कुछ लोगों को गफलत होती है, वे लोग मानते हैं कि यूपी में अपराधियों के खिलाफजीरो टॉलरेंस की जो नीति है, उससे ऐसा न हो कि वे उत्तराखंड आ जाएं। मैं आश्वस्त करता हूं कि माफिया व अपराधियों को इस लायक छोड़ूंगा ही नहीं कि उप्र की सीमा क्रास कर पाएं। कांग्रेस ने मंदिरों के पैसे को धर्मांतरण व मदरसा निर्माण में खर्च किया, लेकिन उन मंदिरों को शासन के संरक्षण में पुनरोद्धार की योजना बनाने का काम मोदी जी ने किया।

अयोध्या की तर्ज

के समर्पण और त्याग की सराहना करते हुए कहा कि हरिद्वार में भाजपा की जीत ऐतिहासिक होनी चाहिए। योगी आदित्यनाथ ने जनता को भरोसा दिलाया कि अगले पांच साल में अयोध्या की तर्ज पर ही हरिद्वार का भी विकास होगा।भाजपा के स्टार प्रचारक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देवभूमि की इस पावन धरा को मां गंगा की असीम कृपा प्राप्त हुई है। उन्होंने रैली के जरिए ही संविधान शिल्पी भारत रत्न बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की पावन जयंती पर नमन किया। स्वतंत्र भारत में बाबा साहब को पहली बार मोदी सरकार ने सम्मान दिया है। सरकार ने पंचतीर्थ बनाकर उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की है। यही नहीं 500 साल का इंतजार खत्म करके प्रभु श्रीराम को अयोध्या में भव्य मंदिर में विराजमान किया है। इससे भी पहले अयोध्या के इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर किया गया।योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बीजेपी प्रत्याशी त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् से अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत की।

ईरान ने इजराइल

वहीं जर्मनी ने कहा कि ईरान और उसके मददगारों को तत्काल हमला बंद करना चाहिए। यह पहली बार है जब ईरान ने देश की 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद शुरू हुई दशकों की दुश्मनी के बाद इजराइल पर सीधे तौर पर हमला किया है। अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र, फ्रांस, ब्रिटेन आदि देशों ने इजराइल पर ईरान के हमले की निंदा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने वाशिंगटन में कहा कि अमेरिकी सेना ने 'लगभग सभीश् ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराने में इजराइल की मदद की। साथ ही उन्होंने समन्वित कार्रवाई के लिए सहयोगियों की बैठक बुलाई है।

भाजपा के मेनिफेस्टो

, जिससे देश की जनता, युवाओं और किसानों को फायदा हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लोकसभा चुनाव के लिए गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं के सशक्तीकरण पर केंद्रित भाजपा का घोषणापत्र जारी किया और इस बात पर बल दिया कि जब दुनिया अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है तो भारत में पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार की आवश्यकता है।

साधारण नौजवान नहीं

सिंह ने कहा कि चिराग पासवान एक साधारण नौजवान नहीं है। बल्कि ये ऐसा रन हिटर है जो एनडीए को जितनी रनों की जरूरत होगी उसे दिलाएगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि अरुण भारती प्रत्याशी के रूप में पहली बार चुनाव के मैदान ने उतरे हैं। वह एक शालीन व्यक्ति हैं और सांसद बनने के बाद सेवक के रूप में भूमिका निभाएंगे। तीसरी बार भी भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कोई बनेगा तो वो हैं नरेंद्र मोदी।

एक किताब, एक

प्रसार करना चाहिए। सरोजनीनगर के संबंध में विधायक ने कहा की मेरे कार्यालय से समन्वय स्थापित कर राष्ट्र निर्माण के इस कार्य को करें। इस दौरान आरडब्लूए सदस्यों ने जी20 चौराहे पर रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति की स्थापना, भागीरथी सोसायटी के सदस्यों के लिए वोटर आईडी, नीलमथा जाने के लिए शहीद पथ से उतार, 1 मेगावाट क्षमता का सोलर पैनल, पोस्ट ऑफिस, बस स्टॉप, ट्रैफिक, प्ले ग्राउंड, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जैसी मांगे रखी गई, जिसपर विधायक समुचित समाधान के लिए आश्वस्त किया। डॉ. राजेश्वर सिंह ने पुस्तकों के साथ रविवार को जारी हुए भाजपा के संकल्प पत्र की प्रतियां भी एनक्लेव सदस्यों को उपलब्ध कराते हुए कहा कि यह संकल्प पत्र जन आकांक्षाओं का प्रतिबिंब, नए भारत की रूप रेखा है, यह देश सेवा का रोड मैप और विकसित भारत की गारंटी है। आगामी लोकसभा चुनाव पर चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य 70 वर्ष आयु से अधिक के सभी वृद्धजनों को 5 लाख तक फ्री इलाज की सुविधा उपलब्ध काराना है, अगले 5 वर्ष में 3 करो? नए आवास बनाये जायेंगे, मोदी- योगी सरकार हर व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने की गारंटी है। इस दौरान विधायक ने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि मोदी जी का तीसरा कार्यकाल बड़े फैसलों का कार्यकाल होगा। रविवार को सरोजनीनगर क्षेत्र के ग्राम पंचायत फतेहगंज में 68वां आपका विधायक- आपके द्वार जनसुनवाई शिविर आयोजित किया गया, शिविर के दौरान विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की टीम ने ग्रामवासियों की समस्याएँ सुनीं, इस दौरान ग्रामवासियों ने सड़क, नाली, प्रधानमंत्री आवास, बिजली आदि से सम्बंधित शिकायतें रखीं। विधायक की टीम ने ग्रामीणों की समस्याओं के शीघ्र एवं यथोचित समाधान हेतु आश्वस्त करते हुए, विधायक राजेश्वर सिंह द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से अवगत कराया।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक विजय शंकर शर्मा द्वारा ग्रुप 5 प्रकाशन 55-बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं डी-206-सी, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक- विजय शंकर शर्मा
(M.)- 9628478339, 9335322739 Ph: 0522- 4075237 Fax: 0522- 2306048 Email- charchitrajnit@gmail.com

लोकतांत्रिक मूल्यों को समर्पित रहा डॉ अम्बेडकर का जीवन

बाबा साहब ने भारत को दुनिया का सिरमौर बनाने का कार्य किया : योगी

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज यहां डॉ. भीमराव आंबेडकर महासभा परिसर में भारतरत्न बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में सम्मिलित हुए। उन्होंने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज पूरा देश बाबा साहब की पावन जयंती को बड़े उत्साह और उमंग के साथ मना रहा है। सम्पूर्ण विश्व के दबे, कुचले व वंचित वर्ग के लोग बाबा साहब की जयंती के माध्यम से न केवल स्वयं के सम्मान की लड़ाई के लिए बल्कि आने वाली पीढ़ी को उज्ज्वल भविष्य देने के लिए बाबा साहब का स्मरण कर रहे हैं।

इसके पूर्व, मुख्यमंत्री ने हजरतगंज स्थित बाबा साहब डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर महासभा परिसर में महात्मा बुद्ध तथा बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़े घर में जन्म लेकर बड़ा बनना एक उपलब्धि हो सकती है, लेकिन एक सामान्य परिवार में जन्म लेकर सामाजिक विसंगतियों और कुरीतियों के खिलाफलड़ते हुए समाज को एक नई प्रेरणा देना महानता की पराकाष्ठा को प्रदर्शित करता है। डॉ आंबेडकर ने अपने संघर्षों, बुद्धिमत्ता व सूझबूझ से इस महानता को प्राप्त किया था। उन्होंने भारत के संविधान के शिल्पी के रूप में भारत को लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ दुनिया का सिरमौर बनाने का कार्य किया। उन्होंने न्याय, समता और स्वाधीनता की विषय वस्तु के साथ भारतवासियों के मन में नए उत्साह व उमंग का संचार किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बाबा साहब की देन है कि लोकतांत्रिक मूल्यों और अधिकारों के साथ 140 करोड़ आबादी वाला भारत 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के रूप में आगे बढ़ रहा है।

बाबा साहब ने देश के संविधान में समता मूलक समाज की स्थापना का संकल्प समाहित किया था। आज यह संकल्प व्यावहारिक धरातल पर उतरता हुआ दिखाई दे रहा है। इसी भाव के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश व प्रदेश में शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव तथा 'सबका साथ सबका विकास' के लक्ष्य के साथ जरूरतमंदों को प्रदान किया जा रहा है। प्रत्येक तबके को हर प्रकार की सुविधा और सुरक्षा से संपन्न किया जा रहा है। किसी भी प्रकार की सामाजिक विसंगति और भेदभाव के खिलाफकानूनी कार्यवाही करके, उन्हें हर प्रकार का संरक्षण प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि बाबा साहब जिन आदर्शों और मूल्यों के लिए पूरे जीवन लड़ते रहे, उन आदर्शों और मूल्यों पर कार्य करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में ही बाबा साहब से जुड़े हुए पंच तीर्थों से सम्बन्धित कार्य सम्भव हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब ने वंचित और दलित वर्ग से कहा था कि शिक्षित बनो और आगे बढ़ो। वह जानते थे कि किसी भी प्रकार की असमानता, अव्यवस्था और अराजकता के खिलाफलड़ाई लड़ने के लिए शिक्षित बनना आवश्यक है।

हम सभी को उनके आदर्शों का पालन करना चाहिए। बाबा साहब ने यह भी कहा था कि वह आदि और अन्त में भारतीय रहेंगे। एक भारतीय के रूप में उन्होंने जीवन पर्यंत भारत की सुरक्षा, सम्प्रभुता और अखंडता के लिए कार्य किया। डॉ0 आंबेडकर ने अनेक प्रकार के प्रलोभनों से अलग हटकर पूरी तन्मयता के साथ इस कार्य से जुड़कर अपने अनुयायियों को भी इस हेतु निरन्तर आह्वान किया।

सीएम ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की

लखनऊ, चर्चित ब्यूरो। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अम्बेडकर जयंती पर लखनऊ के हजरतगंज स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत, सर्वसमावेशी भारत की श्रेष्ठतम अभिव्यक्ति भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर कहा कि डॉ अम्बेडकर का जीवन उत्कृष्ट लोकतांत्रिक मूल्यों से दीप्त व अंत्योदय को समर्पित रहा है। उनका पूरा जीवन सभी के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर उनके साथ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मेयर सुषमा खर्कवाल और यूपी सरकार के मंत्री असीम अरुण मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री को अग्निशमन सेवा दिवस पर अधिकारियों ने फ्लैग पिन लगाया

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। अग्निशमन स्मृति दिवस 14 से 20 अप्रैल तक मनाया जाएगा। प्रदेश में 2023-24 के वित्त वर्ष में 20 करोड़ 68 लाख 40 हजार की कीमत के वाटर बाउजर, वाटर टेंडर, जीप टूइंग व्हीकल, पोर्टेबल पंप जिलों को दिए जाएंगे। इसके साथ ही 20 करोड़, 69 लाख के अन्य उपकरण भी विभिन्न जिलों को वितरित किए जा रहे हैं। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को रविवार को उनके सरकारी आवास पर अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर अग्निशमन अधिकारियों ने फ्लैग पिन लगाया। इसके साथ ही डीजी फायर अविनाश चंद्र ने डीजीपी यूपी प्रशांत कुमार की वर्दी पर झंडा लगाया। इस मौके पर डीजीपी ने अग्निशमन कर्मियों को बधाई दी है।

75 जिलों के 361 फायर स्टेशन के क्षेत्र में 33 हजार 47 आग की दुर्घटनाएं हुई हैं। इसमें से 3087 मनुष्यों और 5,168 जानवरों की जान अग्निशमन विभाग ने बचाया है। इसमें अनुमानित करीब एक अरब 63 करोड़ की संपत्ति बचाई गई है। 6948 मॉक ड्रिल में 1 लाख 96 हजार से अधिक लोगों को जागरूक किया गया। 1 मार्च से 30 जून तक प्रदेश की 69 तहसीलों पर सीजनल फायर स्टेशन बनाए गए। 01 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक शीतकालीन सीजन फायर स्टेशन प्रत्येक वर्ष स्थापित किये जाते हैं। मार्च से जून तक प्रदेश में सबसे अधिक आग की दुर्घटना होती है। इसमें खेत, खलिहान और हाईटेंशन तार के कारण होती है। अग्निशमन विभाग की तरफसे प्रदेश में 30,587 लोगों को फायर एनओसी निरीक्षण के बाद दी गई है। 41,323 लोगों ने इसके लिए आवेदन किया था। इस वर्ष भारत सरकार ने अग्नि सुरक्षा का संकल्प अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें, राष्ट्रीय निर्माण में योगदान दें निर्धारित किया गया है। वहीं, प्रदेश में रैली निकालकर लोगों को सप्ताह भर में जागरूक किया जाएगा। इसके लिए चित्रकला, व्याख्यान और निबंध भी किए जाएंगे। ग्रामीण इलाकों के साथ में अग्निसुरक्षा को लेकर जनजागरण अभियान चलाया जाएगा।

स्पष्ट जनादेश के नतीजे भी स्पष्ट होते हैं : जेपी नड्डा

चर्चित राजनीति। एजेंसी

नयी दिल्ली। भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए अपना घोषणापत्र जारी किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी मुख्यालय में नेताओं की सभा को संबोधित किया और कहा कि आम चुनाव के लिए पार्टी का घोषणापत्र दर्शाता है कि भाजपा के संस्थापकों के पास क्या था। देश के लिए कल्पना की। नड्डा ने कहा, हमारा घोषणापत्र दर्शाता है कि भाजपा के संस्थापकों ने देश के लिए क्या कल्पना की थी। पीएम मोदी ने आम आदमी की समझ को सरल बनाया है और इसे श्सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास कहा है।

जेपी नड्डा ने कहा, आज, जब हम संकल्प पत्र लॉन्च कर रहे हैं, तो हम सीखेंगे और चर्चा करेंगे कि हम पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अगले पांच वर्षों तक देश की सेवा कैसे करेंगे। नड्डा ने कहा, आपने हमें स्पष्ट जनादेश दिया और स्पष्ट परिणाम आए। आपने स्पष्ट जनादेश दिया और

अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया गया। हमने वो दिन भी देखे जब कांग्रेस के वकीलों ने राम मंदिर के निर्माण में अड़ंगा लगाया, न्यायिक प्रक्रिया को रोकने की कोशिश की। लेकिन बीजेपी की सरकार में यह संकल्प भी पूरा हुआ। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ। सत्तारूढ़ सरकार द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डालते हुए, भाजपा अध्यक्ष ने कहा, पीएम आवास योजना के तहत चार करोड़ घर बनाए गए हैं और यह काम आगे भी जारी रखा जा रहा है। आज, 50 करोड़ जनधन खातों में से 55.5 प्रतिशत जनधन खाते महिलाओं के नाम पर खोले जाते हैं।

लखनऊ ओलम्पिक संघ कराएगा खेल प्रतियोगिताएं

लखनऊ, चसं। लखनऊ में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने व खेलों के माध्यम से फिटनेस के प्रति जागरूकता लाने के लिए लखनऊ ओलंपिक संघ विभिन्न खेलों की जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं कराएगा। यह फैसला लखनऊ ओलंपिक संघ की वार्षिक साधारण सभा की रविवार को अवध जिमखाना क्लब में आयोजित बैठक में लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता संघ के चेयरमैन डा.आनन्देश्वर पाण्डेय व संरक्षक मुरलीधर आहूजा ने संयुक्त रुप से की।इस अवसर पर सुशीम बाजपेयी को उपाध्यक्ष व वित्त विकास समिति का चेयरमैन, आनंद शेखर सिंह को संयुक्त सचिव व सैयद सफ्दर रिजवी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। बैठक का संचालन करते हुए महासचिव डा.सैयद रफ्त जुबैर रिजवी ने बताया कि हमारी पहली प्राथमिकता लखनऊ ओलंपिक संघ के वित्तीय कोष को मजबूत करना होगी ताकि हम पूरे साल बिना किसी शुल्क के खेल गतिविधियों का संचालन कर सकेंगे। इसके लिए गठित वित्त विकास समिति के चेयरमैन सुशीम बाजपेयी होंगे। इसमें आनंद शेखर सिंह व मो.नदीम सदस्य होंगे। चेयरमैन डा.आनन्देश्वर पाण्डेय (महासचिव उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ) ने बताया कि लखनऊ ओलंपिक संघ के बैनर तले संबद्ध जिला खेल संघों की जिला स्तरीय प्रतियोगताएं भी कराई जाएंगी जिसका पर होने वाले समस्त व्ययों का वहन लखनऊ ओलंपिक संघ करेगा।

मछली पालन के लिए किसानों व युवाओं को जागरूक करना जरूरी

चर्चित राजनीति। संवाददाता

- डीजी आईसीएआर ने किया एनबीएफजीआर का निरीक्षण

लखनऊ। आईसीएआर के महानिदेशक एवं भारत सरकार के कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव डॉ हिमांशु पाठक अचानक पहुँचे लखनऊ और एनबीएफजीआर का निरीक्षण किया।

संस्थान के निदेशक डॉ उत्तम कुमार सरकार नव उनका स्वागत करते हुए संस्थान की गतिविधियों एवं अनुसंधान परियोजनाओं की प्रगति से अवगत कराया गया। उन्होंने संस्थान द्वारा मत्स्य प्रजातियों के अन्वेषण, सूचीकरण, मूल्यांकन और लक्षण वर्णन के माध्यम से देश में मत्स्य उत्पादन बढ़ाने और प्राकृतिक आवासों में मत्स्य प्रजातियों के संरक्षण सहित अनुसंधान कार्यक्रमों के विस्तार का जायजा लिया ।डॉ पाठक द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रमों के एक विशेष घटक के रूप में मात्स्यिकी को आगे बढ़ाने के लिए मात्स्यिकी वैज्ञानिकों द्वारा अधिकाधिक प्रयत्न करने का आह्वान किया। उन्होंने किसानों एवं युवाओं की आजीविका सुरक्षा हेतु मछली पालन व इससे जुड़े अन्य व्यवसायों की उपयोगिता हेतु सामुदायिक जागरूकता आवश्यक बताते हुए केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत देश में मछली उत्पादन बढ़ाने के लिए मत्स्य पालकों व उद्यमियों को दी जा रही अनुदानों की भी जानकारी दी। उनके द्वारा परिसर स्थित गंगा एक्वेरियम में उत्तर प्रदेश की राज्य मछली चिताला का अनावरण कर सेंट्रल एक्वेरियम एवं तालाब में रिलीज किया गया तथा गंगा एक्वेरियम का ट्रेड मार्क, मछलियों के डीएनए बारकोड पर पुस्तक एवं क्रस्टेशियन प्रजातियों पर ऑनलाइन डेटाबेस विमोचित किया गया। इस अवसर पर लखनऊ स्थित आईसीएआर संस्थानों के निदेशकगण डॉ. आर. विश्वनाथन, डॉ. टी. दामोदरन सहित एनबीएफजीआर के समस्त वैज्ञानिक एवं विभिन्न अनुभागों के प्रभारी उपस्थित रहे।

बूथ अध्यक्ष ही भाजपा के सेनापति

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर बूथ अध्यक्ष सम्मेलन रविवार को सिटी मांटेसरी स्कूल की गोमती नगर विस्तार शाखा में आयोजित हुआ। बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में अतिथियों ने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर सभी ने उनके और महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यअतिथि व भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में बूथ अध्यक्ष ही पार्टी के सेनापति और राजदूत हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ कैसे काम करना है यूपी की परिस्थितियों को समझ कर सभी को कैसे सक्रिय करना है, यह बहुत अनुभव है और अनुभव में सबसे बड़ा अनुभव है कि जब मैं पहली बार उत्तर प्रदेश आया कि पार्टी के बहुत वरिष्ठ नेता ने मुझको समझाया उस बात को मैं आप सबके साथ साझा करता हूं उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में संगठन का कार्य करने के लिए आए हो जितना तुम नीचे जाओगे उतना भारतीय जनता पार्टी का संगठन समझ में आएगा और जब मैंने प्रभास करना शुरू किया तो मुझे समझ में आया कि संगठन के कार्यकर्ताओं की एक

- भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने अम्बेडकर को दी पुष्पांजलि

बहुत बड़ी ताकत है जिसका समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है। और जब मैं नीचे गया तो बूथ लेवल तक के कार्यकर्ता की मेहनत से प्रदेश का संगठन देश में अहम भूमिका में हैं। यही वजह है आज नमो ऐप, विकसित भारत एम्बेसडर जैसे हर अभियान में उत्तर प्रदेश में देश के प्रथम स्थान पर है।भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे ज्यादा कार्यकर्ताओं वाली और सबसे ज्यादा सांसदों वाली सबसे ज्यादा विधायकों वाली सबसे ज्यादा राज्यों में सरकार वाली पार्टी सबसे ज्यादा सक्रिय कार्यकर्ताओं वाली पार्टी और जो संगठन का एक स्वरूप दिखाई देता है आज केवल देश ही नहीं दुनिया की हर व्यक्ति समझना चाहता है कि भारत के अंदर काम करने वाली भारतीय जनता पार्टी का संगठन कैसे इतना बड़ा संगठन बना है। 24 घंटे के अंदर सूचना मिलते ही अपने काम को पूरा करने की क्षमता रखने वाले एक बड़े कार्यकर्ताओं की टीम तैयार है । देशभर में लोकसभा के चुनाव चल रहे हैं और चुनाव के लिए सभी सोचते हैं कि चुनाव जीतना है चुनाव के माध्यम से ही हम अपने संगठन का विस्तार करते हैं और जब चुनाव हम जीत कर आते हैं तो आपकी नीति और कार्य शैली से समाज में आपकी स्वीकार्यता बढ़ती है। चुनाव के साथ आप जिस विचारधारा को लेकर चल रहे हैं कुछ विचारधारा को आम जनता तक पहुंचाने का काम हमने किया है और समाज हमारे नेतृत्व को स्वीकार कर रहे हैं।पिछले 10 वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने सभी वर्गों और सामाज को समान रूप से योजनाओं को लाभ देने का कार्य किया है। हमने पिछले 10 वर्षों में अपनी विरासत को भी आगे बढ़ने का कार्य किया है। भारत माता की जय सिर्फ एक नारा नहीं है इसका अर्थ है कि हमारा एक लक्ष्य है कि दुनिया के अंदर भारत माता की जयकार हो भारत जहां पर खड़ा हो सम्मान के साथ खड़ा हो कहीं पर भी भारत की चर्चा हो तो गर्व के साथ भारत की चर्चा हो। आज इन 10 वर्षों के अंदर एक नया भारत, एक विश्व गुरु भारत और एक नया समाज बनाने के परिवर्तन की प्रक्रिया चली है।

बीबीएयू में भीम वॉक का आयोजन

लखनऊ, चसं। बाबा साहब भीमराव आंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय में रविवार को बाबा साहब की जयंती के साथ विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह के आयोजन का दूसरा दिन रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय परिसर में भीम वॉक के साथ हुई। वही शाम को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया।

इसमें मुंबई से आए गायक अभिजीत सावंत ने बाबासाहब के जीवन पर आधारित गीत प्रस्तुत किये।

आवश्यकता

आवश्यकता है ऐसे डी.टी.पी. ऑपरेटर की, जो समाचार पत्र, पत्रिका के पेज बनाने, फोटोशॉप में काम करने तथा कम्प्यूटर में पारंगत हो, वेतन-योग्यतानुसार।

सम्पर्क करें :- 9335322739, 8881992262

उमा इन्फ्राटेक

लखनऊ में कामर्शियल/रेजीडेन्शियल भवन, भूखण्ड, फ्री होल्ड प्लॉट, एग्रीकल्चर जमीन खरीदने एवं बेचने के लिए सम्पर्क करें।

ऑफिस पता-डी-206-सी, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।

मो.-8604000050, 9415007197

देश-विदेश डायरी

मानसिक रोगी था सिडनी के मॉल में चाकूबाजी करने वाला शख्स, 6 की मौत, पुलिस ने किया गिरफ्तार

सिडनी, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में शनिवार को मॉल में सिरफिरे शख्स की ओर से की गई चाकूबाजी में छह लोगों की मौत हो गई थी। हत्या करने वाले शख्स की पहचान कर ली गई है। वह मानसिक रोगी था। पुलिस ने कहा है कि ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है कि हमले के पीछे किसी विचारधारा से प्रेरित कोई मकसद हो। न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने कहा कि हमलावर की पहचान 40 वर्षीय जोएल काची के रूप में हुई है। वह पड़ोसी राज्य क्वींसलैंड का रहने वाला था। क्वींसलैंड पुलिस ने परिवार से हमले के बाद पूछताछ की थी। हत्याओं की खबरें देखने के बाद काउची के परिवार ने उसे पहचान लिया और पुलिस से संपर्क किया था। क्वींसलैंड पुलिस के सहायक आयुक्त रोजर लोवे ने कहा कि जब परिवार ने टीवी पर घटना की फुटेज देखी, तो उन्हें लगा कि यह उनका बेटा हो सकता है और वे अधिकारियों के पास पहुंचे। परिवार ने कहा कि वे उसके कार्यों से बहुत आहत हैं। परिवार ने कहा है कि जोएल की हरकतें वाकई भयावह थीं और हम अब भी समझने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या हुआ था। वह किशोरावस्था से ही मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहा था। वहीं, हमलावर को मार गिराने वाली इंस्पेक्टर एमी स्काट की प्रशंसा की गई है। जब हमला हुआ था स्काट माल में ही थीं। अगर उन्होंने उसे नहीं रोका होता तो और लोगों की जान जा सकती थी। रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि वह अधिकारी निश्चित रूप से नायक थी, जिनकी वजह से कई अन्य लोगों की जान बच गई।

ईरान के हमले बाद इजराइल में भारतीय दूतावास ने अपने नागरिकों के लिए जारी की नई एडवाइजरी

तेल अवीव, एजेंसी। इजराइल में भारतीय दूतावास ने ईरान के हमलों के बाद अपने नागरिकों के लिए रविवार को एक नया ''महत्वपूर्ण परामर्श जारी कर उन्हें शांतचित्त रहने और सुरक्षा प्रोटोकॉल के पालन की सलाह दी। ईरान ने एक अप्रत्याशित कदम उठाते हुए शनिवार को इजराइल पर हमला कर दिया और उस पर सैंकड़ों ड्रोन, बैलेस्टिक मिसाइल तथा क्रूज मिसाइल दागीं। सीरिया में एक अप्रैल को हवाई हमले में ईरानी वाणिज्य दूतावास में दो ईरानी जनरल के मारे जाने के बाद इसने बदला लेने का प्रण लिया था। भारतीय दूतावास ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किए 'महत्वपूर्ण परामर्श में कहा, ''क्षेत्र में हाल की घटनाओं के मद्देनजर इजराइल में सभी भारतीय नागरिकों को शांत रहने और स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा जारी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी जाती है। उसने कहा, ''दूतावास स्थिति पर करीबी नजर रख रहा है और वह हमारे सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इजराइली प्राधिकारियों तथा भारतीय समुदाय के सदस्यों के संपर्क में है। उसने भारतीय नागरिकों से पहले से उपलब्ध एक लिंक के जरिये दूतावास के साथ पंजीकरण कराने का भी अनुरोध किया है। भारतीय दूतावास ने ईरान द्वारा प्रतिशोध में हमला किए जाने की बढ़ती आशंका के बीच शुक्रवार को भी एक परामर्श जारी कर अपने नागरिकों को ''अनावश्यक यात्रा करने से बचने, शांत रहने और स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा जारी सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालनश् करने की सलाह दी थी। यह पहली बार है कि इस्लामिक देश ईरान ने अपनी सरजमीं से यहूदी देश पर हमला किया है। इजराइल पर सैकड़ों मिसाइल दागे जाने के बावजूद किसी भी देश ने अभी तक अपने नागरिकों को बाहर निकालने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है। अमेरिका समेत उनमें से कुछ देशों ने परामर्श जारी किए हैं।

इजराइल, ईरान हमले में ब्रिटेन की एंट्री, पीएम सुनक ने मीडिया के सामने किया ईरान के ड्रोन मारने का दावा

लंदन, एजेंसी। ईरान ने शनिवार देर रात इजरायली क्षेत्र पर सैकड़ों मिसाइलों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इसी बीच ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने रविवार को दावा करते हुए कहा कि हमारे फाइटर जेट्स ने ईरान के कई ड्रोन को मार गिराया। यह ड्रोन ईरान ने इजरायल पर दागे थे। साथ ही सुनक ने दोनों देशों के बीच संघर्ष को बढ़ने से बचने के लिए शांत रहने का आह्वान किया। पीएम सुनक ने मीडिया से बात करते हुए कहा, मैं पुष्टि कर सकता हूं कि हमारे विमानों ने कई ईरानी ड्रोनों को मार गिराया है। अगर यह हमला सफल रहा तो क्षेत्रीय स्थिरता पर पड़ने वाले दुष्परिणामों को कम करके आंकना कठिन होगा। हम इजरायल और उसके क्षेत्र की सुरक्षा के पक्ष में हैं, जो निश्चित रूप से घरेलू स्तर पर हमारी सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है। अब हमें शांति बनाए रखने की जरूरत है।÷